रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,905.30 | +102.44 |
| डॉलर | 83.906 | +0.141 |

**रांची सर्राफा**

| 10 ग्राम | 01 किलो |
|---|---|
| 71,720 | 92,000 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



भाद्रपद कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 22 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 200, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह का...

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

वीर शहीद नीलांबर पीतांबर
की धरा से लातेहार, पलामू
और गढ़वा की बहनों को
खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री

सम्मान राशि का
करेंगे हस्तांतरण

पलामू प्रमंडल (लातेहार, पलामू और गढ़वा)
की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है

केवल 2 सप्ताह में 45 लाख निबंधन

अब तक 43 लाख बहनों
का आवेदन स्वीकृत

31 अगस्त से पहले सभी बहनों
के खातों में होगी एक हजार रुपये
की सम्मान राशि (पहली किस्त)

सितंबर से हर महीने की
15 तारीख को हर बहन के खाते में
बिना देर पहुँचेगी सम्मान राशि

झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना

हर बहना को
हर साल
₹ 12 हजार



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 333364 (Women, Child Development & Social Security) 2024-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### सुदेश महतो ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने विधायक निधि से लुपंग पंचायत अंतर्गत भोलवा टुंगरी में 200 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि ग्रामीणों की हर समस्या का समाधान करना हमारा नैतिक जिम्मेदारी है। सिल्ली विधानसभा विकास के रास्ते पर अग्रसर है। तत्पश्चात उन्होंने वृक्षारोपण भी किया साथ ही साथ आए हुए जनप्रतिनिधि समेत उपस्थित लोगों ने भी नीम, पीपल और बरगद समेत अन्य वृक्षों का रोपण किया। मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव जयपाल सिंह, रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बीणा चौधरी, क्षेत्रीय प्रभारी लक्ष्मण महतो, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### डॉ परमेश्वर भगत ने खेल प्रेमियों में फुटबाल और जर्सी का वितरण किया

**मांडर/बेडो।** पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने आज मांडर के बोबरो और बेड़ो के तुतलो खेल मैदान में फुटबाल और जर्सी का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने खेल की महत्वता पर जोर देते हुए युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित किया। वितरण कार्यक्रम में स्थानीय खेल संघ के सदस्य और युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। डॉ भगत ने अपने संबोधन में कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने खेल सामग्री प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनकी मेहनत की सराहना की। उन्होंने खेल की सुविधाओं को बेहतर बनाने का आश्वासन भी दिया। फुटबाल और जर्सी वितरण के इस आयोजन से खेल प्रेमियों में उत्साह और उमंग की लहर दौड़ गई।

### माहेश्वरी समाज के लिए खास कजली तीज आज

**रांची।** हिन्दी कैलेंडर के अनुसार भादो तृतीय कजली / सातूड़ी तीज माहेश्वरी समाज के लिए खास त्यौहार। हरियाली तीज से सुहागन महिला एवं कुवारी लड़कियां हाथो में मेहंदी रचा, झूला सजा, तीज के गीत, डांस के साथ शुरू करती है सिंधारा का प्रोग्राम। गेहूं आटा, बेसन, चावल आटा, मैदा से बनाकर ड्राई फ्रूट्स से सजा कर घर में ही मिठाई बनाई जाती है जिससे सत्तू या पिंडा कहा जाता है। तीज के पहले दिन नवविवाहित के लिए पहली तीज स्पेशल होती है इस दिन पीहर ससुराल से गिफ्ट्स मिलते है` तीज के दिन भर उपवास कर शाम को महिलाये सोलह श्रृंगार कर एकत्रित होकर नीमरी माता जो की मिट्टी की पाल बनाकर नीम की डाली लगाकर बनाई जाती है पूजा कर सुहागन पति की लम्मी आयु, घर परिवार की सलामती और कुमारी लड़कियां अच्छे घर वर की कामना कर चन्द्रमा को अर्घ देकर सिर्फ फ्रूट्स और मिठाई वाली सत्तू प्रसाद रूप ग्रहण करती है।

भारत बंद का खलारी कोयलांचल में रहा व्यापक असर

# आदिवासी संगठनों ने सुबह से प्रदर्शन कर बंद कराईं दुकानें



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
क्रीमीलेयर के आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ कई दलित और आदिवासी संगठनों द्वारा आहूत भारत बंद का खलारी में व्यापक असर रहा। खलारी में एससी एसटी ओबीसी एकता मंच सहित कई सामाजिक संगठन व राजनीतिक पार्टियों ने इस बंद का समर्थन किया। खलारी के मुख्य बाजार केडी रोड, डकरा मेन रोड सहित खलारी शहीद चौक, स्टेशन रोड, खलारी बाजारटांड़, धमधमिया आदि की आवश्यक सेवा को छोड़ सभी दुकानें पूरे दिन बंद रही। मोटरसाइकिल व चारपहिया वाहनों पर सवार बंद समर्थकों की टोली सुबह से ही सीसीएल क्षेत्र में घूम घूमकर बंद करा रही थी। बंद समर्थक एनके एरिया के परियोजनाओं में कोयला खदान में जाकर भी काम बंद कराए। परंतु बंद समर्थकों के जाते ही काम काज सामान्य हो गया। करीब साढ़े दस बजे बंद समर्थकों की टोली केडी बाजार पहुंची। छिटपुट खुली दुकानों को बंद करा दिया गया। इधर मंगलवार से ही सीसीएल क्षेत्र में बिजली बाधित रहने के कारण डकरा साइडिंग का कोयला ट्रांसपोटिंग बंद है। इसलिए कोयला ट्रांस्पोटिंग रोकने के लिए बंद समर्थकों को कोई मशक्कत नहीं करना पड़ा। बंद समर्थकों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण का वर्गीकरण किए जाने के फैसले को केंद्र सरकार की साजिश करार दिया। सड़क पर उतरे लोग इस फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे थे। दोपहर में राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन खलारी अंचल अधिकारी को सौंपा गया। खलारी थाना पुलिस क्षेत्र में शान्ति पूर्ण बंद के लिए गश्त करती दिखी।

बेड़ो के कई इलाकों में बंद का मिलाजुला असर

## नहीं चलीं लंबी दूरी की बसें



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड के बेड़ो एवं नरकोपी में 14 घंटे के भारत बंद का व्यापक असर देखा गया। कई इलाकों में बंद का मिला-जुला असर रहा। भीम आर्मी या झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं और बंद समर्थकों को बंद करने के लिए सड़क पर उतरने नहीं देखा गया। बेड़ो के महावीर चौक, गुमला रोड, बाजार टांड़ में होटल पूरी तरह बंद रहे जबकि गल्ला-किराना की दुकान खुली रही। लंबी दूरी की बसें नहीं चली। शाम 4:00 बजे ट्रकों का परिचालन भी शुरू हो गया। बंद के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद थी। कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। सिटी राइड नहीं चले लेकिन निजी वाहनों का परिचालन सुबह से शाम तक होता रहा। बेडो. के अलावे तुको में भी बंद का मिला-जुला असर देखा गया। बेड़ो और रांची के बीच चलने वाली सिटी राइड का परिचालन नहीं हुआ। रांची और गुमला तथा रांची से रायपुर छत्तीसगढ़ चलने वाली वाहनों का दिन में परिचालन ठप्प रहा। लेकिन रात में रायपुर छत्तीसगढ़ चलने वाली यात्री बसें चलनी शुरू हो गई थी।

## न्यूज बॉक्स

### क्षेत्र में शांति बहाल रखना मेरी प्राथमिकता : दिनेश ठाकुर



सिल्ली। नए प्रभारी के रूप में सिल्ली थाना में दिनेश ठाकुर ने अपना योगदान बुधवार को दिया। बताते चले कि पूर्व में गोंदा थाना में पदस्थापित थे। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र में शांति बहाल करना एवं ग्रामीणों के साथ दोस्ताना व्यवहार करते हुए उनकी समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। बताते चले की सिल्ली थाना में पद स्थापित मोहित कुमार थे जिनका स्थानांतरण रांची जगुवार में हुआ है।

### लापुंग में भारत बंद का मिलाजुला असर



**लापुंग।** भीम सेना/भीम आर्मी के द्वारा एससी - एसटी आरक्षण में क्रिमी लेयर लागू करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ आहूत बुलाई गई बंद का असर लापुंग में मिलाजुला रहा। लापुंग प्रखंड मुख्यालय के चौक चौराहों में दुकानें व व्यवसायिक प्रतिष्ठान खुली रहे। लंबी दुरी के यात्री बस एवं अन्य वाहनों का परिचालन नहीं हुआ। लापुंग सहित ककरिया, दोलैचा, लालगंज, फतेहपुर दानेकेरा, महुंगाव में भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले रहे। बंद के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस पार्टी, भीम आर्मी, भीम सेना के कार्यकर्ता बंद करने के लिए सड़क पर नहीं उतरे। सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। यात्री बसों के परिचालन नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। प्रखंड मुख्यालय खुले परंतु प्रखंड मुख्यालय में भी सन्नाटा छाया रहा। भारतीय स्टेट बैंक और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक खुले रहे। कुछ सामान्य कामकाज भी हुआ। बंद को लेकर लोगों में सुबह से शाम तक उहापोह स्थिति बनी रही। सरकारी स्कूल खुले रहे। ककरिया में कुछ व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद थे। जबकि अधिकांश व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले रहे। ककरिया में सड़कों में चहल-पहल देखी गई।

### सिल्ली भाजपा मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**सिल्ली।** सिल्ली भाजपा मंडल अध्यक्ष का निधन के पश्चात तत्कालीन रांची जिला अध्यक्ष ग्रामीण द्वारा नये मंडल अध्यक्ष के लिए समाधान कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस बैठक में नियमतः मंडल अध्यक्ष पद हेतु तीन नामों का प्रस्ताव रखा गया था परंतु इस प्रस्ताव को दरकिनार करते हुए तीन नामों के अलावे चौथा व्यक्ति को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। इस चयन के विरुद्ध कार्यकर्ताओं में आक्रोश के साथ ही निराशा भी हैं। इसको लेकर कार्यकताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबु लाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सांसद सह प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, रांची जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) धीरज महतो को प्रतिवेदन दिया और उन्होंने मांग किया कि अध्यक्ष पद पर अंबुज रजक को हटाया जाए। तत्पश्चात इन सबों को आश्वस्त करते हुए कहा गया कि इसपर यथाशीघ्र साकारात्मक पहल किया जाएगा।

### जीई पेपर के मॉडल प्रश्नपत्र की मांग करेगा जेसीएम

रांची। झारखंड छात्र मोर्चा ने स्नातक सत्र 2017-20 और 2018-21 के लिए जेनरिक इलेक्टिव (जीई) पेपर की विशेष परीक्षा लेने के रांची विश्वविद्यालय के निर्णय का स्वागत किया है। अध्यक्ष अमन तिवारी ने कहा कि छात्र मोर्चा सभी छात्रों की काउंसलिंग कराकर परीक्षा देने की अपील करेगा। साथ ही विश्वविद्यालय से मॉडल प्रश्नपत्र देने की मांग करेगा। सचिव असद फेराज ने कहा कि विवि की भी जिम्मेदारी है कि इन छात्रों को विशेष मामले की तरह लेते हुए समुचित समाधान करे। रांची विश्विद्यालय के इन सत्रों के सिलेबस में जेनरिक 2 का कोई प्रावधान नहीं था। बाद में विश्वविद्यालय ने इसकी विशेष परीक्षा ली, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हो गए।

# टीएसपीसी दस्ता के तीन सक्रिय सदस्य गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के बुढ़मू थाना पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के कमांडर दिवाकर गंझु उर्फ प्रताप दस्ता के तीन सक्रिय सदस्यों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में प्रकाश गंझु, राहलु लहरी और मोनू कुमार बड़ाईक शामिल है। इनके पास से एक देशी कारबाइन, एक मैगजीन, दो बाइक, 11 पीस नक्सली पर्चा , गोली रखने का चार पाउच, चार मोबईल फोन और एक मिस फायर गोली बरामद किया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि दामोदर नदी के किनारे बड़कागांव, केरेडरी एवं बुढ़मू थाना की सीमा पर स्थित छापर गांव में सीसीएल का बन्द पड़ा क्वार्टर के सुनसान स्थान के पास टीएसपीसी कमांडर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप दस्ता के पांच सक्रिय सदस्य एकत्रित हुए है, जो रंगदारी वसूलने एवं किसी बड़े घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है। सूचना के बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने उक्त स्थान पर छापेमारी की। पुलिस बल को देखते ही टीएसपीसी के दस्ता सदस्य भागने का प्रयास किये। लेकिन पुलिस टीम ने तीन को दबोच लिया । जबकि दो नक्सली जंगली क्षेत्र होने का फायदा उठा कर भागने में सफल रहे। पकड़ाये नक्सलियों के पास से हथियार बरामद किया गया है। गिरफ्तार टीएसपीसी नक्सलियों द्वारा बताया गया कि मार्च 2024 में बड़कागांव थाना क्षेत्र के पतरा बालु यार्ड में दिवाकर गंझू के साथ मिलकर संगठन के लिये लेवी वसूली को लेकर फायरिंग किये थे तथा काम बंद करवाये थे।

## सुकरा महादेव मंदिर में महाभंडारे का आयोजन



**रांची।** रातू क्षेत्र के सिमलिया नयाटोली सुकारा महादेव मंदिर में सावन की अंतिम सोमवारी व सावन पूर्णिमा के अवसर पर महाभंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर विकास समिति के मास्टर सेन दत्ता एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सुकरा महादेव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने दूध व जल से शिवलिंग का जलाभिषेक कर फल-फूल, बेलपत्र आदि चढ़ाया। पूजा के दौरान बोल बम, हर हर महादेव के जयकारे से शिवालय गुंजायमान रहा। लोगों ने अपने परिवार व क्षेत्र की सुख- समृद्धि की कामना की। अंतिम सोमवारी के उत्सव पर महाभंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें पूड़ी ,सब्जी व खीर परोसा गया। इस तरह का आयोजन होते देख क्षेत्र के लोग काफी उत्साहित दिखे। भंडारे को सफल बनाने में मुख्य रूप से मामा जी, शिक्षक सेन दत्ता,कमलेश ठाकुर, मुन्ना वर्मा, रवि प्रजापति, संजय गोप, पप्पू तिवारी, रंजीत कुमार, धनंजय गोप, रामबच्चन, अनिल गुप्ता, सहानन्द, बबलू साहू के साथ अन्य बाबा के भक्त शामिल रहे।

## युवा आक्रोश रैली से पूर्व खलारी भाजपा ने निकाला मशाल जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
वर्तमान झारखंड सरकार के विरोध में कल आहूत युवा आक्रोश रैली से पहले बुधवार शाम खलारी भाजपा द्वारा केडी हिन्दूगढ़ी चौक में मशाल जुलुस निकाला गया। इसकी अध्यक्षता खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू ने की। मशाल जुलूस अंबेडकर चौक केडी बाजार होते हुए केडी ओल्ड कांटा घर के पास जाकर समाप्त हो गया। इससे पूर्व डकरा वीआईपी सभागार में बैठक हुई। बैठक के दौरान नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू को उपस्थित कार्यकर्ताओ के द्वारा स्वागत किया गया। इसके उपरांत युवा आक्रोश रैली पर विस्तार से चर्चा हुई.। साथ ही हेमंत सरकार के विरोध में 23 अगस्त को रांची में आयोजित युवा आक्रोश रैली में हजारों की संख्या में कार्यकताओं के शामिल होने का निर्णय लिया। इस मौके पर अस्थायी प्रभारी के रूप में जगलाल महतो उपस्थित थे। बैठक का संचालन रामसूरत यादव ने किया। मशाल जुलूस में अरविन्द सिंह, फुलेश्वर महतो, शशिप्रसाद साहु, श्यामसुन्दर सिंह, रामसूरत यादव, भरत रजक, भोला गंझू, अनिल तुरी, अजयकुमार तुरी, राधेश्याम प्रसाद, मनोज सिंह, प्रियंका देवी, सुनीता देवी, कुंती देवी, सीमा कुमारी, ममता देवी आदि शामिल थे।

# ऐतिहासिक होगी भाजपा की जनाक्रोश रैली : बलराम सिंह

*भाजपा के बलराम सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होकर काम करने की जरूरत है*



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो भाजपा मंडल के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में क्रमशः 23 अगस्त को आयोजित होने वाले जनाक्रोश रैली तथा 25 अगस्त आयोजित प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बेड़ो भाजपा मंडल के अध्यक्ष बलराम सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन मीडिया प्रभारी मनोज कुमार साहु ने किया। बैठक के दौरान जनाक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। बलराम सिंह ने कहा कि भाजपा की जनाक्रोश रैली ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि अब बेड़ो प्रखंड में नई ऊर्जा के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं को झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। बैठक के दौरान अलग-अलग पंचायत के प्रभारी बनाकर जनाक्रोश रैली को सफल बनाने की जिम्मेवारी सौंपी गई। इस मौके पर महादेव कुजूर, चंद्र किशोर उरांव, जगन्नाथ भगत, भीखा उरांव, चारो उरांव, रमेश भगत,बन्नू भगत,बिरसा उरांव, रवि शंकर प्रसाद, रंजन कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार साहु, करुणानिधि, गणेश राम महथा, दुबराज सिंह, धनेश्वर साहु, विश्वनाथ बडाईक, प्रदीप राम, मनोज बडाईक, धनंजय सिंह, शंकर गोप, जीतराम महतो सहित विभिन्न पंचायतों के प्रभारी मौके पर मौजूद थे। मीडिया प्रभारी मनोज कुमार साहु ने कहा कि 25 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है।

## पांच दिनों से बंद है 25 हजार आबादी की जलापूर्ति

### ठप पड़ा है खलारी के बुकबुका का 5.5 एमएलडी वाटर फिल्टर प्लांट



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी के पांच पंचायतों की करीब 25 हजार आबादी की जलापूर्ति मात्र एक बैरिंग के खराब हो जाने से विगत पांच दिनों से ठप है। खलारी प्रखंड के बुकबुका महावीरनगर में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का 5.5 एमएलडी का वाटर फिल्टर प्लांट है। इस प्लांट का संचालन बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना की कमेटी करती है। परंतु दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि करोड़ों के लागत से निर्मित इस प्लांट से कभी भी लोगों को प्रतिदिन नल से पानी नहीं मिल सका। साल के चार महीने सपही नदी में पानी नहीं होने का कारण बताकर जलापूर्ति बंद रखा जाता है। अब जब की नदी में पर्याप्त पानी है तब तकनीकी कारण का हवाला दिया जा रहा है। बताया गया कि करंजतोरा स्थित संप मोटर व पंप को जोड़ने वाली बियरिंग में खराबी आ गई है। पंप व मोटर का दो सेट लगा है। ताकि एक के खराब होने पर दूसरे से जलापूर्ति जारी रखा जा सके। परंतु प्रबंधन का इतना बुरा हाल है कि एक ही समय दोनो पंप मोटर खराब बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 7316 नंबर की एक बियरिंग खराब है जो रांची के बाजार में भी नहीं मिल रही है। कहा गया कि रांची के किसी दुकानदार ने आर्डर करने के बाद दो दिनों में बाहर से मंगाने की बात कही है। इसकी कीमत करीब 25 हजार रूपए बताई जा रही है। प्लांट के स्टोर में केमिकल के अलावा आवश्यक स्पेयर्स नहीं है। संचालन समिति उपभोक्ताओं द्वारा जलशुल्क नहीं मिलने से पैसे की कमी का हवाला देती है। ऐसी तकनीकी खराबी को ठीक करने के लिए एक अनुभवी तकनीशियन भी नहीं है। फिल्टर प्लांट आपरेट करने वाले कर्मी ही अपने अनुभव के आधार पर बियरिंग बदलने में लगे हैं। उधर फिल्टर प्लांट में पानी सफाई की यांत्रिक विधि गियर का दांता खराब होने से पहले से ही बंद है। केवल केमिकल के भरोसे नदी के पानी की सफाई की जा रही है।

### संस्कृत श्लोकों को कला के माध्यम से प्रस्तुत करना प्रभावशाली तरीका : धनंजय

**रांची।** संस्कृत सप्ताह के छठे दिन बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में एक अत्यंत प्रभावशाली पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यह आयोजन केवल एक शैक्षिक क्रिया नहीं, बल्कि छात्रों में संस्कृत भाषा और उसकी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के प्रति गहन सम्मान उत्पन्न करने के लिए किया गया एक विशेष प्रयास था। इस प्रतियोगिता ने छात्रों की सृजनशीलता को प्रोत्साहित करते हुए संस्कृत साहित्य में निहित शाश्वत ज्ञान के प्रति उनकी अभिरुचि को और भी सुदृढ़ किया। संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. धनंजय वासुदेव द्विवेदी ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्कृत श्लोकों को कला के माध्यम से प्रस्तुत करना एक अभिनव और प्रभावशाली तरीका है। यह न केवल श्लोकों की शिक्षा देता है, बल्कि छात्रों को संस्कृत भाषा और संस्कृति के प्रति भी आकर्षित करता है।

## मांडर-चान्हो में बंद रहा असरदार



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर/चान्हो**
एससी-एसटी के आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की फैसले के विरोध में सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित भारत बंद का असर में देखने को मिला। भारत बंद का व्यापक असर चान्हो ओर मांडर में देखा गया। लंबी दूरी की वाहन सड़कों से गायब रही। वहीं ऑटो भी चलते नजर नहीं आए। सुबह के दस बजे से ही बंद का व्यापक असर क्षेत्र में दिखाई देने लगा। ब्रांबे चौक में सड़क में बांस बली लगाकर जाम कर दिया गया। इसके कुछ देर बाद लोगों ने एक टेलर को भी सड़क पर लगा दिया । जिससे सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गई। वहीं दूसरी ओर चान्हो के बीजूपाड़ा में भी शांति के साथ बंद समर्थकों ने लोगों से दुकानों को बंद करने की अपील की । बंद के कारण सरकारी स्कूलों के शिक्षकों, बैंक कर्मियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर सावधानी के तौर पर निजी स्कूलों ने बंद की सूचना पर पहले ही छुट्टी की घोषणा कर दी थी। जिससे बच्चों को परेशानी का सामना करना ना पड़े । चान्हो ओर मांडर पुलिस बंद समर्थकों से निपटने के लिए मुस्तैदी के साथ पूरे दिन सड़क पर मौजूद थे। कुल मिलाकर बंद का असर व्यापक रहा पर शांतिपूर्ण रहा। भारत बंद का समर्थन में झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी ने भी दिया था। क्षेत्र के सभी मुख्य चौक एवं बाजार मे बंद की असर दिखने को मिला।

## ग्रामीणों ने पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत को समस्याओं से कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
बुधवार को मांडर प्रखंड के ग्राम चिगरी में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी मूलभूत समस्याओं को सुना। बैठक में ग्रामीणों ने सड़क की खराब स्थिति, और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी जैसी समस्याएं उठाईं। उन्होंने बताया कि कई गांवों में बिजली की आपूर्ति भी अपर्याप्त है। डॉ. परमेश्वर भगत ने समस्याओं की गंभीरता को स्वीकार करते हुए संबंधित विभागों से बात कर जल्द ही इन समस्याओं के समाधान के लिए योजनाएं बनाई जाएंगी। आगे इन्होंने कहा की मांडर विधानसभा क्षेत्र में बदलाव की राजनीति करनी होगी तभी जाकर हम समस्याओं से उभर पाएंगे। बैठक में समस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर समाधान की योजना पर भी चर्चा की गई। डॉ. भगत ने स्थानीय प्रशासन से इन मुद्दों के शीघ्र समाधान के लिए निगरानी रखने को कहा। बैठक के अंत में ग्रामीणों ने मुख्य रूप से चीगरी एवं डोंगाटोली में स्थापित चुनाव पोलिंग बूथ को स्थानांतरित कर कुरकुरा ले जाने के संबंध में भी अवगत कराए। डॉ. परमेश्वर भगत ने इस समस्या को गंभीरता एवं प्राथमिकता से लेते हुए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जल्द प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,905.30 +102.44

डॉलर 83.906 +0.141

रांची सर्राफा
10 ग्राम 71,720
01 किलो 92,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 22 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 200, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह का...

## मुख्यमंत्री आज पलामू की महिलाओं को देंगे मंईयां सम्मान योजना की सौगात

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के पांच प्रमंडलों की पात्र महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का लाभ देंगे। इसके तहत गुरुवार (22 अगस्त) को पलामू प्रमंडल के मेदिनीनगर में और शुक्रवार (23 अगस्त) को उत्तरी छोटानागरपुर के हजारीबाग में महिलाओं को कार्यक्रम आयोजित कर मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जायेगा। इसके बाद 27 अगस्त को संताल परगना के दुमका, 28 को कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा तथा 30 अगस्त को दक्षिणी छोटानागपुर के रांची में महिलाओं को योजना का लाभ दिया जायेगा। मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य में हर पात्र महिला को साल में 12 हजार रुपये दिये जायेंगे। योजना के तहत 21 अगस्त को शाम तीन बजे तक 42 लाख 85 हजार से ज्यादा आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का कार्यक्रम गुरुवार को चियांकी हवाई अड्डा में अपराहन एक बजे से होगा।



**30** अगस्त तक चार अन्य प्रमंडलों में आयोजित होंगे कार्यक्रम

**42** लाख 85 हजार से भी ज्यादा आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं

### हेमंत संग कार्यक्रम में शामिल होंगे कई मंत्री

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास तथा उद्योग विभाग मंत्री सत्यानंद भोक्ता, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी, कृषि, पशुपालन, सहकारिता विभाग तथा आपदा प्रबंधन मंत्री दीपिका पांडेय सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम में पलामू एवं चतरा सांसद तथा प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के सभी विधायकों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की व्यापक तैयारी पूरी कर ली गई है। विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस जवानों को तैनात कर दिया गया है। पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी तय की गई है। प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा, डीआईजी वाई एस रमेश, पलामू उपायुक्त शशि रंजन सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल में चल रहे तैयारी का जायजा लिया।

### अब नौसेना ढूंढेगी जमशेदपुर से लापता ट्रेनी विमान

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से टेकऑफ करने के बाद से अलकेमिस्ट एविएशन के लापता ट्रेन विमान को रांची से आई एनडीआरएफ की टीम काफी मशक्कत के बाद भी नहीं खोज पाई। अब लापता विमान को खोजने के लिए भारतीय नौसेना मदद करेगी। विशाखापट्टनम से आज रात विशेष विमान से 15 लोगों की टीम, चार हाइड्रोसेलर्स मशीन व अन्य आवश्यक उपकरणों के साथ रांची पहुंचेगी। रांची से फिर यह टीम चांडिल के लिए रवाना होगी। नौसेना की पूरी टीम गुरुवार सुबह से चांडिल डैम में एयरक्राफ्ट की खोज शुरू करेगी। एनडीआरएफ की टीम बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे चांडिल डैम के अंदर घुसी। काफी खोजबीन करने के बाद भी अलकेमिस्ट एविएशन के लापता ट्रेनिंग विमान को नहीं खोज पाई। टीम के हाथ कुछ नहीं लगने पर दोपहर करीब डेढ़ बजे डैम के अंदर टीम बारह निकली।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 29 अगस्त को

**रांची ।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 29 अगस्त को होगी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक शाम चार बजे से शुरू होगी। इस दौरान कई अहम प्रस्तावों पर कैबिनेट से मुहर लगेगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने बुधावार को इसकी सूचना दी है। झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) के मंत्रिपरिषद कक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी।

### आज कल




## सड़क पर उतरे बंद समर्थक




### राज्यभर में जगह-जगह प्रदर्शन, दुकानें बंद कराई, सड़क जाम

नवीन मेल संवाददाता

- प्रदर्शन और जाम के दौरान कहीं से हिंसा की सूचना नहीं
- राज्य में स्कूल-कॉलेज बंद रहे, कहीं-कहीं हाट बाजार खुले

**रांची।** एससी, एसटी आरक्षण के संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने एक अगस्त को एक बेहद महत्वपूर्ण फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 2004 के अपने ही फैसले को बदलते हुए एससी, एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर और उपवर्गीकरण का निर्णय सुनाया। फैसला आने के बाद से ही विभिन्न दल इसका विरोध करने लगे। बुधवार को पूरे देश सहित झारखंड में भी विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता इसके विरोध में बड़ी संख्या में सड़क पर उतरे और परिवहन, दुकानें और व्यावसायिक केंद्रों को बंद करा दिया। बंद का असर स्कूल-कॉलेज से लेकर बाजार तक में दिखा। खबर लिखे जाने तक कहीं से हिंसा की सूचना नहीं है। राजधानी रांची में भीम आर्मी, भाकपा, माले, झामुमो, राजद, आदिवासी छात्र संघ, झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के बैनर तले बंद समर्थक सड़कों पर उतरे और दुकान बंद करवाई और सड़क भी जाम किया। कई जगहों पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया गया। इससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी और अपने कार्यस्थल पर जाने में परेशानी हुई। राज्य के सभी जिलों में ऐसी ही स्थिति देखने को मिली।

मेदिनीनगर, हुसैनाबाद, पांकी, छतरपुर, बिश्रामपुर सहित अन्य इलाकों में सड़क पर उतर कर आंदोलनकारियों ने प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय डालटनगंज में छहमुहान, कचहरी चौक, सदीक चौक, रेडमा चौक को जाम कर दिया गया । झामुमो ने भारत बंद का समर्थन करते हुए रांची के फिरायालाल स्थित अलबर्ट एक्का चौक से जुलूस निकालकर पुराना हाई कोर्ट डोरंडा स्थित बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के निकट शांतिपूर्वक अपना विरोध जताया। इसमें सिसई विधायक जिगा सुशरण होरो एवं तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा शामिल हुए। रामगढ़, कोडरमा, हजारीबाग, दुमका में भी बंद शांतिपूर्ण रहा। लेकिन दिनभर आंदोलनकारी सड़क पर प्रदर्शन करते रहे। जमशेदपुर में भी बंद का असर देखने को मिला।

शेष पेज 09 पर

### राजधानी में भारी संख्या में तैनात रहे पुलिसकर्मी

**रांची।** भारत बंद के मद्देनजर भारी संख्या में अल्बर्ट एक्का चौक सहित मेन रोड के अन्य जगहों पर पुलिस बल तैनात किया गया। बुधवार सुबह से ही को देते रहे। रांची में बंद के दौरान किसी तरह की कोई घटना ना हो। इसके लिए 1500 से ज्यादा फोर्स तैनात किये गये हैं। इनमें रैप, जैप, आईआरबी, जिला बल, झारखंड जगुआर के अलावा क्यूआरटी भी शामिल हैं। रांची में बंद को देखते हुए विभिन्न चौक-चौराहों पर स्टेटिक फोर्स की भी तैनाती की गई है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि बंद को देखते हुए बुधवार की सुबह से ही शहर में सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है।

शेष पेज 09 पर

## 45 सालों में पहली बार भारतीय पीएम पहुंचे पोलैंड

एजेंसी

**वारसॉ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पोलैंड और यूक्रेन की अपनी दो देशों की यात्रा के पहले चरण में बुधवार देर शाम पोलैंड की राजधानी वारसॉ पहुंच गए। पिछले 45 वर्षों में यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली पोलैंड यात्रा है। पीएम मोदी से पहले 1979 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने पोलैंड का दौरा किया था और ऐसा करने वाले वह आखिरी प्रधानमंत्री थे। इन से पहले प्रधानमंत्री के रूप में जवाहरलाल नेहरू ने 1955 और इंदिरा गांधी ने 1967 में पोलैंड की यात्रा की थी। दो दिनों के पोलैंड यात्रा के बाद 23 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन जाएंगे। इससे पहले पीएम मोदी जुलाई के दूसरे हफ्ते में रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर गए थे। वॉरसा एयरपोर्ट पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत किया गया। दो दिवसीय यात्रा के दौरान पीएम मोदी पोलिश राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा और प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। सरकारी सूत्रों के मुताबिक,प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा का मुख्य ध्यान रक्षा और रणनीतिक साझेदारी पर केंद्रित होगा।

**6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है आपसी व्यापार :** प्रधानमंत्री मोदी ने रवाना होने से पहले अपने बयान में कहा था, पोलैंड की मेरी यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब हमारे राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ है। पोलैंड मध्य यूरोप में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार है। लोकतंत्र और बहुलवाद के प्रति हमारी पारस्परिक प्रतिबद्धता हमारे संबंधों को और मजबूत बनाती है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है जो पोलैंड को मध्य और पूर्वी यूरोप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनाता है।

शेष पेज 09 पर




**दस घंटे की ट्रेन यात्रा कर यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचेंगे मोदी :** पोलैंड की यात्रा समाप्त करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ट्रेन से यूक्रेन की राजधानी कीव जाएंगे, जिसमें लगभग 10 घंटे का समय लगेगा। इस यात्रा से भारत और यूक्रेन के बीच निरंतर जुड़ाव को बढ़ावा मिलने की संभावना है और यह दोनों देशों के बीच मजबूत और अधिक जीवंत संबंधों की नींव रखने में सहायक होगी।

### जमशेदपुर पूर्वी से एनडीए प्रत्याशी होंगे सरयू राय

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। सभी पार्टियां अपने-अपने स्तर पर तैयारियां और उम्मीदवारों का चयन करने लगी है। अब एनडीए गठबंधन में सहयोगी जदयू ने घोषणा कर दी है कि जमशेदपुर पूर्वी से पूर्व मंत्री सरयू राय एनडीए के उम्मीदवार होंगे। बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी ने बुधवार को जमशेदपुर के माइकल जॉन ऑडिटोरियम में जदयू मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से सरयू राय एनडीए के उम्मीदवार होंगे। कहा, पिछले विधानसभा चुनाव में तत्कालिन मुख्यमंत्री रघुवर दास को हराने वाले सरयू राय को इस बार उससे दोगुना वोटों से जीतने का संकल्प जदयू कार्यकर्ताओं ने लिया है।



शेष पेज 09 पर

## चंपाई बनायेंगे अपनी पार्टी, समर्थकों ने दी सलाह

नवीन मेल संवाददाता

**सरायकेला।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन अब फ्रंट फुट पर राजनीति के मैदान में उतर गए हैं। दिल्ली से लौटने के बाद उन्होंने बुधवार को अपने पैतृक गांव झिलिंगगोड़ा, महुलडीह तथा हाता क्षेत्र में समर्थकों से मुलाकात के बाद अलग संगठन खड़ा करने की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि आगामी सात दिन के भीतर पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी। बीते मंगलवार को दिल्ली से वापस आने के बाद देर रात से उनके आवास पर समर्थकों का जमावड़ा लगा हुआ था। दिल्ली से लौटने के बाद उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि बहुत जल्द पता चल जाएगा कि वे क्या करने वाले हैं।



बुधवार की सुबह भी बड़ी संख्या में समर्थक उनके आवास पर पहुंचे थे। समर्थकों से बातचीत के बाद चंपाई सोरेन अलग-अलग जगहों पर जाकर भी समर्थकों से मिल रहे हैं। अलग संगठन खड़ा करने की घोषणा के बाद ऑफ द रिकॉर्ड चंपाई सोरेन ने कहा कि सीएम बनने के बाद जिस तरह से अपमानित किया जा रहा था, उसको बयां नहीं किया जा सकता है। चंपाई सोरेन का गुस्सा सीधे तौर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लेकर था।

शेष पेज 09 पर

### चंपाई का एस्कॉर्ट वाहन दुर्घटनाग्रस्त, 1 की मौत

सरायकेला। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का एस्कॉर्ट वाहन ( संख्या जेएच 22अ/1084 ) दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। बताया जाता है कि सरायकेला-खरसावां जिले के जिलिंगगोड़ा में मंगलवार देर रात करीब दो बजे पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को ड्रॉप करने के बाद एस्कॉर्ट वाहन लौट रहा थी। इसी दौरान सरायकेला-कांड्रा मुख्यमार्ग पर मुड़िया के पास अज्ञात वाहन से टकरा गया। एस्कॉर्ट वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलते ही ग्रामीण वहां पहुंचे। प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद अधिकारी और पुलिस की टीम वहां पहुंची।

शेष पेज 09 पर

### पूर्व डीसी छवि रंजन को बेल पर अभी जेल से मुक्ति नहीं

**रांची।** जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को बुधवार को राहत मिल गयी। हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिली है। चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन के फजीर्वाड़े से जुड़े मामले में उनकी ओर से दायर जमानत याचिका पर अदालत ने फैसला सुनाया। हालांकि एक अन्य मामले में संलिप्तता के कारण अभी वे जेल में ही रहेंगे।

**लैंड स्कैम में हुए थे गिरफ्तार :** आईएएस छवि रंजन को रांची में हुए आर्मी लैंड स्कैम मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया गया है। ईडी को अपने जांच के दौरान पावर ब्रोकर के रूप में

शेष पेज 09 पर

## इंडिया | भारतबंद बांग्लादेश भारत और आरक्षण का भय



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

बांग्लादेश निर्माण के लिए संघर्ष करने वाले परिवारों के लिए पीढ़ी दर पीढ़ी मिलने वाले 30 प्रतिशत आरक्षण को हटाने की मांग को लेकर हुए हिंसक आंदोलन को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के कारण नहीं संभाल पाने के कारण 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना को त्याग पत्र देकर देश भी छोड़ना पड़ा ।भारत पहुंची शेख हसीना के साथ यहां के नेताओं के पास एक आइडिया भी पहुंच गया कि इन्हीं परिस्थितियों का लाभ उठाकर इस मुद्दे को सुलगाया जाए ।जबकि पीएम नरेंद्र मोदी ने 9 अगस्त को संसद भवन में उनसे मिलने आए 100 दलित सांसदों को यह आश्वासन दिया था कि अनुसूचित जाति और जनजातियों के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जाएगा और देर शाम केंद्र ने इसकी घोषणा भी कर दी थी।जबकि सुप्रीम कोर्ट ने 1 अगस्त को 20 साल पुराना अपना ही फैसला पलटा था । मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बेला त्रिवेदी, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की सात जजों की बेंच के छह न्यायाधीशों ने एससी-एसटी आरक्षण में उप-वर्गीकरण के पक्ष में फ़ैसला सुनाया था , जबकि एक न्यायाधीश ने इसका विरोध किया था ।फ़ैसला सुनाते समय यह सुझाव भी दिया गया था कि अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आरक्षण में क्रीमी लेयर का प्रावधान होना चाहिए और यह अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी वर्ग पर लागू क्रीमी लेयर के प्रावधान से अलग होना चाहिए.इस निर्णय के कई पहलुओं की ओर लोगों का ध्यान गया है कि क्या अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर देने की जरूरत है ?संविधान पीठ के सदस्य बीआर गवई ने इस बारे में कहा, "सरकार को अन्य पिछड़ा वर्ग की तरह अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए क्रीमी लेयर लागू करने के लिए कुछ मानदंड तय करने चाहिए। ओबीसी और अनुसूचित जनजाति के लिए मानदंड अलग-अलग हो सकते हैं।"उन्होंने कहा कि संविधान में दिए गए समानता के सिद्धांत को स्थापित करने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण हो सकता है। हालांकि क्रीमी लेयर के मानदंड क्या होंगे, इस पर उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की ।जस्टिस पंकज मित्तल ने एक मानदंड का उल्लेख किया जिसका उपयोग अनुसूचित जनजातियों के बीच क्रीमी लेयर का निर्धारण करते समय किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''अगर एक छात्र सेंट स्टीफंस या किसी अन्य शहरी कॉलेज में पढ़ रहा है और एक छात्र ग्रामीण इलाके के स्कूल या कॉलेज में पढ़ रहा है, तो इन दोनों छात्रों को एकसमान नहीं माना जा सकता है। अगर एक पीढ़ी आरक्षण का लाभ लेकर आगे बढ़ी है तो अगली पीढ़ी को आरक्षण नहीं मिलना चाहिए।"

जस्टिस विक्रम नाथ ने भी कहा, "अन्य पिछड़े वर्गों की तरह, क्रीमी लेयर का प्रावधान अनुसूचित जाति और जनजाति पर भी लागू होना चाहिए लेकिन मानदंड अलग होने चाहिए।" जबकि जस्टिस सतीशचंद्र शर्मा ने कहा कि एससी/एसटी समुदायों के लिए 'क्रीमी लेयर' निर्धारित करने के लिए एक संवैधानिक आदेश की आवश्यकता है ।भारत बंद शांतिपूर्ण हो तो संविधानसम्मत है पर कई स्थानों से तोड़फोड़ और हिंसा के प्रयासों के समाचार हैं । विकासशील भारत को विदेशों की तरह सांकेतिक विरोध के विकल्पों पर भी विचार करना चाहिए और अपने अभी भी वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर एससी/एसटी समुदाय के बच्चों के लिए भी सोचना चाहिए ।वोट गंवाने के डर से सभी पार्टियों और बुद्धिजीवियों तक ने चुप्पी साध रखी है पर वंचित लोगों के प्रति विचारधारा बुलंद होनी चाहिए न कि जबरन भारत बंद किया जाना चाहिए ।गरीब और पिछड़े मूक अनुसूचित जाति और जनजाति के बच्चों के हित की आवाज कौन उठाएगा ? हालांकि झारखंड में बहुत पहले कार्तिक उरांव और वर्तमान में भी कुछ लोगों ने इससे मिलते जुलते मामले उठाए थे पर राजनीति में समय के हिसाब से मुद्दे बदलते रहते हैं और अभी विधानसभा चुनाव भी हैं ।




आरबीआई गवर्नर की **बड़ी उपलब्धी**

## शक्तिकांत लगातार दूसरी बार बने दुनिया के शीर्ष बैंकर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को 'ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड्स 2024' में लगातार दूसरी बार ए+ रेटिंग मिलने पर बधाई दी। भारतीय रिजर्व बैंक के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर की गई एक पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा कि आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को लगातार दूसरी बार इस उपलब्धि के लिए बधाई। प्रधानमंत्री ने कहा, यह आरबीआई में उनकी लीडरशिप और देश की आर्थिक वृद्धि दर और स्थिरता बनाए रखने के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य को प्रमाणित करता है। ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन द्वारा 'सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड्स 2024' में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों के गवर्नर को काम के आधार पर ग्रेड दी थी, जिसमें सबसे अच्छी ग्रेड ए+, ए और ए- हैं। इस रिपोर्ट को 1994 के बाद से हर साल जारी किया जाता है। इसमें करीब 100 देशों के केंद्रीय बैंकों के गवर्नर को काम के आधार पर ग्रेड दी जाती है। इसमें यूरोपियन यूनियन के अलावा पूर्वी कैरेबियाई सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ सेंट्रल अफ्रीकन स्टेट्स और सेंट्रल बैंक ऑफ वेस्ट अफ्रीकन स्टेट्स शामिल हैं। इसमें ग्रेड महंगाई पर नियंत्रण, आर्थिक विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने, मुद्रा की



शेष पेज 09 पर

# भारत बंद का रांची में रहा मिलाजुला असर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भारत बंद का रांची में मिलाजुला असर रहा। मेन रोड़ की लगभग सभी दुकाने बंद रही। वहीं कडरु पुल से अरगोड़ा चौक तक की अधिकांश दुकाने खुली थी। अरगोड़ा चौक से किशोरगंज चौक तक कुछ दुकानें खुली थी। कचहरी के पास की सभी दुकानें खुली थी। बंद समर्थकों का मुख्य केंद्र अल्बर्ट एक्का चौक रहा। अल्बर्ट एक्का चौक में जेएमएम, आदिवासी छात्र संघ, आरजेडी, भीम आर्मी समेत अन्य दलों के कार्यकर्ताओं ने दुकानों को बंद कराया। वहीं आने जाने वाले लोगों को हाथ जोड़ कर बंदी का समर्थन करने का आग्राह किया। हालांकि अल्बर्ट एक्का चौक पूरी तरह से बंद था। जेएमएम कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली भी निकाली। रांची रेलवे स्टेशन में यात्रियों को कोई दिक्कत नहीं हुई। स्टेशन के बाहर सभी दुकानें खुली हुई थी। रिक्शा, ई-रिक्शा और ऑटो स्टेशन के बाहर खड़े थे। यात्रियों को अपने गंतव्य तक जाने में कोई दिक्कत नहीं हो रही थी। बाइक सर्विस वाले भी स्टेशन के बाहर खड़े थे। रांची रेल मंडल के सीनियर डीसीएम ने बताया कि रांची रेल मंडल की रेल सेवा बाधित नहीं हुई है। सभी ट्रेन अपने समय से चल रही है। सीएमपीडीआई चौक के पास जेएमएम कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम किया व दोनों तरफ से आने वाली वाहनों को रोक दिया। इसके बाद पुलिस ने जाम को हटाया व आवागमन शुरू कराया। सीएमपीडीआई के मेन गेट में भी ताला लगा दिया गया था। गाड़ीखाना चौक में खड़ा रिक्शा चालक ने कहा कि आज सुबह से एक भी सवारी नहीं मिली है। सवारी मिले या नहीं रिक्शा मालिक को एक दिन का रेंट देना पड़ता है।





### इस बंदी का कोई औचित्य नहीं : प्रतुल



भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि बाबा साहेब के संविधान में किसी प्रकार का छेड़छाड नहीं किया जायेगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर केंद्र सरकार विचार कर रहीं है कि इसका विकल्प क्या है सकता है। आज के इस बंदी का कोई औचित्य नहीं है। केवल लोगों को परेशानी हुई है।

### बंद से व्यापारियों को हुआ नुकसान : किशोर मंत्री




फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि आज कि बंदी की सूचना चैंबर को नहीं मिली थी। बंदी का मिलाजुला असर रहा। व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा और व्यापारियों को नुकसान भी हुआ है। दिन में चलने वाली बसें बंद रही वहीं रात में खुलने वाली बसें अन्य दिनों की तरह समान्य तरीके से खुली।

### केंद्र का आरक्षण को खत्म करने का प्रयास : अनिता



झारखंड आरजेडी के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार एससी एसटी आरक्षण को खत्म करने का प्रयास कर रही है। जातीय जनगणना नहीं कराया जा रहा है। ऐसे में केंद्र सरकार एससी-एसटी को बांटने में लगी हुई है। भारत बंदी का आरजेडी समर्थन किया है। आरजेडी बाबा साहेब के संविधान के साथ खड़ा है।





रिम्स में सुरक्षा की रही पूरी व्यवस्था सुरक्षाकर्मी रहे मुस्तैद

## भारत बंद में सरकारी दफ्तर रहे खुले


रांची। उपायुक्त कार्यालय से लेकर सभी सरकारी दफतर खुले रहे। रोजाना की तरह सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। काम प्रतिदिन की तरह चल रहा था। हालांकि लोगों का आवगमन नहीं था।



### रिम्स में मरीजों का आना जारी रहा



रांची। रिम्स के ट्रॉमा और इमरजेंसी सेंटर के इंचार्ज डॉ प्रदीप कुमार भट्टाचार्य से राष्टीय नवीन मेल संवाददाता ने बातचीत की। डॉ प्रदीप ने बताया कि बंद का असर रिम्स में नहीं पड़ा। प्रतिदिन जितने मरीज ट्रॉमा सेंटर आते थे, उसी अनुपात में बंद में भी मरीजों का आना हुआ है। जमशेदपुर के अब्दुल हफिश अपनी पत्नी का इलाज कराने रिम्स आये थे। रिम्स के अच्छे इलाज से इनकी पत्नी स्वस्थ हो गई। इन्हें जमशेदपुर लौटना था लेकिन बंदी के कारण ये लौट नहीं पाए।



अब्दुल हफिश जमशेदपुर से अपनी पत्नी का इलाज कराने आये थे। रिम्स के अच्छे इलाज से इनकी पत्नी स्वस्थ हो गई। इन्हें आज जमशेदपुर लौटना था लेकिन बंदी के कारण ये लौट नहीं पाए।



बिरसा मुंडा खादगढ़ा बस स्टैंड में बंद का रहा असर। एक भी गाड़ी का परिचालन नहीं हुआ।



बस स्टैंड पर खाने-पीने की दुकाने खुली थी।

## सीसीएल में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

▸ कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों की समझ बढ़ाना : पंकज

सीसीएल के मानव संसाधन विकास विभाग ने सतर्कता विभाग के सहयोग से बुधवार को क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य सतर्कता पदाधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आरएफआईडी प्रणाली, माल खरीद से संबंधित एसएपी, ससीटीवी निगरानी प्रणालियों में एआई का उपयोग, रेलवे सेटिंग के लिए नवोदय प्रणालियों और एमपीएसएस और एचडी वेन विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य आईटी पहल के बारे में प्रतिभागियों की समझ बढ़ाने, नवीनतम तकनीक और प्रणालियों पर ध्यान केंद्रित करने का है। इससे विभिन्न परिचालन क्षेत्र में दक्षता और सुरक्षा में सुधार होगा। एचआरडी के महाप्रबंधक आरके पांडे ने कार्यक्रम के लिए सकारात्मक माहौल तैयार करते हुए प्रतिभागियों का स्वागत किया मुख्यालय और क्षेत्र से 40 प्रतिभागी इसमें शामिल हुए।

### 24 को मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन

रांची। रांची विश्वविद्यालय के विज्ञान के विद्यार्थियों को सहायक वन संरक्षक और वन क्षेत्र पदाधिकारी की परीक्षा पास करने के लिए, मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विज्ञान के छात्र इस परीक्षा को पास कर सहायक वन संरक्षक (एसीएफ) और वन क्षेत्र पदाधिकारी (एफआरओ) के रूप में चयनित होंगे। रोजगार के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम का पहल रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने की है। इस कार्यक्रम से विज्ञान विषय के ग्रेजुएट विद्यार्थियों के साथ-साथ एमएससी के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

## बीमा प्रीमियम की जीएसटी पर विचार करेगा काउंसिल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बीमा प्रीमियम पर लगने वाले जीएसटी को लेकर जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में विचार किया जाएगा। सामान्य जीवन बीमा की पॉलिसियों और हेल्थ बीमा पर 18% जीएसटी लगता है। भारी भरकम 18% जीएसटी पॉलिसीधारकों पर विशेष भर डालता है। जीएसटी हटाने की मांग को लेकर बीमा कंपनियां और स्वास्थ्य बीमा कंपनियां लगातार सरकार पर दबाव बनाई हुई है। इस संबंध में उनके द्वारा कई बार सरकार और जीएसटी काउंसिल का ध्यान आकृष्ट किया गया है। जानकारी मिली है कि जीएसटी काउंसिल की इस बार होने वाली बैठक में समीक्षा की जाएगी यह समीक्षा विभिन्न हितधारकों द्वारा जीएसटी दर पर पुनर्विचार करने के लिए बढ़ती मांग के बीच की गई है। बीमा पॉलिसी धारकों का तर्क है कि यह उपभोक्ताओं के लिए बोझिल है और बीमा उद्योग के विकास में बाधा डालता है। बीमा प्रीमियम पर जीएसटी संरचना का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए उद्योग के नेताओं बीमा कंपनियां और उपभोक्ता वकालत समूहों के बढ़ते दबाव के कारण काउंसिल ने पुनरसमीक्षा करने का निर्णय लिया है। जानकारों का कहना है कि 18% जीएसटी की दर आलोचना का कारण बनी हुई है। सरकार आम लोगों तक बीमा पहचाने और पेट बढ़ने के लिए आम नागरिकों के बीच वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है और जीएसटी की यह दर उसमें बाधक बन रही है। जीएसटी लगने से बीमा प्रीमियम उत्पादों की लागत बढ़ता है और आम लोगों को पॉलिसी खरीदने से रोक सकता है यह बीमा कवरेज बढ़ाने के लक्ष्य के लिए प्रतिकूल है खासकर ऐसे देश में जहां बीमा प्रवेश दर अपेक्षाकृत कम है और उच्च दर घरेलू बजट को प्रभावित कर सकती है विशेष रूप से निम्न आय वाले परिवारों के लिए बीमा और स्वास्थ्य बीमा अनिवार्य होता जा रहा है। लोगों का कहना है कि बीमा को अधिक किफायती बनाकर आम लोगों तक पहुंचा जा सकता है ताकि अधिक से अधिक लोग बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए आगे आए इससे बीमा कंपनियों के लिए ग्राहक आधार का विस्तार होगा और अधिक वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा।

## सीसीएल के श्रावणी मेला स्वास्थ्य शिविर का हुआ समापन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सीसीएल ने बिहार-झारखंड की सीमा पर स्थित दुम्मा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से क्षेत्र के हजारों लोगों को जीवन रेखा प्रदान की है। श्रावणी मेले के अवसर पर आयोजित शिविर ग्रामीणों, हितधारकों और श्रमिकों के लिए आशा की किरण थी। यह लगातार 10वां वर्ष है जब सीसीएल बिहार-झारखंड की सीमा पर स्थित पवित्र स्थल पर आने वाले हजारों तीर्थयात्रियों की सेवा की।

21 जुलाई, 2024 से शुरू हुए इस शिविर में धार्मिक समागम के उत्साह के बीच श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य जांच एवं उपचार का एक लोकप्रिय केंद्र बन गया था।

गिरिडीह, ढोरी और बीएंडके सहित सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के चिकित्सकों की टीम को सेवाएं प्रदान करने के लिए तैनात किया गया था। ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल की नियमित जांच से लेकर विशेषज्ञ फिजियोथेरेपी सत्र तक, शिविर तीर्थयात्रियों की विविध स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करता रहा। सभी के लिए उपचार सुलभ हो सके, इसके लिए निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं।

चिकित्सा सेवाओं से परे, शिविर कांवरियों के लिए आराम का स्थान बन गया था। जिसमें शुद्ध पेयजल और चाय इत्यादि का प्रबंध भी किया गया था। इसके अलावे थके हुए श्रद्धालुओं के





मांसपेशियों को आराम देने और असुविधा दूर करने के लिए शिविर में मुफ्त मालिश की सुविधा भी उपलब्ध थी।

गिरिडीह क्षेत्र के सीएमओ डॉ परिमल सिन्हा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (ढोरी) डॉ सुधांशु शर्मा और बीएंडके क्षेत्र के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शंकर प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन में, चिकित्सा टीम तीर्थयात्रियों के कल्याण के लिए लगातार काम की।

महाप्रबन्धक (गिरिडीह) बासब चौधरी ने सीसीएल की समुदाय के प्रति लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हम 2014 से सावन के महीने में दुम्मा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कर रहे हैं। यह देखकर खुशी होती है कि हमने इस एक महीने में 1 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों और हितधारकों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। सीसीएल सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में यह स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। ये पहल कंपनी के व्यापक सामाजिक कल्याण विजन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के समावेशी विकास में योगदान देना है।

दुम्मा में सीसीएल का चिकित्सा शिविर केवल एक स्वास्थ्य पहल से कहीं अधिक है। यह कंपनी के अपने हितधारकों के कल्याण के प्रति समर्पण और एक जिम्मेदार कंपनी के रूप में इसकी भूमिका का प्रतीक है। यह शिविर 20 अगस्त, 2024 को समाप्त हुआ। कंपनी की स्वास्थ्य सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को लाभार्थियों एवं हितधारकों ने खूब सराहा है।

## रांची जिला श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति का कार्यक्रम 24 से

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची जिला श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति द्वारा 24 और 25 अगस्त को मोरहाबादी मैदान में श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर बाल गोपाल बोल राधा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भजन संध्या और दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मुर्गा बड़ी के सुविधा बैंक्विट हॉल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी रांची जिला श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि पिछले 8 वर्षों से लगातार श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन यहां किया जा रहा है। 24 अगस्त के दिन बाल गोपाल बोल राधा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन होगा जबकि 25 अगस्त को भजन संध्या और श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित नृत्य मंचन किया जाएगा। उसी दिन दही हांडी फूलों प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत पहले दिन स्थानीय गीतांजलि बैकवर्ड हाल मोराबादी में बाल गोपाल और बोल राधा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता होगी इसमें 6 महीने से लेकर 12 वर्ष तक के बच्चे शामिल हो सकते हैं। इसके लिए पहले से पंजीयन करवाना होगा पहले ग्रुप 6 महीने से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए होगा जबकि दूसरे ग्रुप में 6 से 12 वर्ष तक के प्रतिभागियों को रखा गया है। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त को बहु प्रतिशत दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसमें पुरुष और महिला वर्ग के गोविंद शामिल होंगे। पुरुष गोविंदा की विजेता टीम को 101000 की नकद राशि द्वितीय पुरस्कार के रूप में 41000 की नकद राशि और तृतीय पुरस्कार के रूप में ?21000 की नगद राशि और ट्रॉफी दी जाएगी। इसी तरह महिला प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार 55000 द्वितीय पुरस्कार 31000 रुपए और तृतीय पुरस्कार 11000 रुपए नगद दिया जाएगा। विजेताओं को ट्रॉफी भी दी जाएगी। उसी दिन भजन संध्या का आयोजन भी होगा जिसमें बाहर से आ रहे प्रतिभागियों द्वारा गीत संगीत का कार्यक्रम होगा।

## न्यूज बॉक्स

### नौसेना के बेस का रक्षा राज्य मंत्री ने किया अवलोकन



रांची। गोवा के कारवार में स्थित नौसेना के बेस का केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भ्रमण और अवलोकन किया। इस दौरान सैन्य अधिकारियों और जवानों से संवाद भी किया।

### चान्हो के नए थाना प्रभारी ने पदभार ग्रहण किया

रांची। चान्हो के नए थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने प्रभार ग्रहण कर लिया है। पूर्व प्रभारी अजीम अंसारी उन्हे पदभार देते हुए बुके देकर उनका स्वागत भी किया।



### जिला स्कूल में शिक्षकों का दस दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



रांची। अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला विद्यालय में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय एवं आदर्श विद्यालय प्रोजेक्ट के तीसरे बैच में 31 शिक्षकों को कंप्यूटर विषय पर दस दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। स्कूल नेट इंडिया लिमिटेड के जोनल मैनेजर दिलीप दुबे ने बताया कि आदर्श विद्यालय परियोजना और मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय परियोजना के अंतर्गत संचालित किये जा रहे विद्यालयों में तकनीकी शिक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों को कंप्यूटर के बारे में बुनियादी जानकारी देना और उनकी शैक्षिक दक्षता को बढ़ाना है। प्रशिक्षण का आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् रांची व स्कूल नेट इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।

### झारखंड में मेडिकल प्रोटेक्शन पर ऑर्डिनेंस लाया जाए : डॉ प्रदीप सिंह

रांची। अरुणाचल प्रदेश सरकार ने मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट पारित करने से पहले मंगलवार को एक ऑर्डिनेंस लाकर इसे लागू कर दिया है। इसके अलावे, पहले से ही देश के 26 राज्यों में यह लागू है। हम सम्मिलित रूप से प्रयास करें कि झारखंड में भी इसे ऑर्डिनेंस के रूप में लाया जाए। ये बातें आइएमए झारखंड के सचिव डॉ प्रदीप सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को आइएमए के नेशनल हेडक्वार्टर से मीटिंग के बाद कुछ निर्णय लिए गए, जिसमें आरजी कर मेडिकल कॉलेज कोलकाता में हुई घटना के विरोध में जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा जारी विरोध का संगठन द्वारा पूर्णतया समर्थन करना शामिल है। कोलकाता में हुई घटना को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों में समान रूप से नाराजगी व रोष है। हमें उसी घटना से संबंधित प्रेस वार्ता, संगोष्ठी, धरना-प्रदर्शन करना है। प्रयास हो कि समाज के विभिन्न वर्ग हमारे साथ सम्मिलित हों। स्थानीय विधायक, सांसद, उनके प्रतिनिधि, विपक्षी पार्टी के प्रभावशाली जनप्रतिनिधि सभी को सम्मिलित किया जाने का प्रयास हो। डॉ प्रदीप सिंह ने मांग की कि राज्य में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट पारित होने से पहले इसे ऑर्डिनेंस ला कर लागू किया जाए। अस्पताल को सेफ जॉन घोषित किया जाए।

### कोयला उद्योग से जुड़े पेंशन भोगियों का धरना आज

रांची। कोयला उद्योग से जुड़े पेंशन भोगी सीएमपीएफओ और अन्य अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करने के लिए गुरुवार को धरना प्रदर्शन करेंगे। ऑल इंडिया एसोसिएशन का गुरुवार को एग्जीक्यूटिव्स फॉर ऑल इंडिया पेंशनर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में देश भर के कोयला पेंशन भोगी क्षेत्रीय आयुक्त कार्यालय के समक्ष धरना देंगे और प्रदर्शन करेंगे। संयोजक पीके सिंह राठौड़ ने बताया कि सीएमपीएफओ ने कर्मचारियों की विधवाओं और विधूरों बैंक स्तर पर पेंशन शुरू करने में सक्षम बनाने के लिए संशोधित पेंशन भुगतान आदेश जारी करने पर सहमति व्यक्त की है लेकिन सभी को मूर्ख बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि संशोधित पेंशन भुगतान आदेश खामियों से भरे हैं और बैंकों में मान्य होने लायक विश्वसनीयता की कमी है। प्रस्तावित धरना प्रदर्शन के माध्यम से हम सीएमपीएफओ और अन्य संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करेंगे। पेंशन भोगियों के हालात और खामियों से भरे आदेश के चलते पेंशन भोगी परेशान हो रहे हैं। संशोधित पेंशन आदेश जारी करने के लिए उचित कदम उठाया जाए हर साल पेंशन भोगी और विधवा जीवनसाथी की पेंशन में महंगाई राहत जोड़ी जाए। धरना प्रदर्शन के माध्यम से पेंशन भोगियों की मांगों से अवगत कराया जाएगा और ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### कोल इंडिया प्रबंधन की 50वीं वार्षिक आमसभा आयोजित

रांची। कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा बुधवार को 50वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कंपनी के भौतिक और वित्तीय प्रदर्शन के साथ 2023-24 में इसकी प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया। शेयरधारकों ने ऑनलाइन भाग लिया और बोर्ड के साथ बातचीत की। उनका कहना था कि पिछले वित्त वर्ष में देश का कुल कोयला उत्पादन 993 मेट्रिक टन था जिसमें कोल इंडिया ने 773 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया वित्त वर्ष 2027 तक एक बिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। कोयला मंत्रालय की संयुक्त सचिव निरुपमा कोटरू भी वर्चुअल आम सभा में शामिल हुई। आमसभा में कार्मिक निदेशक विनय रंजन तकनीकी निदेशक डॉ बी वीरा रेड्डी निदेशक व्यवसाय विकास देवाशीष नंदा निदेशक विपणन मुकेश चौधरी निदेशक वित्त मुकेश अग्रवाल के अलावा स्वतंत्र निदेशकों के साथ कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।



### 31 अगस्त तक करा सकेंगे फसल बीमा

रांची। बिरसा कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) अन्तर्गत किसानों का बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ फसल-2024 के लिए फसल बीमा कराया जा रहा है। इसका लाभ लेने को सभी जिलों में सूचना जारी की जा रही है। इसका लाभ लेने को इच्छुक किसान नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र जा सकते हैं। ऐसा संभव ना हो तो पोर्टल पर ऑनलाईन स्वतः आवेदन के माध्यम से दे सकते हैं। पंजीकरण में आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राजस्व पदाधिकारी द्वारा निर्गत भूमि प्रमाण पत्र (नवीनतम) चाहिए। तत्काल उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मुखिया या प्रधान से सत्यापित वंशावली एवं भूमि विवरणी, बटाई प्रमाण पत्र (नोटराईज्ड शपथ पत्र), स्वसत्यापित फसल बुआई प्रमाण पत्र और मोबाईल नम्बर की भी जरूरत रजिस्ट्रेशन के समय होगी। योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को एक रुपये की टोकन राशि का भुगतान करना होगा। योजना के तहत खरीफ फसल अंतर्गत अगहनी धान के लिए 65500 रुपये प्रति हेक्टेयर एवं भदई मकई के लिए 50750 रुपये प्रति हेक्टेयर का बीमा किया जाएगा।

## एक नजर

### पूर्व मंत्री राजा पीटर की अर्जी पर आंशिक सुनवाई



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में दो सरकारी गवाहों का क्रॉस एग्जामिन के लिए अनुमति मांगे जाने वाली पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर की अर्जी पर बुधवार को आंशिक सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले को सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया है। मामले के आरोपित राजा पीटर ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर एनआईए की ओर से बनाए गए दो सरकारी गवाह का क्रॉस एग्जामिन करने का आग्रह किया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। मामले में एनआईए ने करीब 89 गवाहों का बयान दर्ज कराया है।

### दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार की अदालत ने बुधवार को शादी का झांसा देकर युवती का चार साल तक शारीरिक शोषण करने के दोषी चंदन साव को 10 साल की सजा और 15 हजार का जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। यह मामला वर्ष 2020 का है। युवती ने महिला थाना में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। मामले में अपर लोक अभियोजक मीनाक्षी कंडुलना ने अभियोजन की ओर से मजिस्ट्रेट सहित आठ गवाह पेश किये। चंदन साव को अदालत ने 19 अगस्त को दोषी करार दिया था और फैसला के लिए 21 अगस्त की तिथि निर्धारित की थी।

### झारखंड टेट के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

**रांची।** झारखंड एकेडेमिक काउंसिल (जैक) ने टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टेट)) परीक्षा के लिए आवेदन जमा करने की तिथि बढ़ा दी है। अब उम्मीदवार 26 अगस्त तक आवेदन जमा कर सकते हैं। पहले टेट परीक्षा के लिए आवेदन भरने की अंतिम तिथि 22 अगस्त निर्धारित थी लेकिन सर्वर में आयी खराबी के कारण जैक ने आवेदन भरने की लास्ट डेट को बढ़ाने का फैसला लिया। टेट एग्जाम के लिए 23 जुलाई से ही ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया जारी है। अब तक इस परीक्षा के लिए लगभग साढ़े तीन लाख अभ्यर्थी आवेदन दे चुके हैं। ऐसे करें आवेदन जीटेट 2024 आवेदन पत्र भरने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जायें। वेबसाइट के होम पेज पर आपको अभी पंजीकरण करें के लिंक पर क्लिक करे और अपना रजिस्ट्रेशन कराये।

## हेमंत सरकार का 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम

# राज्यभर में 15 सितंबर तक चलेगा अभियान

*इस संबंध में मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने सभी विभागीय सचिवों को पत्र जारी कर इसे सफल बनाने का निर्देश दिया है।*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरूआत करने जा रहे हैं। इसके तहत 30 अगस्त से 15 सितंबर तक पंचायत स्तर पर एक विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इस संबंध में मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने सभी विभागीय सचिवों को पत्र जारी कर इसे सफल बनाने का निर्देश दिया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं का आधिकारिक लाभ लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। इन शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी भी देने का काम किया जाएगा।

**कार्यक्रम के जरिए इन योजनाओं का मिलेगा लाभ :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए 30 अगस्त से राज्य सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। 15 सितंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, साइकिल के लिए नकद हस्तांतरण जैसी सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन का निपटारा किया जाएगा।

इसके अलावा ऑन द स्पॉट शिकायत का निवारण करने की भी तैयारी की गई है। जिसके तहत आय, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, राजस्व से संबंधित मामला, आधार, राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबंधित शिकायत आदि का भी निपटारा किया जाएगा।

### एक सप्ताह पहले प्रचार कराने का निर्देश



मुख्य सचिव के द्वारा जारी पत्र में कहा गया कि राज्य के सभी जिलों के पंचायत में कम से कम एक शिविर का आयोजन हो, जिसका शेड्यूल और कार्य योजना संबंधित उपायुक्त के द्वारा तैयार किया जाए। साथ ही शिविर स्थल, तिथि और समय की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं प्रभारी मंत्री को दी जाए ताकि वह भी शिविर में सुविधा अनुसार भाग ले सकें। पंचायत के प्रत्येक गांव, टोला में शिविर स्थान, तिथि और समय का व्यापक प्रचार कम से कम एक सप्ताह पहले करा लिया जाए ताकि शिविर में अधिक से अधिक लोग भाग ले सकें।

## पीजीटी स्कैम झारखंड का सबसे बड़ा नियुक्ति घोटाला : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। भाजपा के प्रदेश के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में हुए नियुक्ति घोटाला मामले में राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि अनेकों बार बता चुका हूं कि पीजीटी स्कैम झारखंड का सबसे बड़ा नियुक्ति घोटाला है। अब तो इसके प्रमाण भी सामने आने लगे हैं।



मरांडी ने कहा है कि जेएसएससी ने अपने वेबसाइट पर जो स्कोर कार्ड अपलोड किये हैं, उसके अनुसार 100 अंक के पेपर में 252 अंक दे दिये गये हैं। पीजीटी रिजल्ट प्रकाशन में कई गड़बड़ियां सामने आ चुकी है। हजारों छात्र सरकार से सीबीआई जांच की मांग करते रहे लेकिन मुख्यमंत्री ने आनन-फानन में नियुक्ति पत्र भी बांट दिया। भारतीय जनता पार्टी युवाओं के साथ किसी तरह का अन्याय नहीं होने देगी। भाजपा उक्त मामले की सीबीआई जांच करा के पीजीटी नियुक्ति प्रकरण में सीट बेचने वालों को कड़ी सजा दिलायेगी।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में आदिवासी बेटियां कल भी दुष्कर्म की शिकार बनीं और पिछले 4.5 सालों से अब तक यह सिलसिला राज्य में चलते आ रहा है। रांची जिला के चान्हो प्रखंड में नाबालिग आदिवासी बच्ची के साथ मीमशाद अंसारी ने दुष्कर्म किया। आदिवासी महिलाओं के साथ धर्म विशेष के युवक लगातार दुष्कर्म कर रहे हैं। दुमका, साहिबगंज से लेकर रांची तक ऐसी घृणित घटनाएं सामने आ रही हैं। खुद को आदिवासी मुख्यमंत्री कहने वाले हेमंत सोरेन आज तक कभी भी आदिवासी महिलाओं की दुर्दशा पर अपनी चिंता तक व्यक्त नहीं की। हेमंत की सरकार महिलाओं के लिए अभिशाप बन चुकी है। लगातार हो रहे दुष्कर्म की घटना से राज्य की महिलाओं के मन में असुरक्षा की भावना घर कर गयी है। महिलाओं की मान प्रतिष्ठा बचाने के लिए इस महिला विरोधी हेमंत सरकार को हटाना ही होगा।

# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कार्यस्थलों का ऑडिट शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए गैंगरेप और हत्या की वारदात के बाद पूरे झारखंड में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ऑडिट शुरू कर दिया गया है। सुरक्षा ऑडिट के लिए सभी अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, लेडीज हॉस्टल के साथ-साथ जिन कार्यालयों में महिला कर्मी काम करती हैं, उन सभी स्थलों को शामिल किया गया। राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उनके कार्यस्थल का सुरक्षा ऑडिट शुरू किया गया है। राजधानी रांची में सुरक्षा ऑडिट का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। सुरक्षा ऑडिट के तहत प्रत्येक थाना क्षेत्र में पड़ने वाले सभी अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, लेडीज हॉस्टल, वर्किंग लेडीज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल की लिस्ट तैयार कर स्थानीय थाना प्रभारी के द्वारा सभी स्थलों का फिजिकल वेरिफिकेशन किया गया है। सुरक्षा ऑडिट के दौरान पुलिस ने कई बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार की है।



*रांची में सुरक्षा ऑडिट का काम लगभग पूरा कर लिया गया है*

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बताया कि राजधानी में चाहे अस्पताल हो कॉलेज हो या फिर सरकारी और निजी संस्थान जहां महिलाएं काम करती हैं उन स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किस तरह के इंतजाम हैं, इसे लेकर ऑडिट किया गया है। ऑडिट के दौरान यह देखा गया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के आने-जाने की क्या व्यवस्था है। अगर महिलाएं नाइट ड्यूटी करती हैं तो उनके लिए उन स्थलों पर किस तरह की सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करवाई जा रही है। जिन कार्यालय में महिलाएं काम करती हैं वहां सीसीटीवी लगा हुआ है या नहीं। कार्यालय के आसपास के क्षेत्रों में अड्डेबाजी तो नहीं होती है। क्या कभी कार्यस्थल पर आने और जाने के समय किसी महिलाकर्मी के द्वारा किसी आपराधिक चरित्र के व्यक्ति के द्वारा छेड़खानी की गई है। अगर छेड़छाड़ की गई है तो उसके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई है या नहीं। इन सभी मुद्दों को सुरक्षा ऑडिट में शामिल किया जा रहा है। सिन्हा ने बताया कि राजधानी में महिला कार्यस्थल को लेकर सुरक्षा ऑडिट का काम लगभग पूरा होने के कगार पर है। सुरक्षा ऑडिट की रिपोर्ट मिलने के बाद उस रिपोर्ट पर मंथन किया जाएगा। अगर कहीं सुरक्षा में चूक मिलती है या प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरे का घेरा नहीं है तो ऐसे समस्याओं को दूर करने के लिए बैठकर बात की जाएगी। जिन क्षेत्रों में पुलिस की सहायता की जरूरत होगी तो वहां पुलिस टीम को तैनात किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि डीजीपी के आदेश के बाद राज्यभर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कार्यस्थल का ऑडिट किया जा रहा है।

## पीएमजीएसवाई के लिए इंजीनियरों की टीम बनेगी : एल खियांग्ते

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने प्रधानमंत्री ग्राम्य सड़क योजना के लिए अभियंताओं की विशेष टीम गठित करने का निर्देश ग्रामीण कार्य विभाग को दिया है। यह टीम भारत सरकार से पीएमजीएसवाई की योजनाओं की स्वीकृति व आवंटन कराने के लिए समन्वय का काम करेगी। जेएसआरआरडीए अपने अधीनस्थ इंजीनियरों को इसके लिए प्रतिनियुक्त करेगा। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पीएमजीएसवाई से सड़कों का जाल बिछाने की योजना चल रही है। 250, 500 व 1000 बसावटों वाले गांव तक सड़क बनायी जा रही है। वहीं, अब 100 की आबादी वाले गांव में भी पीएमजीएसवाई से सड़कें ली जानी हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए अलग से रोड व ब्रिज परियोजनाएं चल रही है। झारखंड में करीब दो साल पहले पीएमजीएसवाई से नयी सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति मिली थी। ऐसे में नये सिरे से स्वीकृति के लिए डीपीआर तैयार करने का भी निर्देश दिया गया है।

## 100 में मिले 252 नंबर हो सीबीआई जांच : बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पीजीटी-2023 (झारखंड स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक) के रिजल्ट में गडबड़ी की शिकायत सामने आयी है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाइट पर जारी अंक पत्र से इसकी पुष्टि भी हो रही। 100 अंकों के पेपर में कैंडिडेट को 252 नंबर दे दिए गए हैं। 78 प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले को 156 की जगह 88.23 अंक दिए गए हैं। इसे लेकर बवाल शुरू है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। बाउरी ने बुधावार को सोशल मीडिया (फेसबुक) पर कहा है कि हेमंत सरकार ने राज्य के युवाओं का भविष्य बेच दिया है। 100 अंकों के पेपर में अभ्यर्थी को 252 अंक दे दिये गये हैं। वहीं, 78 प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले अभ्यर्थी को 156 की जगह 88.23 अंक दिये गये हैं। पीजीटी में हुई भीषण गड़बड़ियों का मामला पहले दिन से लगातार भाजपा उठा रही है। अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट साफ दशार्ता है कि किस प्रकार राज्य के युवाओं के साथ खेल हुआ है। यही नहीं, नियुक्ति प्रक्रिया में कई अनियमितताएं हैं। इस मामले की सीबीआई जांच आवश्यक है। अमर बाउरी ने कहा है कि झारखंड सरकार राज्य के युवाओं के भविष्य को बेचने का पाप ना करे। अविलंब मामले में सीबीआई जांच की अनुशंसा करें। साथ ही उन्होंने कहा है कि सरकार व परिस्थितियां बदलेंगी, जिन्होंने भी ह्लनियुक्ति घोटालेह्व में सहभागिता सुनिश्चित की है, उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। भाजपा आएगी, न्याय दिलाएगी।



## वैश्य सद्भावना महासम्मेलन का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया है कि महात्मा गांधी की जयंती पर रांची में वैश्य सद्भावना महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कांके स्थित कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु के आवासीय कार्यालय में बुधवार को आयोजित बैठक में आगे की रणनीति और निर्धारित कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में गत 31 जुलाई को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपे गए 10 सूत्री मांग-पत्र पर चर्चा हुई और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से तत्काल सकारात्मक पहल करने की मांग की गई। बैठक में कहा गया कि महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर को प्रस्तावित कार्यक्रम वैश्य सद्भावना महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हो सके। इसकी व्यापक तैयारी के लिए 30 अगस्त को भुरकुंडा में केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक सह कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।



## केंद्र सरकार का अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय ने केन्द्र सरकार के अस्पतालों, एम्स और आईएनआई जैसे संस्थानों को इन अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ा के लिए पत्र लिखा है। मंत्रालय द्वारा रिम्स रांची के निदेशक को भेजे गए पत्र में कहा है कि अस्पताल परिसर में पर्याप्त संख्या में हाई-रिजॉल्यूशन वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए। विशेषकर प्रवेश द्वार, निकास द्वार, गलियारे, अंधेरे स्थान और संवेदनशील सहित रणनीतिक स्थान क्षेत्र पर सीसीटीवी कैमरे और किसी की त्वरित प्रतिक्रिया के लिए संस्थान में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाना चाहिए। नियंत्रण कक्ष में हमेशा एक व्यवस्थापक कर्मचारी होना चाहिए, जो एक सुरक्षाकर्मियों के साथ तैनात होना चाहिए। इसके साथ अस्पताल परिसर समुचित संख्या में प्रशिक्षित सुरक्षा गार्डों की निगरानी में रखना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मंत्रालय द्वारा दिए गए निर्देश में अस्पताल परिसर में प्रवेश करने वाले अधिकृत व्यक्ति के पास पहचान बैज होना चाहिए। कर्मचारियों, रोगियों और आगंतुकों के लिए पहचान बैज बनाए जाने चाहिए। अस्पताल स्टाफ को ड्यूटी पर आईडी कार्ड का प्रदर्शन करना अनिवार्य किया जाए। किसी भी समय एक मरीज के साथ केवल एक या दो परिचारकों को ही अनुमति दी जानी चाहिए। इन योजनाओं को सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों के लिए समय-समय पर मॉक ड्रिल का संचालन शामिल किया जाना चाहिए। डॉक्टरों, नर्सों और प्रशासनिक कर्मियों सहित अस्पताल के सभी कर्मचारियों को सुरक्षा खतरों को पहचानने और उनसे निपटने के लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।




## मेकॉन 'डन एंड ब्रेडस्ट्रीट एक्सीलेंस' अवार्ड से सम्मानित

**रांची।** इस्पात मंत्रालय के उपक्रम मेकॉन को सर्वश्रेष्ठ मिनी रत्न केंद्रीय पीएसयू श्रेणी के तहत प्रतिष्ठित डन एंड ब्रेडस्ट्रीट एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह इंजीनियरिंग उत्कृष्ट के लिएमेकॉन की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भारत में इस्पात उद्योग के लिए इंजीनियरिंग परामर्शदाता के रूप में 1959 में स्थापित मेकॉन ने स्वयं को धातु ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे कई क्षेत्रों में संपूर्ण समाधान इंजीनियरिंग परामर्शीय संगठन के रूप में स्थापित किया है। निकों के सिवा पोर्टफोलियो में अवधारणा इंजीनियरिंग खरीद परियोजना प्रबंधक डायग्नोस्टिक अध्ययन मूल्य वर्धित सेवाएं ईपीसी निष्पादन और ओएंडएम सेवाएं शामिल हैं। डन एंड बेडस्ट्रीट एक अग्रणी वैश्विक बी2बी एनालिटिक्स और बिजनेस इंटेलिजेंस समाधान प्रदाता ने दिल्ली में आयोजित पीएसयू और सरकारी शिखर सम्मेलन के 16वे संस्करण की मेजबानी की।

# डीजीपी से मिला रांची प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता से प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुलाकात की। इस दौरान पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए मांग पत्र सौंपा। डीजीपी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य में पत्रकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां के पत्रकारों नें तमाम चुनौतियों के बावजूद पूरी निष्ठा के साथ लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ का मान बढ़ाया है। बावजूद राज्य के पत्रकार कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। पत्रकारहित में राज्य के सभी पत्रकारों के आस्था का केंद्र बने 'द रांची प्रेस क्लब' के प्रतिनिधिमंडल ने कई समस्याओं की ओर डीजीपी का ध्यान आकृष्ट कराया। इनमें प्रमुख रूप से सम्पूर्ण झारखंड में पत्रकारों पर दर्ज कराए गए झूठे मामले की एसआईटी के जरिये जांच करवा कर उन्हें न्याय दिलाया जाय। पत्रकारों को उनकी मुखर पत्रकारिता की कीमत चुकानी पड़ रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि सम्बंधित मामलों की जांच करवा कर उन्हें फर्जी मुकदमों से बरी करवाया जाए। साथ ही राज्य में छतीसगढ़, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों की तरह पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की दिशा में पहल की जाय। राज्य के हर थाने में पीड़ितों के आवेदन का रिसीविंग देने की प्रक्रिया कड़ाई से लागू किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि ऐसे कई मौके आए है जब रसूख वाले लोग पत्रकारों की आवाज दबाने के लिए झूठे रंगदारी, मारपीट जैसे मुकदमे दर्ज कराते हैं, पुलिस और थाना भी रसूखदारों के इशारे पर ही काम करती है। ऐसे मामलों को दर्ज करने से पूर्व पुलिस द्वारा पूरी सत्यता को सतर्कता से जांच सुनिश्चित करने के निर्देश आपके स्तर से दिए जाएं। साथ ही क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी से आग्रह किया कि झारखंड पुलिस और प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में साइबर क्राइम और विभिन्न विषयों पर क्लब में वर्कशॉप का भी आयोजन किया जाए। डीजीपी ने ज्ञापन के बाद प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सम्बंधित मांगों पर सकारात्मक रूप से कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी को ज्ञापन सौंपने वालों में 'द रांची प्रेस क्लब' के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, मैनेजिंग कमेटी सदस्य आरजे अरविंद, मोनू कुमार और विजय मिश्रा प्रमुख रूप से शामिल थे।



*पत्रकारों पर फर्जी मुकदमें रोकने की मांग*

## न्यूज बॉक्स

### लंबोदर महतो राज्यपाल से मिले



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से झारखंड विधानसभा सदस्य लंबोदर महतो ने राज भवन में भेंट की। उक्त अवसर पर राज्यपाल को उन्होंने 4 सितंबर को सिंहपुर इंटर कॉलेज, सिंहपुर में आयोजित होने वाले शिक्षक सम्मान-सह-प्रतिभा सम्मान समारोह में आमंत्रित किया।

### अनिल पालटा राज्यपानल से मिले



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं के महानिदेशक अनिल पालटा ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

### नक्सली जेठा कच्छप व सनातन स्वांसी की अपील पर फैसला रखा सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में खूंटी में मनोज महतो हत्याकांड के सजायाफ्ता पीएलएफआई का जोनल कमांडर जेठा कच्छप और एक अन्य सजायाफ्ता सनातन स्वासी की सजा के खिलाफ क्रिमिनल अपील की सुनवाई बुधवार को हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद इनकी सजा के खिलाफ अपील पर फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि जेठा कच्छप के खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई का प्रमुख सदस्य है। आठ अक्टूबर 2011 में खूंटी बाजार में मनोज महतो की हत्या कर दी गई थी। इसे लेकर खूंटी के कर्रा थाने में कांड संख्या 64/2011 दर्ज की गई थी। खूंटी की निचली अदालत ने मनोज महतो हत्याकांड में सात मई 2022 को जेठा कच्छप एवं सनातन स्वांसी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

### कांग्रेस के झारखंड प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष आज आयेंगे रांची



**रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश गुरुवार को रांची पहुंचेंगे। बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से उनका भव्य स्वागत किया जायेगा। इसके बाद ईडी कार्यालय के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के बाद दोनों नेता कपुर्री ठाकुर चौक, भगवान बिरसा मुण्डा चौक, नागेश्वर महतो चौक होते हुए वीर बुद्धू भगत, कार्तिक उरांव, हातमा में सिद्धू-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कांग्रेस भवन पहुंचेंगे। इसके बाद नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव का स्वागत सह अभिनंदन किया जायेगा। इसके पश्चात केशव महतो कमलेश पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से पदभार ग्रहण करेंगे।

### कांग्रेस आज ईडी कार्यालय के समक्ष करेगी विरोध प्रदर्शन




**रांची।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अध्यक्षता में कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में अडानी महा घोटाला, देशव्यापी जाति जनगणना और भारत के संविधान अन्तर्गत निहित आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक न्याय के प्रावधानों के वास्तविक सम्मान की आवश्यकता सहित कई गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अडानी महा घोटाला की जांच के लिए बार-बार एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का आह्वान किया है, जिसे पहली बार हिंडनबर्ग रिपोर्ट द्वारा उजागर किया गया था। हाल के खुलासों ने वित्तीय बाजार नियामक सेबी के गंभीर समझौते को और उजागर कर दिया है, जिसके लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। हर दिन, इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर और अधिक खुलासे सामने आ रहे हैं, जो स्थिति की गंभीरता को रेखांकित करते हैं। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश कांग्रेस समितियां गुरुवार, 22 अगस्त को देश भर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालयों के सामने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करेंगी। साथ ही केन्द्र सरकार के जवाबदेही की मांग करेंगी। इसके बाद कांग्रेस के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश आगामी 22 अगस्त हिनू स्थिति प्रर्वतन निदेशालय के कार्यालय के समक्ष विरोध प्रर्दशन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है।

### राज्यसभा चुनाव हॉर्स ट्रेडिंग मामले में राजकुमार अग्रवाल को राहत




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से वर्ष 2011 के राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग मामले में आरोपित सीता सोरेन के साथ सह आरोपित राजकुमार अग्रवाल को बुधवार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने राजकुमार अग्रवाल के खिलाफ सीबीआई कोर्ट में चल रही ट्रायल को निरस्त कर दिया। राजकुमार अग्रवाल ने निचली अदालत में मामले से संबंधित चल रहे केस वह चुनौती देते हुए कहा था कि आयकर विभाग ने उन्हें पैसा बरामद मामले में क्लीन चिट दे दी है, यह पैसा उनका नहीं है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि आयकर विभाग ने वर्ष 2016-17 में राज्यसभा चुनाव 2011 के समय बरामद 2.15 करोड़ रुपये को उनका नहीं बताया था। आरोप लगाया गया था कि जो पैसा पकड़ाया था उससे सीता सोरेन को घूस दिए जाने की बात कही गई थी। चूंकि, आयकर विभाग ने वह पैसा उनका नहीं बताया है। इसलिए घूस देने की बात गलत है। इसलिए उनके खिलाफ सीबीआई कोर्ट में क्रिमिनल केस नहीं चलना चाहिए। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की दलील सुनते हुए सीबीआई कोर्ट में उनके खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही को निरस्त कर दिया। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा चुनाव 2011 के दिन आयकर विभाग ने नाकेबंदी में नामकुम में एक इनोवा गाड़ी से 2.15 करोड़ रुपये बरामद किया था। पूछताछ में पता चला कि यह पैसा राजकुमार अग्रवाल के जमाई ने एक जमीन के डील के लिए जमशेदपुर से भेजी है।

## एक नजर

### रेलवे पटरी के बीच सो रहे व्यक्ति के ऊपर से गुजरी मालगाड़ी, बची जान

**कुजू।** मौत के दिन पूरे होने पर ही मनुष्य स्वर्ग सिधारता है यह बात कुजू रेलवे स्टेशन के पास हुई आश्चर्यजनक घटना से साबित कर दिया। यहां कुजू रेलवे स्टेशन के लाइन नंबर चार के संट सिग्नल व स्टार्टर सिग्नल के निकट रेलवे पटरी के बीचो-बीच बैग रखकर एक व्यक्ति बेसुध सोया था। इसी दौरान उसके ऊपर से मालगाड़ी गुजर गयी। इस दौरान मालगाड़ी के चालक ने उक्त व्यक्ति को बीच पटरी पर पड़ा देख कुजू रेलवे स्टेशन प्रबंधन को सूचित किया। तत्काल स्टेशन मास्टर बीके श्रीवास्तव ने रेलवे पुलिस बल के जवान अजीत कुमार व राजेश राम को सूचना दिया। दोनों जवान जब वहां पहुंचे तो देखकर माथा ठोकने लगे। रेलवे पटरी के बीच सोया व्यक्ति बिल्कुल सुरक्षित पड़ा खर्राटे भर रहा था। साथ ही उसे खरोच भी नहीं आई थी। उसे दोनों जवान उठाते हुए कुजू स्टेशन परिसर में लाए।

### हेलीकॉप्टर क्रैश होने की खबर से दिनभर हलकान रहे अधिकारी

**दुलमी।** दुलमी अंचल अधिकारी सह प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी मदन महली के पास लगभग दो बजे रामगढ़ एसडीओ का फोन आया। उन्होंने कहा कि दुलमी क्षेत्र में सेना के अधिकारी का कोई हेलीकॉप्टर क्रैश हुआ है। पता करके सही लोकेशन जल्द बताइए। निर्देश मिलते ही तीन दिवसीय प्रशिक्षण में भाग ले रहे अंचल अधिकारी आनन-फानन प्रशिक्षण में बैठे सभी मुखिया, सभी पंचायत सचिव व सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों अपने-अपने क्षेत्र में फोन कर हेलीकॉप्टर क्रैश की सही लोकेशन पता करने को कहा। घंटों पहाड़ी इलाकों में बसे गांवों के लोगों से जानकारी लेने का प्रयास किया। इधर इस दौरान दुलमी क्षेत्र में अग्निशमन गाड़ियां भी सायरन बजाते हुए सही लोकेशन की जानकारी लेने में जुटी रही। इस बीच कई बार एसडीओ रामगढ़ का फोन अंचल अधिकारी के पास आता रहा।

### ओवरलोडिंग के खिलाफ आंदोलन चौथे दिन वार्ता के बाद स्थगित

**कुजू।** कुजू के कोरियाघाटी में ओवरलोडिंग के विरुद्ध जारी आंदोलन चौथे दिन समाप्त हो गया। ट्रक, ट्रेलर, हाइवा एसोसिएशन रामगढ़ कोयलांचल क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ डीटीओ रामगढ़ कार्यालय में वार्ता हुई। वार्ता में डीटीओ की ओर से सकारात्मक पहल के आश्वासन के बाद एक सप्ताह के लिए आंदोलन स्थगित कर दिया गया। रामगढ़ डीटीओ मनीषा वत्स व एमवीआई विमल किशोर ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल एसोसिएशन अध्यक्ष संजय प्रसाद, सचिव पारस महतो, कोषाध्यक्ष राजेश प्रसाद, मुख्य संरक्षक मधु साव, संरक्षक महेंद्र प्रसाद साहू, दिलीप महतो, सहसचिव शंकर प्रसाद के साथ कार्यालय कक्ष में वार्ता किया। इस दौरान जिला के प्लांट संचालकों से वार्ता कर ओवरलोड की समस्या का समाधान एक सप्ताह में करने का आश्वासन दिया गया।





## भारत बंद को लेकर बरही चौक तीन घंटे रहा जाम, बाजार पर नहीं पड़ा असर

# केंद्र सरकार के खिलाफ लगे जमकर नारे



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
भीम आर्मी प्रमुख तजावर के आह्वान पर आयोजित भारत बंद का बरही में मिलाजुला असर दिखा। बंद का समर्थन राज्य के सत्ताधारी के घटक दलों ने भी दे रखी थी। पूर्वाह्न नौ बजे से ही बंद समर्थक बरही के चारो प्रमुख मार्ग का भ्रमण कर दुकानदारों से समर्थन मांगते हुए दुकान बंद करने का अपील की। पर, इसका कोई भी सार्थक परिणाम नहीं दिखा। हालांकि जुलूस के शक्ल में भीम आर्मी, कांग्रेस पार्टी के समर्थक लोगो से बंद करने की अपील करते रहे।

अंत में बंद समर्थकों का बरही चौक पर आमसभा हुई, जहां लगभग तीन घंटे तक नेताओ ने अपने वक्तव्य रखे. इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के फैसले और केंद्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी हुई। एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष सूरज दास ने कहा कि संविधान ने दलितों पिछड़ों और ओबीसी समुदाय को जातिगत आरक्षण दिए है. सुप्रीम कोर्ट इस आरक्षण नीति में परिवर्तन नही करे. वही भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने भी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का विरोध करते हुए पूर्व के नियमो को लागू करने पर जोर दिया. कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए लैटरल इंट्री के माध्यम से आइएएस की प्रोन्नति पर सवाल खड़ा किया. प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने भी आरक्षण को विंदुओं में बांटने का विरोध किया. प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध करते हुए इसे शीघ्र वापस लेने की बात कही. विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप ने भी इस फैसले का विरोध किया. प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी ने भी सुप्रीम कोर्ट के सहयोग से केंद्र सरकार के दोहरी नीति का विरोध करते हुए. इस प्रस्ताव को खारिज करने का मांग किया. कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, संजय रजक, कार्तिक पासवान, अर्जुन राम, राजकुमार रविदास, रिजवान अंसारी, इत्यादि ने भी सम्बोधित कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आपत्ति जताई।

#### एसी-एसटी वर्ग ने क्रीमीलेयर के फैसले के विरोध में किया बरकट्ठा बंद

## झामुमो, बसपा, सपा, जेबीकेएसएस समेत कई राजनीतिक दलों ने बंद का किया समर्थन



**बरकट्ठा।** एसी एसटी वर्ग में सुप्रीम कोर्ट द्वारा क्रीमीलेयर के फैसले के विरोध में बुधवार को संपूर्ण भारत बंदी के आह्वान पर बरकट्ठा में भी बंदी का मिला जुला असर रहा। इस निमित भीम आर्मी भारत एकता मिशन, झामुमो, बसपा, सपा, जेबीकेएसएस समेत कई राजनीतिक पार्टी व संगठनों ने अपना समर्थन दिया। क्रीमीलेयर के फैसले के विरोध में आक्रोशित सैकड़ों की संख्या में एसी एसटी समाज के महिला,पुरुष व छात्रों ने सड़क पर उतर कर नारेबाजी के साथ विरोध जताया और बरकट्ठा चौक के पास एक घंटे तक चक्का जाम कर दिया। मौके पर थाना प्रभारी राजेश भोक्ता दल बल के साथ व बीडीओ रेशमा डुंगडुंग ने लोगों को समझा बुझाकर शांतिपूर्ण तरीके से जाम को हटाया। बंदी के बाद लोगों ने अपनी मांगों को लेकर बीडीओ व सीओ को ज्ञापन सौंपा।वहीं लोगों ने कानूनी दायरे में रहकर केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट के प्रति नाराजगी व्यक्त किया। मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने बंदी का समर्थन किया और मांगों को जायज बताया। वहीं उपस्थित चंदवारा पूर्वी जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि सुप्रीम द्वारा लाए गए एसी एसटी वर्ग में क्रीमीलेयर के फैसले समाज को तोड़ने, लोगों को वगीर्कृत कर आपस में लडाने और एसी एसटी वर्ग के आरक्षण के साथ छेड़छाड़ करने का निर्णय है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हुआ नवसमिति का गठन, प्रो प्रदीप कुमार सिंह बने अध्यक्ष



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नवनिर्मित समिति के अध्यक्ष, प्रो प्रदीप कुमार सिंह प्राध्यापक, मार्खम कॉलेज एवं समिति के सचिव, डॉ जयप्रकाश रविदास, प्रभारी प्राचार्य डिग्री कॉलेज, बरही ने आचार्यों के साथ मंत्रणा की। मौके पर अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि विद्या भारती भारतीय संस्कृति के अनुरूप बच्चों का सर्वांगीण विकास करने में सतत रूप से प्रयत्नशील है। हम सभी के प्रयास से इस दिशा में निरंतर प्रगति होगी। ऐसा हमारा विश्वास है। हम सभी इस लक्ष्य को लेकर सतत रूप से आगे बढ़ेंगे साथ ही साथ अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करेंगे।बैठक में विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने नवनिर्मित समिति के अध्यक्ष एवं सचिव का स्वागत एवं अभिनंदन किया। बैठक में विद्यालय के आचार्य एवं दीदी उपस्थित थे।

### नव झारखंड फाउंडेशन की पहल पर प्रवासी मजदूर का शव घर लौटा



**हजारीबाग।** डांड पंचायत का एक युवक सचिंद्र यादव उम्र 35 साल मुंबई गोरे गांव मजदूरी करता था,गोरेगांव के शताब्दी हॉस्पिटल में ईलाज के दौरान 19 अगस्त को उसकी मौत हो गई।शव को वापस लाने की गुहार जब नवझारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा से मृतक के परिजनो द्वारा की गई तो उन्होंने तत्काल इसका इंतेजाम करवाया।श्री राणा ने सरकार से अनुरोध किया कि मृतक परिवार को सरकारी सहायता प्रदान करते हुए परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए।

### शीघ्र ही बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों में किया जाएगा पौधा वितरण : अनूप भाई



**हजारीबाग।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत इचाक प्रखंड क्षेत्र के पंचायत डूमरोन एवम हदारी में अनूप भाई के द्वारा पेड़ डंपिंग यार्ड बनाया गया। करीब पांच हजार पेड़ अभी तक डंप हो पाया है, जिसमे अलग अलग राज्यों से चंदन, कपूर, लौंग, रुद्राक्ष, मोहगनी, अमरूद, जामुन, कटहल, काजू आदि अनेकों प्रकार के पेड़ लाया गया है। भाजपा नेता अनूप भाई ने वादा किया था ,कि बरकट्ठा विधानसभा के अंतर्गत तमाम पंचायतों में पौधा रोपण किया जाएगा। जिसके तहत बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड के विभिन्न स्थानों में पौधों को संग्रह करके सुरक्षित स्थान पर रख दिया गया है। भाजपा नेता अनूप भाई ने बताया कि अभी फिलहाल सभी स्थानों पर पौधों को डंप करके रखा जा रहा है, ताकि एक ही बार में सभी को पौधा उपलब्ध कराया जा सके।

### भारत बंद के मौके पर शहर में भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने दुकानों को कराया बंद



**हजारीबाग।** अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में आज हजारीबाग में भीम आर्मी ने भारत बंद का आह्वान किया। हजारीबाग के डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक पर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया। भीम आर्मी के सदस्य बड़ी संख्या में डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक पर एकत्र हो गए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चौक के चारों ओर घेराबंदी कर दी जिससे सड़कों पर सन्नाटा छा गया। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने शहर के मेन रोड में घूम-घूमकर सभी दुकानों को बंद कराया। शहर के मुख मार्गों पर सन्नाटा पसर गया। वही बस स्टैंड में एक भी बस नही चले जिससे यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। एक दो स्कूल को छोड़कर सारे स्कूल एवं कॉलेज बंद थे। बंदी को देखते हुए पुलिस प्रशासन काफी मुस्तैद मुस्तैद थी और जगह-जगह पर और पुलिस के जवान थे।

#### आईसेक्ट विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के लिए किया विदाई समारोह का आयोजन

## मिस फेयरवेल बनीं अंजू व मिस्टर फेयरवेल का ताज अनुज को मिला




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में बुधवार को बीएससी व एमएससी के अंतिम सेमेस्टर में उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने विद्यार्थियों से मुखातिब होते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में जो शिक्षा आपने ग्रहण किया और व्यवहारिक तौर पर एक बेहतर इंसान बनने की जो कला विश्वविद्यालय में बताई गई, मुझे उम्मीद है कि उसे आपसब अपने जीवन में अपनाने की कोशिश करेंगे। इससे ना केवल हमारा समाज बल्कि देश पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। डीन एडमिन डॉ एसआर रथ ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और जीवन में सफल व्यक्ति बनने के साथ साथ नेक इंसान बनने की भी सलाह दी। डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा ने शिक्षा को एक ऐसी रोशनी बताया जो जीवन के अंधकार को मिटाने में मददगार है। वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार ने भी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग की तनिष्का कुमारी, अंकित, कैलाश सहित अलग-अलग सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसे मौजूद लोगों ने काफी सराहा। नेहा के नृत्य ने जहां लोगों का मन मोह लिया, वहीं ओम के नृत्य से कई पांव खुद-ब-खुद थिरकने लगे। इस बीच अंतिम सेमेस्टर में उत्तीर्ण होने वाले प्रेमचंद कुमार, अंजु कुमारी, अनुज कुमार, पूजा कुमारी सहित अन्य विद्यार्थियों ने अपने अनुभव भी साझा किए।

## न्यूज बॉक्स

### भारत बंद का कोडरमा जिले में दिखा असर

**कोडरमा।** एससी-एसटी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विरोध में बुधवार को आहूत भारत बंद का असर कोडरमा जिले में देखा गया। सुबह से विभिन्न संगठनों से जुडे बंद समर्थकों ने सड़कों पर उतर कर जगह-जगह धरना प्रदर्शन किया और रोड जाम कर दिया। बंद के समर्थन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता भी सड़क पर उतरे। इस दौरान वाहनों का परिचालन पूरी तरह से ठप है। बस स्टैंड से लंबी दूरी की गाड़ियां नहीं चलीं। इसकी वजह से यात्रियों को वापस अपने घर लौटना पड़ा। राष्ट्रव्यापी बंद के कारण जिले के बाजार आंशिक रूप से खुले। निजी शिक्षा संस्थानो व अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों मे भी ताले लटके रहे। हालांकि, सरकारी विद्यालय और सरकारी कार्यालय खुले रहे।

### बंदी के दौरान रामगढ़ में नहीं चले वाहन, यात्री रहे परेशान

रामगढ़। एससी, एसटी आरक्षण को मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये क्रीमी लेयर को चिन्हित कर उन्हें आरक्षण के दायरे से बाहर रखने के निर्णय के विरोध में बुधवार को भारत बंद का आयोजन किया गया। जिसका रामगढ़ जिला में मिलाजुला असर दिखा। सड़कें पूरी तरह सुनी दिखाई दीं और वाहनों भी परिचालन बंद रहा। बंद समर्थक सड़कों पर निकले और मुख्य मार्गों को जाम कर दिया। जिस कारण वाहन की आवाजाही नहीं हो सकी। इससे दूर जाने वाले राहगीरों को दिक्कत हुईं। दोपहर बाद वाहनों की आवाजाही सुचारु हुई। इसके बाद लोगों के आने जाने का सिलसिला आरंभ हुआ।

### पल्स पोलियो को लेकर पंचायत भवन में एकदिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**बरकट्ठा।** पंचायत भवन चुगलामों में स्वास्थ्य केंद्र चुगलामो एवं गैडा के अंतर्गत सभी बुथ कार्यकर्ताओं, सहिया दीदी,आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका एवं ग्रामीणों के साथ पल्स पोलियो कार्यक्रम को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित की गई। प्रशिक्षण का आयोजन एएनएम दीदी सुमन सिंह एवं एएनएम रेणु कुमारी की संयुक्त अध्यक्षता में हुई। वहीं सहिया साथी बसंती देवी एवं बीटीटी प्रकाश पंडित के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सहिया साथी बसंती देवी ने कहा कि पल्स पोलियो कार्यक्रम एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है और 0 से 5 साल के सभी बच्चों को दो बूंद की खुराक पिलानी है। इसके लिए 25 तारीख को बूथ पर दवा पिलाना है, 26 एवं 27 तारीख को सभी टीम घर-घर जाकर दीवार लेखन कार्य एवं छुटे बच्चों को दवा पिलाएंगे। बताया कि जिस बच्चा को दवा पिलाया जायेगा उसे उसके बायां हाथ के कनिष्ठ उंगली को रंगना है। बीटीटी प्रकाश पंडित ने प्रतिरक्षण के बारे में बताया कि जिस टोल या मोहल्ले में दो-चार बच्चे छूट गए हैं तो कोई एक निश्चित स्थान पर उसे बुलाकर एक जगह दवा पिलाया जा सकता है। इस प्रशिक्षण में सहिया दीदी,बबीता देवी, पुष्पा देवी, सावित्री देवी, मीना देवी, मंदोदरी देवी, सुनीता देवी, मीना देवी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### विभिन्न मामले में दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**बरही ।** मंगलवार को ट्रक संख्या यूपी 60बीटी-1387 पर अवैध रूप से कोयला लादकर परिवहन करते रंगे हाथ पकड़े जाने के आरोप में बरही पुलिस ने ट्रक सहित चालक को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार चालक की पहचान रितेश कुमार यादव (25 वर्ष) पिता स्व दिनेश यादव साकिन असेगी पोस्ट विद्या भवन नारायणपुर, थाना बांसडीह जिलाबलिया, उत्तर प्रदेश की रूप में को गई है. जिसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(5), 3(5), 338, 336(3), 318(4) एवं 30(!!) कोल माईन्स एक्ट के तहत थाना कांड संख्या 346/24 दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया. वही एक अन्य मामले में कांड संख्या 184/18 के फरार वारंटी सरोज कुमार मेहता उम्र 24 वर्ष, पिता बिनोद मेहता साकिन बेहराडीह थाना डोमचांच, जिला कोडरमा को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. इनके विरुद्ध आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 364, 364 (ए) दर्ज है. उक्त जानकारी बरही थाना प्रभारी ने प्रेस रिलीज जारी कर दिया.

### श्री कृष्ण जन्मोत्सव भजन संध्या का आयोजन 24 को

**बरही।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 24 अगस्त 2024 शनिवार को संध्या 5:00 बजे से बरही ब्लॉक मैदान बरही में आयोजित होगा। इस महोत्सव में सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से भी पूरी व्यवस्था की गई है,जिसमें स्थानीय प्रशासन से लेकर प्राइवेट महिला सुरक्षा कर्मी और पुरुष सुरक्षाकर्मी की व्यवस्था की गई है,साथ ही कंट्रोल रूम भी बनाया गया है,जिसमें कोने-कोने पर उउळश कैमरे, ड्रोन और क्रेन से नजर रखा जाएगा,महिलाओं के लिए विशेष रूप से बैरीकेटिन की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में विशेष रूप से,भगवान् कृष्ण का जन्म ,कृष्ण रास लीला , कृष्ण सुदामा जी का मिलन, माता गंगा के हाथों से गंगा की परवाह, भगवान शिव और नंदी जी का तांडव और उनके जटाओं से गंगा की परवाह एवं भगवान विष्णु जी का भव्य विशाल विराट स्वरूप प्रस्तुत किया जाएगा।इस अवसर पर बॉलीवुड और भोजपुरी की मशहूर भजन गायिका अनुपमा यादव , सुप्रसिद्ध गायिका अदिति राज और झारखंड के मशहूर नागपुरी कलाकार और संगीतकार मनोज शहरी अपने मधुर भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन महालक्खी चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सह भाजपा नेता चौपारण प्रखंड के करमा निवासी अविनाश आर्या चन्द्रवंशी जी और उनके टीम के द्वारा किया जा रहा है।

## तस्करी

### पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

# 6 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक व्यकि गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने 21 अगस्त को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया की गत मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार रामगढ़ थाना के पुलिस पदाधिकारियों को विशेष गश्ती का निर्देश दिया गया । जिसके उपरान्त गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ब्लू रंग का अपाची मोटरसाईकिल से राजा बंग्ला के पास ब्राउन शुगर मादक पदार्थ बेच रहा है। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। बताया की उक्त टीम द्वारा राजा बंग्ला के पास से एनडीपीएस एक्ट के नियमानुसार कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति जिसका नाम व पता- रितेश कुमार उर्फ बॉबी, पिता- रामलखन मेहता उर्फ मुन्ना, पता- आदर्श नगर, बस स्टैण्ड, थाना जिला- रामगढ़, को करीब 06 ग्राम ब्राउन शुगर, एक वजन करने वाला मशीन, एक ओप्पो कम्पनी का मोबाईल एवं एक नीला रंग का अपाची मोटरसाईकिल जिसका रजि नं0-जेएच24-जे5230 सहित विधिवत जब्त कर रितेश कुमार को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। सेक्शन 21(6)/22 एन.डी.पी. 5. एक्ट 1985 के तहत ऊपर कार्रवाई की गई

#### जब्त सामग्री

- ब्राउन शुगर- करीब 06 ग्राम (अनुमानित कीमत- एक लाख बीस हजाद रूपए।
- एक वजन करने वाला मशीन।

3. एक ओप्पो कम्पनी का मोबाईल।

- एक नीला रंग का अपाची मोटरसाईकिल रजि नं0-जेएच24-जे5230

छापामारी दल में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर, पुअनि बीरबल हेम्ब्रम, पुअनि सुमन्त कुमार राय,. पुअनि ओमकार पाल, पुअनि राजेश मुण्डा, सअनि सुजीत कुमार सिंह, सैप हवलदार विवेक तिवारी, सैप आरक्षी सोमा उरांव, गृहरक्षक महेश मुण्डा सहित अन्य शामिल थे।

### बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लें लाभ, 31 तक करा सकते हैं बीमा

**रामगढ़।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) अन्तर्गत किसानों की बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ फसल 2024 हेतु फसल बीमा करायी जा रही है। लाभ लेने हेतु किसान नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र अथवा पोर्टल पर ऑनलाईन स्वतः आवेदन के माध्यम से दे सकते हैं । बीमा कराने की अंतिम तिथि 31.08.2024 तक है। पंजीकरण में 1. आधार कार्ड 2. बैंक पासबुक 3. राजस्व पदा द्वारा निर्गत भूगि प्रमाण पत्र (नवीनतम) तत्काल उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मुखिया / प्रधान से सत्यापित वंशावली एवं भूमि विवरणी 4. बटाई प्रमाण पत्र (नोटराईज्ड शपथ पत्र) 5 स्वसत्यापित फसल बुआई प्रमाण पत्र 6. मोबाईल नम्बर वांछित है।

# गवाही से रोकने के लिए दो लोगों के अपहरण मामले में एक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** विगत 13 अगस्त को विक्की साव उम्र करीब, 35 वर्ष पिता आनन्द साव एवं शानु कुमार राणा उम्र करीब, 18 वर्ष पिता जगदीश राणा दोनों पता भुरकुंडा बाजार, थाना भुरकुंडा जिला रामगढ़ अपने घर के परिवार को शादी इंगजमेंट के अवसर पर भाड़े पर विडियोग्राफी करने के लिए काशी वाराणसी जाने की बात कहकर अपने घर से निकले थे जिनका उसी दिन समय करीब 02.00 बजे दोपहर से मोबाईल स्वीच ऑफ बताने लगा। उक्त दोनो के घर वाले कोई अनहोनी घटना के आशंका होने पर भुरकुण्डा ओपी में लिखित सूचना दिया गया जिसके आधार पर पतरातु (भुरकुण्डा) थाना कांड संख्या 214/2024, दिनांक 15/08/2024 धारा 104 (1)61(2) बीएनएस अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया। यह जानकारी बुधवार को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया की इस कांड उदभेदन के लिए पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित छापामारी टीम द्वारा भुरकुण्डा से वाराणसी जाने वाले रास्ते में कई स्थानो पर जाकर जांच पड़ताल एवं छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान पाया गया कि जिस वाहन से अपहरणकर्ता उक्त दोनो व्यक्ति को ले जाया गया था उक्त वाहन पर लगा नंबर प्लेट पर लगा अंकित नंम्बर फर्जी पाया गया।

### तिसरी के जोड़ासिमर गांव में डायरिया का प्रकोप

# आधे दर्जन से अधिक लोग बीमार

*दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया गया, वहीं इलाज के पश्चात बाकी लोगों को वापस घर भेज दिया गया।*



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)** तिसरी प्रखंड के जोड़ासिमर गांव में डायरिया के प्रकोप से अब तक आधे दर्जन से अधिक लोग बीमार हो चुके हैं। सभी का प्राथमिक इलाज किया गया जिसमें 2 लोगों को बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया गया। प्रखंड के गुमगी पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती जोड़ासिमर गांव में अचानक डायरिया फैलने से एक ही परिवार के 5 लोग बुरी तरह बीमार हो गए इसके अलावे गांव के ही 2 अन्य लोग भी बीमार बताये जा रहे हैं। मामले की जानकारी पर तिसरी स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गांव में विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। डॉ. अनिता टोप्पो के नेतृत्व में जीएनएम अनूप कुमार और लखन कुमार एम्बुलेंस के साथ मंगलवार को जोड़ासिमर गांव पहुंचे। जिसके बाद डायरिया से ग्रसित लोगों का तत्काल उपचार कर उन्हें एम्बुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र तिसरी लाया गया। जहां से 2 लोगों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया गया, वहीं इलाज के पश्चात बाकी लोगों को वापस घर भेज दिया गया। बताया जाता है कि वे लोग गांव स्थित एक पुराने कुएं से पानी पिया करते थे।कुएँ का पानी काफी दूषित था जिसके कारण वे लोग डायरिया के शिकार हुए। वहीं प्रखंड के ही लोकाय पंचायत में भी मशरूम (जंगली खोखड़ी) खाने से कुछ लोगों की तबियत बिगड़ने की बात बताई जा रही है। इस संबंध में तिसरी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. देवव्रत ने बताया कि जोड़ासिमर और लोकाय में डायरिया से कुछ लोग बीमार हुए थे सभी का उपचार किया गया, सबकी हालत अभी ठीक है।

# बीआरसी का अपना शौचालय तक नहीं स्कूल के शौचालय का करते हैं इस्तेमाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** खुले में शौच मुक्त भारत के लिए चलाए जा रहे अभियान में अरबो रुपया खर्च कर दिया गया लेकिन जलडेगा बीआरसी भवन में काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आज तक शौचालय नहीं बन पाए हैं। जब से यहां बीआरसी भवन बना है तब से ही शौचालय का काम अधूरा है। पूरे कार्यालय में पानी की सुविधा तक नही है। नतीजा ये है कि यहां के कर्मियों के साथ साथ बीआरसी आने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को स्कूली बच्चों का शौचालय इस्तेमाल करना पड़ता है। मामले पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरुण पांडे से बात करने पर उन्होंने कहा कि जब से भवन बना है तब से अधूरा है, ना दरवाजा लगा न फर्स बना है। भवन मरम्मती के लिए जिला को लिखा गया है, जिले के अधिकारियों को इसकी जानकारी भी है। लेकिन फिर भी विशेष परिस्थिति में काम करना हमलोग के लिए मजबूरी है।

### सरकारी दफ्तर है या खंडहर, बीआरसी भवन में खौफ के साए में काम करने को मजबूर कर्मचारी

**जलडेगा।** झारखंड सरकार अपने सरकारी कार्यालयों को पूरी तरह से आधुनिक बनाने में लगी है। एक ओर सरकार द्वारा पंचायतों को सशक्त बनाया जा रहा है और सभी विभागों का काम पंचायत के अधीन किया जा रहा है, राज्य सरकार स्तर से करोड़ों रुपये की लागत से कई भव्य सरकारी भवन बनाये जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जलडेगा प्रखंड अंतर्गत संचालित 109 विद्यालयों की मॉनिटरिंग करने वाले प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) कार्यालय तंगहाल है। बनने के बाद से यह भवन आज तक कभी पूरा नहीं हुआ, जिसके कारण पूरा सरकारी जर्जर हो गया है। इसे दफ्तर कहने से काम नहीं चलेगा बल्कि इसे खंडहर कहना ज्यादा उचित होगा। बीआरसी भवन पुराना होने के कारण बरामदा से लेकर, छत - छज्जा तक जर्जर हो चुका है। इस कार्यालय में पदाधिकारी-कर्मचारी जान जोखिम में डाल कर काम करते हैं, वहीं उचित रख-रखाव के अभाव और बारिश के पानी के कारण संबंधित विभाग के महत्वपूर्ण कागजात भी नष्ट हो रहे हैं।

### वज्रपात से 12 वर्षीय किशोर एवं एक बकरी की मौत

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत जोराम पंचायत के लेबरेटोली में वज्रपात की चपेट में आने से बकरी चरा रहा लगभग 14 वर्षीय किशोर आयाम कुजूर की मौत हो गयी। वही घटना में उसका एक बकरी की भी मौत हो गयी। घटना के बाद मामले की जानकारी पंचायत की मुखिया कैरोलीना सोरेंग को दी, जिसके बाद अधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी हुई। सूचना के उपरांत पुलिस भी मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में छानबीन में जुट गई है।


## कार्यालय जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सिमडेगा

**आवश्यक सूचना**

बाल कल्याण समिति सिमडेगा के पत्रांक 222/CWC/sdg /24-25 द्वारा बालक अनिश इन्दवार उम्र – 08 वर्ष, के बारे में जानकारी दी गई कि एक महिला नाम– तारसीसिया इन्दवार, ग्राम– जामटांड़, पोस्ट– बीरू, थाना–सिमडेगा, निवासी के साथ बाजार टोली, सिमडेगा में रहता था। माह फरवरी 2023 को बालक को तारसीसिया के मकान मालिक के द्वारा बाल कल्याण समिति सिमडेगा के समक्ष प्रस्तुत किया गया तब से बालक बाल कल्याण समिति सिमडेगा के संरक्षण में सहयोग विलेज बालक गृह सामटोली में आवासित है।

बालक के माता–पिता या सगे संबंधियों की जानकारी हेतु अखबार में प्रकाशित करने की आवश्यक्ता है।



बालक का नामः– अनिश इन्दवार
पिताः– अज्ञात माताः– अज्ञात उम्रः– 8 वर्ष
वनजः– 22 किलोग्राम
लिंगः– पु0 (Male)उँचाईः– 121 सें0मी0
रंगः– सांवला शारीरिक संरचनाः– सामान्य
आँख का रंग :– काला
बाल का रंग :– काला
भाषाः– सादरी, हिन्दी

नोटः– गुमशुदा अनिश इन्दवार के परिजन की जानकारी/सूचना होने पर बाल कल्याण समिति कार्यलय या मो0 न0 पर सुचित करें।

निवेदक
जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सिमडेगा

PR.NO.333227 Simdega(24-25):D


## पूर्वी टुंडी में नकली अंग्रेजी शराब से लदा पिकअप वैन पकड़ा गया

**टुंडी।** पूर्वी टुण्डी में गुप्त सूचना के आधार पर एसएसपी धनबाद को मिली जानकारी के अनुसार डीएसपी संदीप कुमार गुप्ता के निर्देश पर छापेमारी दल का गठन कर मंगलवार की देर रात गोबिन्दपुर साहेबगंज मुख्य सड़क पर हलकट्टा गांव के पास अवैध शराब लदा पिकअप वैन को पुलिस ने पकड़ा मौके से चालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा। जिसके बाद पूर्वी टुण्डी पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर थाना ले आए। धनबाद एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि मुर्गा ढोने वाले पिकअप वैन (टाटा एसीई) वाहन संख्या जेएच 11 ए एम 9251 वाहन से वृहद पैमाने पर जामताड़ा से धनबाद के रास्ते शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा है। उक्त सूचना के आलोक में हलकट्टा के पास पुलिस चेकिंग के दौरान उक्त वाहन भागने लगा भागने के क्रम में हलकट्टा के समिप निमार्णाधीन पुलिया के पास उक्त वाहन का चालक वाहन से कूदकर अंधेरे का लाभ उठाते हुए वाहन से कूदकर भाग निकला पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब बरामद हुआ जिसके बाद पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर थाने लाया और इसकी सूचना वरिय पुलिस अधिकारी को दी। बुधवार दोपहर को डीएसपी संदीप कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता कर घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जामताड़ा से धनबाद की ओर आ रही मुर्गा ढोने वाले वाहन में छिपाकर ले जाई जा रही 375 एमएल की 250 रोयल स्टैग तथा 66 बोतल इंपिरियल ब्लू की नकली अवैध शराब जब्त किया गया है। इस मामले की छानबीन की जा रही है घटना में गाड़ी के मालिक एवं चालक पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी साथ ही इस अवैध कारोबार में जुड़े लोगों को चिन्हित किया जा रहा है चिन्हित लोगों पर भी प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि संभवतः अवैध नकली शराब की खेप बिहार भेजी जा रही थी हालांकि इंपिरियल ब्लू शराब की बोतलों पर सेल फोर हरियाणा जबकि आरएस की बोतलों में सेल फोर आसाम का लेवल लगा हुआ था। छापेमारी दल में मुख्य रूप से थाना प्रभारी मदन चौधरी, एएसआई वीर अभिमन्यु, हवलदार मंगरू महतो समेत पुलिस बल शामिल थे।

# सरकार की योजनाओं को ले विपक्षी दल कर रहे दुष्प्रचार : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** प्रखंड के मालसाड़ा मकड़ी टोली में कोलेबिरा विधायक की मौजूदगी में बैठक सह वनभोज का आयोजन किया गया । उपस्थित लोगों को विधायक ने संबोधित करते हुए कहा आप लोगों की वोट की ताकत से पहली बार वर्ष 2019 में झारखंड में झारखंडियों की सरकार बनी ,जिसका प्रतिफल ये रहा कि राज्य में सरकार बनते ही समस्त राज्यवासियों के हित के लिए धड़ाधड़ फैसले लिए गए।उन्होंने कहा हमारी सरकार पुर्व सरकार की जनविरोधी नीतियों को रद्द किया ।राज्य में निवास करने वाले सभी लोगों के विकास के लिए कई योजनाओं को बना कर धरातल पर उतारने का काम किया ।अभी उसकी एक झलक मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना में दिखाई दे रही है।लेकिन विरोधी पार्टियों को झारखंड राज्य के निवासियों की चिंता नहीं है।वे सिर्फ सत्ता लोलुप हैं।इसीलिए इन जनविकास की योजनाओं के बारे में भी दुष्प्रचार करते फिर रहे हैं।वे नही चाहते कि यहाँ के मूलवासी, आदिवासी समाज के जीवन स्तर में सुधार हो।ऐसे विरोधी तत्व अभी आदिवासी समाज के हितैषी बनने का ढ़ोंग रच रहे हैं।इन्ही तत्वों में से एक जयराम महतो, जिनकी सभा कल सिमडेगा में हुई।वे आदिवासी समाज के हितैषी बनने की बात बोल कर लोगों को बरगला रहे हैं।इससे पहले जब राज्य के आदिवासी समाज के ऊपर जुल्म किया जा रहा था,तब जयराम महतो कहा थे। राज्य में जब पूर्ववर्ती सरकार ने अघोषित डिलिस्टिंग किया था। जाति प्रमाण पत्र में धर्म का कॉलम डाल कर उस समय आप कहाँ थे।जब राज्य के ईसाई समाज के धार्मिक स्थलों को ध्वस्त करने का आदेश जारी किया गया, अल्पसंख्यक स्कुलों को बंद करने का षड्यंत्र रचा गया ताकि हमारे आदिवासी ईसाई समुदाय के बच्चे अनपढ़ राह जाएं, पिछले 14 वर्षों से अल्पसंख्यक स्कुलों में शिक्षकों की बहाली रोक दी गई थी, पेशा नियमावली को बनाने एवं लागू करवाने की मांग नही उठाने की क्या वजह रही, जब भाजपा द्वारा सभी आदिवासी समाज के दखल की गैरमजरूआ जमीनों को उनसे छीनकर लैंड बैंक में डाल दिया गया। उस समय आपका ये आदिवासी हितैषी वाला रूप सामने क्यों नहीं आया।मौके पर रावेल लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि संजय कुजूर, मंडल अध्यक्ष ज्वलंत बेक, सुनील, अन्टोनी डुंगडुंग, अमित टोप्पो,प्रखंड सचिव जॉर्ज मिंज सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बोलबा खंडानिशान गांव में कुएं में डूबने से एक की मौत

**बोलबा।** बोलबा थाना क्षेत्र के मालसाडा खंडानिशान गांव में मंगलवार देर रात कुआं में गिरकर डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई मृतक की पहचान सिकंदर सिंह के रूप में हुई। घटना के संबध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक सिकंदर सिंह किसी काम को लेकर खेत की ओर गया था और आसपास मदद नहीं मिलने की वजह से मौके पर इसकी मौत हो गई ।

## बाघमारा कोयलांचल में बंद का दिखा असर, दुकानें रहीं बंद

**बाघमारा।** एससी व एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध मे मंगलवार को भारत बंद का बाघमारा कोयलांचल मे बंदी का असर मिला जुला देखा गया। बंद समर्थकों ने बाघमारा इंदिरा चौक, लुती पहाड़ी, डुमरा मोड़, हीरक चौक, राजगंज महुदा फोरलेन सड़क मार्ग पर बांस बल्ली लगाकर मार्ग अवरूद्ध कर प्रदर्शन किया। वैसे सड़को पर वैकल्पिक मार्गो से दो पहिया व चार पहिया वाहन का आवागमन होता रहा। स्थानीय पुलिस के समझाने बुझाने के बाद बाघमारा इंदिरा चौक व लुती पहाड़ी चौक मे करीब 12 बजे दोपहर के बाद सड़क जाम समाप्त हो गया। वहीं फोरलेन सड़क मार्ग से बंद समर्थको द्वारा करीब 11 बजे बांस बल्ली हटा लेने के बाद वाहनों का आवागमन शुरू हो पाया। नावागढ़, फुलारीटांड़ खरखरी, सिनीडीह आदि जगहो में चाय नास्ते के दुकान के साथ राशन के दुकान खुले थे। वैसे बाघमारा व डुमरा मे दुकानें बंद रही। सरकारी विद्यालय खुले थे जबकि प्राइवेट स्कूल बंद रहे। बाघमारा ब्लॉक कार्यालय, बैंक, ए टी एम खुले थे। बाघमारा इंदिरा चौक मे बंटी हरि के नेतृत्व में बंद किया गया। वहीं खरखरी मे फुलेन्द्र पासवान, शंकर पासवान, राजेश कुमार राम, युगल पासवान, मुन्ना पासवान, बॉबी, राहुल, अनुज , मुकेश पासवान, राम कुमार, सन्नी पासवान, मनोज पासवान, धर्मेंद्र भुइयां, मुकेश भुइयां आदि थे।

## महिला डॉक्टर और कर्मियों की सुरक्षा के लिए कमेटी गठित

**धनबाद।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई हैवानियत और हत्या से सबक लेते हुए धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल अपने महिला डॉक्टर और कर्मियों की सुरक्षा सुदृढ़ करने में लग गया है। इस दिशा में पहल कर अस्पताल प्रबंधन ने छह सदस्यीय कमेटी बनाई है। अधीक्षक स्तर से बनाई गई कमेटी की सभी सदस्य महिलाएं हैं। ये अस्पताल की हर गतिविधियों पर नजर रखेंगी। छोटी-से-छोटी संदिग्ध गतिविधियों से अधीक्षक को अवगत कराएंगी। अधीक्षक डॉ ज्योति रंजन प्रसाद द्वारा गठित कमेटी की संयोजक स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ राजलक्ष्मी तुबिद को बनाया गया है। साथ ही कमेटी की सदस्यों में क्लीनिकल पैथोलॉजी की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लीना सिंह, एनेस्थीसिया की सहायक प्राध्यापक डॉ प्रियंका हांसदा, फिजियोलॉजी की ट्यूटर डॉ सुचिमा सिन्हा, ईएनटी विभाग की इंटर्न डॉ निक्की टुडू और धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल की मातृका प्रभारी साधना दत्ता शामिल हैं। पत्र में कहा गया कि पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई घटना यहां न हो, इसके लिए कमेटी का गठन किया जा रहा है। कमेटी की सदस्यों को ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने और अनिवार्य रूप से प्रबंधन को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। आदेश की प्रतिलिपि सदस्यों के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष और अधिकारियों को भेज दी गई है।

## एक सप्ताह बाद कुएं से मिला लापता व्यक्ति का शव, हत्या की आशंका, चार हिरासत में

**चाईबासा।** मझगांव थाना क्षेत्र के पडसा सिलफोडी गांव के जंगल के समीप लंका चामपिया के जमीन मे नवनिर्मित सिंचाई कुआं से बुधवार को एक शव बरामद किया गया। बरामद शव की पहचान मझगांव थाना क्षेत्र के डाबुसाई गांव के हडुवाकमन टोला निवासी 50 वर्षीय बबलू चातार के रूप में की गई। बबलू पिछले एक सप्ताह से लापता था। एक सप्ताह के बाद शव बरामद किया गया जिसके कारण शव पूरी तरह से सड गल गया है। मृतक की पत्नी बबीता चातार ने बीते बुधवार को मझगांव थाना में सूचना दी थी कि उनका पति बबलू चातार बुधवार की सुबह अपनी बकरी चराने के लिए घर से निकला था। तब से घर वापस नहीं आए थे। जबकि बकरियां वापस घर आ चुकी थी। परिवार वालों और मझगांव थाना द्वारा काफी खोजबीन की जा रही थी, लेकिन कोई पता नहीं चल रहा था। बुधवार की सुबह ग्रामीण जंगल की ओर जा रहे थे तो कुआं से बदबू आ रही थी।


## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

**ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– RE-RDSPL/SD/HZB/04/2024-25 (2 nd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या /पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB /04/10/2024-25 | बड़कागांव | ग्राम पडरिया में अजीमुद्दीन के घर से आंगनबाड़ी केन्द्र तक गार्डवाल निर्माण। | 23475100.00 | 469502.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 2. | RDSPL/SD/HZB /04/11/2024-25 | बड़कागांव | पंचायत गरसुल्ला के ग्राम–चानो से लुरुंगा के बीच धोबनी नदी पर पुल निर्माण। | 11047900.00 | 221000.00 | 10000.00 | 9 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.09.2024 से दिनांक 13.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 333353 Rural Development(24-25)#D



## JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
## CIN :-U40108JH2013SGC001702
Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004.
Email-ID :- cesd.jseb@gmail.com

**Short E-Tender Notice**
**(Through e-procurement mode only www.jharkhandtenders.gov.in)**

Online short e-tender is invited for work of Repair/Replacement and Maintenance of defective 33/11 kV Power Substation Equipment under JBVNL including supply of spare parts and Annual Maintenance Contract (AMC) works for 2 years.

| Sl. No. | NIT No. | Name of Area Board | Estimate value (incl. GST Rs). (In Crs.) | EMD value (Incl. GST) (Rs. In Crs.) | Tender Cost (Incl. GST) (In Rs.) | Downloading/ Sale of Tender Document | Last Date of submission of Tender Document | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 106/PR/ JBVNL /24-25 | Ranchi | 31.04 | 0.62 | 11,800 | 22.08.24 | 06.09.24 up to 03:00 PM | 09.09.24 after 03:00 PM |
| 2 | 107/PR/ JBVNL /24-25 | Jamshedpur | 22.13 | 0.44 | | | | |
| 3 | 108/PR/ JBVNL /24-25 | Hazaribagh | 10.13 | 0.20 | | | | |
| 4 | 109/PR/ JBVNL /24-25 | Giridih | 17.33 | 0.35 | | | | |
| 5 | 110/PR/ JBVNL /24-25 | Dhanbad | 7.64 | 0.15 | | | | |
| 6 | 111/PR/ JBVNL /24-25 | Dumka | 9.91 | 0.02 | | | | |
| 7 | 112/PR/ JBVNL /24-25 | Medininagar | 10.08 | 0.02 | | | | |

Further details against the above Tender can be obtained from website http:jharkhandtenders.gov.in and may be contacted on Mobile No. 8709711244/ 8936066052/ NIC helpline No. 0651-2400178. Submission of bid document fee and EMD will be accepted through online mode only and it's receipt should be submitted to the office of undersigned on or before 06.09.2024.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (STN) JBVNL

PR.NO.333339 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25):D



## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, खूँटी

**आम सूचना :-**

पशुपालकों के लिए विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन पशुओं में होने वाले संक्रमक एंव अन्य बीमारियों की बड़े स्तर पर एक साथ चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित् करने तथा पशुपालकों में जागरूकता लाने के लिए विभाग द्वारा विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2024–25 में खूँटी जिलान्तर्गत विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन की सूची निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | प्रखंड का नाम | क्र0 सं0 | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सा का नाम | पदनाम | दूरभाष सं0 | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | खूँटी | 1 | गुटजोरा | गुटजोरा | 02.09.2024 | डॉ0 गीतांजली कच्छप | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, खूँटी | 8210276170 | |
| | | 2 | फूदी | सेलदा | 04.09.2024 | | | | |
| | | 3 | मुरही | बांधटोली | 06.09.2024 | | | | |
| | | 4 | भण्डरा | भण्डरा | 09.09.2024 | | | | |
| | | 5 | सिलादोन | सिलादोन | 11.09.2024 | | | | |
| | | 6 | लान्दुप | पंचायत भवन | 13.09.2024 | | | | |
| | | 7 | मारंगहादा | भूत | 16.09.2024 | | | | |
| | | 8 | बारूडीह | इन्दी | 18.09.2024 | | | | |
| | | 9 | तिरला | जोजोटोली | 20.09.2024 | | | | |
| | | 10 | डाड़ीगुटू | डाड़ीगुटू | 23.09.2024 | | | | |
| | | 11 | बिरहू | रेवा | 25.09.2024 | | | | |
| | | 12 | तिलमा | तिलमा | 27.09.2024 | | | | |
| 2 | तोरपा | 13 | जरीया | खिजुरटोली | 02.09.2024 | डॉ0 सुरेश कुमार | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोड़मा | 7250379473 | |
| | | 14 | ओकड़ा | सारिदकेल | 04.09.2024 | | | | |
| | | 15 | सुन्दारी | सेमरटोली | 06.09.2024 | | | | |
| | | 16 | डोड़मा | बुरका | 09.09.2024 | | | | |
| | | 17 | कमड़ा | बास्की | 11.09.2024 | | | | |
| | | 18 | हुसीर | कुमांग | 13.09.2024 | | | | |
| | | 19 | फटका | चुरदाग | 16.09.2024 | | | | |
| | | 20 | तपकरा | कोचा | 18.09.2024 | | | | |
| | | 21 | तोरपा पूर्वी | सरनाटोली | 02.09.2024 | डॉ0 लोलेन कण्डुलना | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तोरपा | | |
| | | 22 | तोरपा पश्चिमी | सहारा टोली | 04.09.2024 | | | | |
| | | 23 | अम्मा | बनई टोली | 06.09.2024 | | | | |
| | | 24 | दियांकेल | गुफु | 09.09.2024 | | | | |
| | | 25 | उड़ीकेल | महुआ टोली | 11.09.2024 | | | | |
| | | 26 | मर्चा | बनाबीरा | 13.09.2024 | | | | |
| | | 27 | उकड़ीमाड़ी | नावा टोली | 16.09.2024 | | | | |
| | | 28 | बारकुली | जागू | 18.09.2024 | | | | |
| 3 | मुरहू | 29 | मुरहू | मुरहू | 02.09.2024 | डॉ0 विनय कुमार झा | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मुरहू | 8002684981 | |
| | | 30 | गोड़ाटोली | सेल्दा | 04.09.2024 | | | | |
| | | 31 | गनालोया | बिरमकेल | 06.09.2024 | | | | |
| | | 32 | कोड़ाकेल | कुरकी | 09.09.2024 | | | | |
| | | 33 | रूमूतकेल | जमड़ा | 11.09.2024 | | | | |
| | | 34 | हास्सा | माहिल | 13.09.2024 | | | | |
| | | 35 | कुंजला | मुण्डा कुंजला | 16.09.2024 | | | | |
| | | 36 | बिचना | बिचना | 18.09.2024 | | | | |
| | | 37 | कुदा | ओतोंगओड़ा | 20.09.2024 | डॉ0 विजय कुमार नाग | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, मुरहू | 9798622959 | |
| | | 38 | केवड़ा | ईट्टी | 23.09.2024 | | | | |
| | | 39 | हेठगोवा | हेठगोवा | 25.09.2024 | | | | |
| | | 40 | गुटुहातु | गुटुहातु | 27.09.2024 | | | | |
| | | 41 | दिगड़ी | दिगड़ी | 30.09.2024 | | | | |
| | | 42 | इंदीपीड़ी | इंदीपीड़ी | 04.10.2024 | | | | |
| | | 43 | बिन्दा | बिन्दा सुमलैंग | 07.10.2024 | | | | |
| | | 44 | कूड़पूर्ती | सोयको | 09.10.2024 | | | | |
| 4 | अड़की | 45 | सरगेया | बारूबेड़ा | 02.09.2024 | डॉ0 सुरेन्दर कुमार राम | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, अड़की | 9955324703 | |
| | | 46 | उपरबालालौंग | उपरबालालौंग | 04.09.2024 | | | | |
| | | 47 | हुँठ | हुँठ | 06.09.2024 | | | | |
| | | 48 | सोसोकुटी | खेसारीबेड़ा | 09.09.2024 | | | | |
| | | 49 | नौढ़ी | पुरतु तिरिलडीह | 11.09.2024 | | | | |
| | | 50 | पुरनानगर | गितिलबेड़ा | 13.09.2024 | | | | |
| | | 51 | अड़की | लुपूगंहातु | 16.09.2024 | डॉ० दीपक मैथ्यू एक्का, | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, अड़की | | |
| | | 52 | सिन्दरी | बान्दु | 18.09.2024 | | | | |
| | | 53 | बाडीनिजकेल | उलीहातु | 02.09.2024 | | | | |
| | | 54 | तोडांग | कोरवा | 04.09.2024 | | | | |
| | | 55 | तिनतिला | तिनतिला | 06.09.2024 | | | | |
| | | 56 | बीरबांकी | चुकलू | 09.09.2024 | डॉ0 ललित कुमार गागराई | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बीरबांकी | 9572339783 | |
| | | 57 | मदहातु | पड़ासू | 11.09.2024 | | | | |
| | | 58 | कोचांग | सिंजुडी | 13.09.2024 | | | | |
| | | 59 | बोहण्डा | कुरूंगा | 16.09.2024 | | | | |
| | | 60 | तिरला | तिरला | 18.09.2024 | | | | |
| 5 | रनिया | 61 | जयपुर | गड़सीदम | 02.09.2024 | डॉ0 अनिल कुमार नायक | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, रनिया | | |
| | | 62 | ताम्बा | बेलसियागड़ | 04.09.2024 | | | | |
| | | 63 | खटखुरा | खटखुरा | 06.09.2024 | | | | |
| | | 64 | सोदे | सोदे | 09.09.2024 | | | | |
| | | 65 | खटंगा | कोड़ाकेल | 11.09.2024 | | | | |
| | | 66 | डाहु | डाहु | 13.09.2024 | | | | |
| | | 67 | बनई | ईटम | 16.09.2024 | | | | |
| 6 | कर्रा | 68 | कर्रा | कुदा | 02.09.2024 | डॉ0 सौरभ आनन्द | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, कर्रा | | |
| | | 69 | बमरजा | सरदुला | 04.09.2024 | | | | |
| | | 70 | कुदलुम | चलडाण्डू | 06.09.2024 | | | | |
| | | 71 | डुमरगढ़ी | बुड़ीरोमा | 09.09.2024 | | | | |
| | | 72 | सुनगी | पलसा | 11.09.2024 | | | | |
| | | 73 | जुरदाग | पड़गांव | 13.09.2024 | | | | |
| | | 74 | डेहकेला | डेहकेला | 16.09.2024 | | | | |
| | | 75 | धुनसुली | चापी | 18.09.2024 | | | | |
| | | 76 | हाकाजांग | बालालौंग | 20.09.2024 | | | | |
| | | 77 | कच्चाबारी | तुमना | 23.09.2024 | | | | |
| | | 78 | छाता | कुर्से | 25.09.2024 | | | | |
| | | 79 | लोधमा | लोहागाड़ा | 27.09.2024 | | | | |
| | | 80 | मेहा | मेहा | 30.09.2024 | | | | |
| | | 81 | लरता | लरता | 02.09.2024 | डॉ0 प्रदीप कुमार | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, गोविन्दपुर | | |
| | | 82 | जरिया | नौरिंगा | 04.09.2024 | | | | |
| | | 83 | गोविन्दपुर | जलंगा | 06.09.2024 | | | | |
| | | 84 | लिमड़ा | समुन्दर | 09.09.2024 | | | | |
| | | 85 | बकसपुर | छोटका रेगरे | 11.09.2024 | | | | |
| | | 86 | उड़ीकेल | भुसूर | 13.09.2024 | | | | |

जिला पशुपालन पदाधिकारी
खूँटी

PR 333233 Animal Husbandry (24-25)_D

संपादकीय

## भारत बंद : स्वेच्छा जबरन और नुकसान

देश का सबसे पहला भारत बंद 1862 में लगा था। उस समय देश में अंग्रेजों का राज था, उनकी प्रताड़ना से पूरा देश त्रस्त था। स्वतंत्रता आंदोलन में स्वेच्छा से बंद होते थे ।सवाल ये उठता है कि क्या देश का संविधान भारत बंद या हड़ताल को किसी भी नागरिक का मौलिक अधिकार मानता है या नहीं? क्या कानून किसी तरह से लोगों को भारत बंद या हड़ताल की इजाजत देता है? अब संविधान का अनुच्छेद 19 (1) (c) देश के किसी भी नागरिक को यूनियन बनाने का अधिकार देता है। वहीं 19 (a) के तहत सभी को अभिव्यक्ति की आजादी मिलती है। इसी तरह विरोध प्रदर्शन को भी 19 (a) में शामिल किया जा सकता है, वो एक प्रकार की अभिव्यक्ति है। लेकिन फर्क ये रहता है कि वो प्रदर्शन हिंसक नहीं होना चाहिए, पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। बड़ी बात ये है कि संविधान में कही भी हड़ताल, बंद जैसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया गया है। साफ कहा गया है कि हड़ताल, चक्का जाम और बंद किसी का मौलिक अधिकार नहीं हो सकता है। यानी कि संविधान को सहारा बनाकर भारत बंद का ऐलान नहीं किया जा सकता है। ये अलग बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही कई फैसलों में विस्तृत गाइडलाइन जारी कर रखी है। उन गाइडलाइन्स के मुताबिक अगर हड़ताल या बंद किया भी जा रहा है, तो पहले आयोजकों को पुलिस से मुलाकात करनी होगी, शांति बनाए रखने का आश्वासन देना होगा। इसी तरह हड़ताल के दौरान लाठी, ब्लेड की इजाजत नहीं जाएगी। वही जिस जगह पर हड़ताल या बंद चल रहा है, उस एरिया की जिम्मेदारी पुलिस के सर्वोच्च अधिकारी को दी जानी चाहिए। इसके अलावा अगर हड़ताल या बंद के दौरान पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान हुआ है तो उस स्थिति में जितना नुकसान हुआ है, उसकी दोगुनी रकम बतौर जुमार्नी वसूली जा सकती है।इस भारत बंद का एक हैरान कर देने वाला पहलू ये है कि ऐसे प्रदर्शनों की वजह से देश की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होता है। कई रिपोर्ट्स में दावा हो चुका है कि एक दिन के भारत बंद से हजारों करोड़ की चपत लगती है। असल में जब कई कारखाने बंद हो जाते हैं, जब कई सेवाएं घंटों के लिए रोक दी जाती हैं, इसका सीधा असर आम आदमी पर पड़ता है। इसी कड़ी में फेडरेशन ऑफ इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज बताती है कि भारत बंद से कितना नुकसान होगा, इसका आकलन इस बात से भी किया जाता है कि आखिर किस वर्ग की तरफ से इसका आव्हान किया गया है। उदाहरण के लिए अगर बैंक कर्मचारी बंद का ऐलान करते हैं तो उस स्थिति में बैंकिंग सेवाएं बाधित हो जाएंगी। उससे देश को करीब 25 हजार करोड़ का नुकसान होगा। अगर मजदूर हड़ताल पर चले जाएंगे तो देश को करीब 26 हजार करोड़ की चपत लगेगी।

> अब संविधान का अनुच्छेद 19 (1) (c) देश के किसी भी नागरिक को यूनियन बनाने का अधिकार देता है। वहीं 19(a) के तहत सभी को अभिव्यक्ति की आजादी मिलती है।

# पोषण सुरक्षा के लिए उचित दर की दुकानों का पुनः अभिविन्यास



चमन प्रकाश, एक उचित दर दुकान (एफपीएस) डीलर हैं जो उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के प्रताप विहार ब्लॉक में पिछले 11 वर्षों से खाद्यान्न वितरित कर रहे हैं। इस क्षेत्र में एक मात्र एफपीएस डीलर होने के कारण वे 1,500 से अधिक परिवारों को सेवा प्रदान करते हैं। समुदाय में एक विश्वसनीय व्यक्ति के रूप में उनकी प्रतिष्ठा विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के कारण हुए व्यवधानों के दौरान और भी महत्वपूर्ण हो गई, जब लाभार्थी अपनी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) से जुड़ी पात्रताओं पर बहुत अधिक निर्भर थे। प्रकाश, देश भर के उन 5.3 लाख डीलरों में से एक हैं, जो अंतिम छोर तक खाद्यान्न वितरण एजेंट के रूप में कार्य करते हैं और पीडीएस के माध्यम से 80 करोड़ से अधिक व्यक्तियों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इन एफपीएस को राज्य सरकारों द्वारा लाइसेंस दिया जाता है और इनका प्रबंधन भी किया जाता है तथा डीलरों को अपनी दुकानों पर प्रति क्विंटल लेन-देन के आधार पर डीलर मार्जिन के माध्यम से मुआवजा मिलता है। तथापि, एफपीएस के माध्यम से खाद्यान्न वितरण प्रत्येक माह 7-10 दिनों की अवधि में केंद्रित होता है। माह के शेष दिनों में, ये दुकानें कम उपयोग में रहती हैं, जिससे डीलरों को कोई अतिरिक्त आय का अवसर नहीं मिलता है। एफपीएस में भौतिक और मानव संसाधनों का इस प्रकार से उपेष्टतम उपयोग से, आवश्यक अंतिम छोर तक वितरण नेटवर्क की आर्थिक व्यवहार्यता और स्थिरता को खतरा पहुंचता है। पिछले एक दशक में, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने एफपीएस को आधुनिक बनाने के लिए विभिन्न क्रियाकलाप लागू किए हैं। सभी एफपीएस में इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ सेल (ई-पॉस) डिवाइस लगाए गए हैं, और लगभग 100% लेन-देन अब आधार द्वारा बायोमेट्रिक रूप से प्रमाणित होते हैं। खाद्यान्नों का सही वजन सुनिश्चित करने के लिए ई-पीओएस उपकरणों को इलेक्ट्रॉनिक तराजू से जोड़ने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है, जिसे 2024 के अंत तक पूरा किया जाना है। राज्यों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत मॉडल एफपीएस विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, जिसमें लाभार्थियों के लिए प्रतीक्षा क्षेत्र, बैठने की व्यवस्था और पीने के पानी जैसी सुविधाएं हों। राज्य सरकारों को एफपीएस डीलरों के लिए अतिरिक्त आय के स्रोत सृजित करने हेतु कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) सेवाओं और बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) सेवाओं जैसी अतिरिक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए सशक्त बनाया गया है। जनवरी, 2024 में, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) में एफपीएस को ऑनबोर्ड करने के लिए एक प्रायोगिक (पायलट) कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य एफपीएस के ग्राहक आधार को विस्तार देना और उसकी व्यवहार्यता को बढ़ाना है। यद्यपि, एफपीएस की आर्थिक स्थिरता डीलरों और सरकार दोनों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। एक अन्य गंभीर चुनौती लाभार्थियों की पोषण सुरक्षा रही है। वर्तमान में, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग केवल पीडीएस के माध्यम से ऊर्जा देने वाले (एनर्जी रिच) अनाज (चावल और गेहूं) प्रदान करता है, जबकि आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पोषण संबंधी कमियों का सामना कर रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के आंकड़े उच्च एनीमिया दरों को दशार्ते हैं : 6 से 59 महीने की आयु के बच्चों में 67.1%, 15 से 49 वर्ष की आयु की महिलाओं में 57% और 15 से 49 वर्ष की आयु के पुरुषों में 25%। इसके अतिरिक्त, पांच साल से कम उम्र के बच्चों में स्टंटिंग, वेस्टिंग और कम वजन के मुद्दे बने हुए हैं। अतः, एफपीएस डीलरों के लिए आय के अवसरों को बढ़ाने के साथ-साथ आहार विविधीकरण के माध्यम से जनसंख्या के पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने जैसे दोहरे दृष्टिकोण (डुअल अप्रोच) की आवश्यकता है। इन दो चुनौतियों पर काबू पाने के लिए, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने 60 एफपीएस- गाजियाबाद, जयपुर, अहमदाबाद और हैदराबाद प्रत्येक में 15 एफपीएस को जनपोषण केंद्र(जेपीके) में परिवर्तित करने के लिए एक प्रायोगिक (पायलट) कार्यक्रम शुरू किया है। ये केंद्र, अन्य मदों के अलावा, खुले बाजार की तुलना में प्रतिस्पर्धी कीमतों पर पोषक तत्वों से भरपूर वस्तुओं जैसे मिलेट्स (श्री अन्न), दालें, खाद्य तेल और सोयाबीन की एक विविध रेंज पेश करेंगे। जेपीके का उद्देश्य लाभार्थियों और स्थानीय आबादी के बीच पोषण संबंधी अंतर को दूर करते हुए डीलरों के लिए अतिरिक्त राजस्व स्रोत और बेहतर मार्जिन प्रदान करना है। एफपीएस का जेपीके में बदलाव चार प्रमुख स्तंभों पर निर्भर करता हैः (i) एफपीएस डीलरों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, (ii) चालान वित्तपोषण (इन्वॉइस फाइनैन्सिंग) के माध्यम से एफपीएस डीलरों के लिए कार्यशील पूंजी तक पहुंच, (iii) बी2बी एग्रीगेटर्स के माध्यम से बाजार संपर्क, और (iv) पोषण संबंधी साक्षरता को बढ़ावा देना। एफपीएस डीलरों की क्षमता बढ़ाने के लिए, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो कौशल विकास मंत्रालय के तहत काम करता है। इस साझेदारी का उद्देश्य वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, पोषण संबंधी साक्षरता और व्यवसाय प्रबंधन पर केंद्रित कौशल विकास कार्यक्रम प्रदान करना है।

आज की बात



संजीव चोपड़ा
भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव

आपकी बात

## एक हत्याकांड के सहारे राहुल की फिर हिंदुओं को बांटने की साजिश



संजय सक्सेना

कांग्रेस के 'ब्रांड अम्बेसडर्र' और रायबरेली के सांसद राहुल गांधी जिस तरह की जातिवादी राजनीति कर रहे है,वह देश और समाज के लिये काफी घातक है। राहुल गांधी अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिये हिन्दू समाज को बांटने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। यह सिलसिला राहुल ने काफी पहले शुरू कर दिया था। इस साल हुये आम चुनाव के बाद तो राहुल ने हिंदुओं को बांटने की साजिशें और भी तेज कर दी हैं। आश्चर्य की बात यह है कि पारसी दादा फिरोज घांडी के पौत्र राहुल गांधी अपनी जाति धर्म तो छिपाते हैं पर हर हर हिन्दू युवक से उसकी जाति पूछना वह अपना अधिकार समझते हैं। सबसे पहले जान लेते हैं कि राहुल गांधी के दादा फिरोज घांडी को गांधी उपनाम कैसे मिला? कई किताबें कहती हैं कि घांडी फिरोज का कुलनाम था, जो पारसी धर्म में एक जाति विशेष का उपनाम होता है। फिरोज का उपनाम घांडी लोगों की जुबान पर नहीं चढ़ा था,एक तो घांडी उपजाति वाले पारसियों की आबादी बेहद कम थी दूसरे उस समय तो सब गांधी के पीछे भाग रहे थे। अज्ञानतावश लोग फिरोज घांडी को भी फिरोज गांधी कहकर बुलाने लगे,जिसका फिरोज को फायदा भी मिला, इसलिये उन्होंने कभी इसका विरोध नहीं किया, लेकिन यह भी हकीकत है कि वह मरते दम तक पारसी ही रहे उन्होंने अपना धर्म नहीं बदला। पारसी समाज के रीतिरिवाज के अनुसार ही उनकी अंतिम क्रिया हुई थी। खैर, यह सब इस लिये याद आ गया क्योंकि राहुल गांधी एक बार फिर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में हुई एक हत्या के सहारे हिन्दुओं को आपस में लड़ाने के लिये बिसात बिछा रहे हैं। बता दें पिछले दिनों राबयरेली में आपसी लड़ाई झगड़े में पासी समाज के युवक अर्जुन की हत्या कर दी गई थी। यह एक आपराधिक घटना थी जिसे राहुल गांधी ने दलित बनाम सवर्ण सियासत में बदल दिया।अपनी इसी सियासी महत्वाकांक्षा को पूरी करने के लिये 20 अगस्त मंगलवार को रायबरेली पहुंचे। उन्होंने यहां अर्जुन पासी के परिजनों से मुलाकात की। भरोसा दिया कि उत्पीड़न के मामले को सड़क से सदन तक उठाया जाएगा। राहुल गांधी इस हत्याकांड के सहारे अगड़ों और दलितों के बीच खाई पैदा करने का कुचक्र रचने लगे। बता दें राहुल गांधी दलित समाज के युवक अर्जुन पासी के मामले को लेकर विधानसभा की 103 सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं ।उनकी पार्टी यह भी रणनीति बना रही है कि दलितों से जुड़े मुद्दे पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भी अब अर्जुन पासी की हत्या का मुद्दा उठाया उत्तर प्रदेश में जाटवों के बाद पासी दूसरा सबसे बड़ा दलित समुदाय है, जो राज्य की कुल अनुसूचित जाति आबादी का लगभग 16 प्रतिशत है। समाज के लोगों का दावा है कि वे करीब 103 सीटों पर प्रभाव रखते हैं, जिसमें 70 सीटें ऐसी हैं, जहां पासी समाज ही निर्णायक भूमिका में हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

## सरकारी नौकरियों में लैटरल एंट्री पर हंगामा गलत



आर.के. सिन्हा
लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में अहम पदों को संभालने के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने हाल ही में लैटरल एंट्री या कहें कि पार्श्व प्रवेश के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों के चयन के लिए एक विज्ञापन अखबारों में निकलवाया था। इसी को लेकर देशभर में गैर-जरूरी हंगामा खड़ा हो गया या निहित स्वार्थ से भरे लोगों द्वारा खड़ा कर दिया गया था। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्र सरकार में लैटरल एंट्री पर रोक लगा दी गई है। यूपीएससी से कहा गया है कि वो लैटरल एंट्री से नियुक्ति न करे। कार्मिक विभाग के मंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी चेयरमैन प्रीति सूदन को पत्र लिखकर कहा है कि इस नीति को लागू करने में सामाजिक न्याय और आरक्षण का ध्यान रखा जाना चाहिए। बात बस इतनी सी थी कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने एक विज्ञापन जारी कर कहा था कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में वरिष्ठ पदों पर काम करने के लिए ₹प्रतिभाशाली भारतीय नागरिकों₹ की तलाश है। इन पदों में 24 मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के शामिल हैं, जिनमें कुल 45 पदों पर भर्ती होनी है। इस विज्ञापन के छपने के बाद कांग्रेस के नेता राहुल गांधी सबसे ज्यादा हंगामा काट रहे थे। कह रहे थे कि केन्द्र सरकार सरकारी विभागों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े लोगों को भर्ती करना चाहती है। हालांकि हमेशा की तरह राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए किसी तरह के प्रमाण देने की जरूरत तक नहीं महसूस नहीं की। वे वैसे भी राहुल गाँधी जी हवाई बातें-दावे करने में माहिर हैं। काश, राहुल गांधी को यह पता तो होगा ही कि देश के दस सालों तक प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह को देश का वित्त सचिव तक लेटरल एंट्री के माध्यम से ही बनाया गया था। वह तो तब तक तो वे दिल्ली विश्व विद्लाय में पढ़ा रहे थे। इसी तरह से मंटेक सिंह आहलूवालिया को भी कांग्रेस सरकार ने ही योजना आयोग का चेयरमैन बना दिया था। उनकी नियुक्ति भी उसी तरह से हुई थी जिस तरह से डॉ मनमोहन सिंह की खुद की हुई थी। राहुल गांधी और कांग्रेस के कुछ नेता कह रहे थे कि यूपीएससी की भर्ती की यह प्रक्रिया 'पीछे के दरवाजे से भर्ती' है। इसे अंग्रेजी में बैक एंट्री भी कहा जा रहा है। अब कांग्रेस के नेताओं से यह तो पूछा ही पूछा जाना चाहिए कि सैम पित्रोदा और रघुरामन राजन कौन थे? उन्हें किस आधार पर सरकार में लैटरल एंट्री के तहत ऊंचे पदों पर नौकरी दी गई थी? **(ये इनके निजी विचार हैं)**

फेसबुक वॉल से

**Harivansh**
21m ·

दशकों बाद चतरा (झारखंड) जाना हुआ. द प्रेस क्लब ऑफ चतरा के सौजन्य से. चतरा के आत्मीय पत्रकार साथियों ने 'भावी दुनिया में भारत' विषय पर व्याख्यान रखा था. चतरा और उसके आसपास हुए बदलाव को देखा. आयोजन में झारखंड सरकार के माननीय मंत्री सत्यानंद भोक्ता जी, चतरा के लोकप्रिय सांसद कालीचरण सिंह जी, चतरा के युवा उपायुक्त रमेश घोलप जी समेत अनेक गणमान्य लोग सहभागी बने. इस सार्थक आयोजन के लिए प्रेस क्लब, चतरा का आभार.




You, Sushil Bharti and 21 others · 5 comments
Like · Comment · Send · Share

X से

**Deepak Sharma** @SonOfBharat7 · 1h

नीले आतंकियों ने की
35 बच्चों को जिन्दा जलाने की साज़िश...

बिहार के गोपालगंज में भारत बंद के नाम पे एक स्कूल बस को आग लगाने की कोशिश की

पर ईश्वर की कृपा से सभी बच्चे सुरक्षित हैं...

लेकिन कई बच्चे सदमे में हैं जिन्हे अस्पताल ले जाया गया है



327 · 1.5K · 2.8K · 43K

अलग बात

## विनिर्माण क्षेत्र में बदलती भारत की तस्वीर



प्रहलाद सबनानी

भारत में आज भी देश की लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण इलाकों में निवास कर रही है और वह अपने रोजगार के लिए सामान्यतः कृषि क्षेत्र पर निर्भर है तथा देश की कुल अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान केवल 16-18 प्रतिशत के आसपास बना रहता है। अब यदि देश की 60 प्रतिशत आबादी देश के सकल घरेलू उत्पाद में केवल 16-18 प्रतिशत तक का योगदान दे पा रही है तो स्वाभाविक रूप से इस क्षेत्र में गरीबी तो बनी ही रहेगी। परंतु, यह स्थिति अब धीरे धीरे बदल रही है क्योंकि हाल ही के वर्षों में भारत के विनिर्माण क्षेत्र का योगदान देश के सकल घरेलू उत्पाद में बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते ग्रामीण इलाकों के नागरिक शहरी क्षेत्रों में स्थापित की जा रही विनिर्माण इकाईयों में रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने के उद्देश्य से शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। विनिर्माण क्षेत्र में कई ऐसे नए क्षेत्र भी उभरकर सामने आए हैं जिन क्षेत्रों में भारत में उत्पादन बहुत कम मात्रा में होता रहा है। उदाहरण के लिए रक्षा क्षेत्र, दवा क्षेत्र, सेमी-कंडक्टर निर्माण क्षेत्र एवं आरटीफिशियल इंटेलिजेन्स का क्षेत्र आदि का वर्णन यहां प्रमुख रूप से किया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में स्वदेशी रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन की मात्रा 1.27 लाख करोड़ रुपए की रही है जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय 16.7 प्रतिशत अधिक है। यह भारत सरकार द्वारा देश में उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी नीतियों और सरकार के प्रयासों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है। वर्तमान में रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन करने वाली इकाईयों में सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रयास किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान उक्त वर्णित उत्पादन में सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों का योगदान 79.2 प्रतिशत का रहा है जबकि निजी क्षेत्र की कम्पनियों का योगदान 20.8 प्रतिशत का रहा है। हर्ष का विषय तो यह भी है कि रक्षा के क्षेत्र में भारत में निर्मित किए जा रहे उत्पादों की अन्य देशों में भारी मांग निर्मित होती जा रही है और इन उत्पादों का निर्यात भी लगातार बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपए के मूल्य का निर्यात भारत से विभिन्न देशों में किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत अधिक है और यह भारत में रक्षा के क्षेत्र में हुए कुल उत्पादन का लगभग 20 प्रतिशत है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

> जब आप मन को अपने कर्मों के प्रभावों के आगे झुकने नहीं देते, तो आपके कर्मों के प्रभावों में आपको क्षति पहुंचाने की शक्ति अत्यन्त कम हो जाती है। इसे याद रखें।

## विपत्ति के समय शक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

उसे शान्त करने से आप उसकी कड़वाहट को कम कर सकते हैं तथा चोट पहुँचाने की उसकी इच्छा को मिटा सकते हैं। जब आप मन को अपने कर्मों के प्रभावों के आगे झुकने नहीं देते, तो आपके कर्मों के प्रभावों में आपको क्षति पहुँचाने की शक्ति अत्यन्त कम हो जाती है। इसे याद रखें। पिछले गलत कर्मों के बुरे प्रभाव को आप वर्तमान में सही कर्मों को गतिशील करके, उनके अच्छे प्रभावों से प्रभावहीन कर सकते हैं, और इस प्रकार अपने बुरे कर्मों के फलीभूत होने के लिए अनुकूल वातावरण बनने को रोक सकते हैं। जब आप स्वयं को ईश्वर की सन्तान के रूप में पहचान लेते हैं, तब आपका कौन-सा कर्म रह जाता है? ईश्वर का कोई कर्म नहीं है। और जब आप यह जान लेते हैं कि आप उनकी सन्तान हैं, तो आपका भी कोई कर्म नहीं रहता। प्रतिदिन आपको यह प्रतिज्ञापन करना चाहिए, मैं नश्वर प्राणी नहीं हूँ, मैं शरीर नहीं हूँ। मैं ईश्वर की सन्तान हूँ। यही ईश्वर की उपस्थिति का अभ्यास है। ईश्वर कर्मों से मुक्त हैं। आपका सृजन उनके प्रतिबिम्ब में हुआ है। आप भी कर्मों से मुक्त हैं। किसी को आपसे यह कहने की अनुमति न दें कि आपके दुःख या समस्याएँ आपके कर्म हैं। आप (आत्मा) का कोई कर्म नहीं है। आदि शंकराचार्य ने कहा थाः मैं ब्रह्म के साथ एक हूँ, मैं 'वह' हूं। यदि आप इस सत्य का अनुभव कर लें, तो आप एक देवता हैं। परन्तु यदि आप मानसिक प्रतिज्ञापन करते रहें, मैं देवता हूँ और मन की पृष्ठभूमि में यह सोचते रहें, परन्तु ऐसा लगता है कि मैं एक नश्वर प्राणी हूं। **(क्रमशः)**

इतिहास की बात

## पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई होल्कर



शिवप्रकाश

पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई होल्कर, का जीवन सादगीपूर्ण एवं शासन शैली संवेदनशील, सहज, धर्मनिष्ठ, न्यायप्रिय एवं लोक कल्याणकारी थीं। इन्हीं गुणों के कारण उनकी प्रजा उन्हें सदैव लोकमाता के रूप में देखती थी। उनके अप्रतिम गुणों को देखकर ब्रिटिश इतिहासकार जॉन केयस ने उन्हें दार्शनिक रानी की उपाधि दी। अहिल्याबाई पिता मंकोजीराव शिंदे एवं माता सुशीलाबाई के परिवार में 31 मई 1725 को जन्मी थीं। उनका जन्मस्थान चौंडी (अहमदनगर, महाराष्ट्र) था, जो अब अहिल्यानगर के नाम से ही परिवर्तित हो गया है। धनगर जाति में जन्म लेने के बाद भी उनकी प्रतिभा को पहचानकर पेशवा बाजीराव एवं मल्हारराव होल्कर दोनों के परस्पर परामर्श के उपरान्त अहिल्याबाई का विवाह मल्हारराव ने अपने पुत्र खंडेराव के साथ संपन्न कराया । युद्ध में वीरगति प्राप्त होने के कारण उनको पति वियोग सहना पड़ा । अपने जीवन काल में उन्होंने श्वसुर मल्हार राव होल्कर, नवासे (पुत्री के पुत्र) एवं पुत्री सभी की असमय मृत्यु को देखा। इसी असहय वेदना को सहते-सहते वे स्वयं भी 70 वर्ष की उम्र में 1795 में संसार छोड़कर चली गई। पति की मृत्यु के पश्चात अपने श्वसुर के आग्रह पर उन्होंने राजकाज सम्हालना प्रारंभ किया। उनका शासन प्रजावत्सल, न्यायप्रिय, सुशासन का प्रतीक था। धर्म के प्रति भक्ति के कारण उन्होंने अपनी राजधानी इंदौर से परिवर्तित कर पवित्र नदी नर्मदा के किनारे महेश्वर में स्थानांतरित की। उनका महेश्वर में राजधानी स्थानान्तरित करने का उद्देश्य था कि राज्य संचालन के साथ-साथ वह मां नर्मदा की सेवा एवं आराधना कर सकें। लोकमाता महारानी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर उनकी 300वीं जयंती के अवसर पर हम उनके दिखाये मार्ग का अनुसरण करते हुए एकात्म, समृद्ध, समरस एवं शक्तिशाली भारत का निर्माण करें तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करें। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# उत्तर भारत के कई शहरों में बंद का दिखा अच्छा खासा असर

एजेंसी। नई दिल्ली

एससी, एसटी आरक्षण में उच्चतम न्यायालय द्वारा क्रीमी लेयर और उपवर्गीकरण करने के फैसले के विरोध में अनुसूचित जाति और जनजाति मोर्चा व भीम आर्मी द्वारा बुलाए गए भारत बंद का पूरे देश में मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है। इस बंद का समर्थन विभिन्न राजनीतिक दलों ने भी किया है, जिससे इसका प्रभाव कई शहरों में स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। भारत बंद समर्थकों ने सरकार से मांग की है कि उच्चतम न्यायालय के फैसले को एक अध्यादेश के माध्यम से रद्द किया जाए। छत्तीसगढ़ के कवर्धा में भारत बंद का असर अपेक्षाकृत कम देखा गया। चेंबर ऑफ कॉमर्स ने भारत बंद का समर्थन नहीं किया है, जिसमें छोटे व्यापारी और अन्य व्यावसायिक संगठन शामिल हैं। अलवर में भी भारत बंद का असर देखा गया है। बाजारों में दुकानें बंद हैं और सड़कें सुनसान नजर आ रही हैं। जिला कलक्टर ने कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है, जबकि पुलिस प्रशासन लगातार राउंड पर है। हालांकि, जिले में शांति का माहौल बना हुआ है। दरभंगा में भीम आर्मी और अन्य दलित संगठनों ने बिहार संपर्क क्रांति ट्रेन का चक्का जाम कर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने उच्चतम न्यायालय के फैसले की आलोचना करते हुए इसे अनुसूचित जाति और जनजाति समाज के खिलाफ एक बड़ी साजिश करार दिया और सरकार से मांग की है कि इस फैसले को वापस लिया जाए। उत्तर प्रदेश के हरदोई में भारत बंद का असर नहीं दिखा। अमरोहा में बंद समर्थकों ने हाथों में नीला झंडा और तिरंगा लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।




### क्या है मामला

उच्चतम न्यायालय में लंबे समय से सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने के लिए एससी, एसटी वर्ग को सब कैटेगरी में रिजर्वेशन दिए जाने की मांग का मामला लंबित था। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में एक अगस्त को बड़ा फैसला सुनाते हुए अपने ही 2004 के पुराने फैसले को पलट दिया। इसके बाद न्यायालय ने पंजाब अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग अधिनियम, 2006 और तमिलनाडु अरुंथथियार अधिनियम पर अपनी मुहर लगाकर कोटा के अंदर सब कैटेगरी को मंजूरी दे दी।

### पटना-गया मुख्य मार्ग को किया जाम

**पटना।** जहानाबाद में भारत बंद को लेकर बंद समर्थकों ने पटना-गया मुख्य सड़क मार्ग-एनएच-83 को जाम कर दिया है। जहानाबाद में भारत बंद के दौरान बंद समर्थक और पुलिस में हाथापाई भी हुई है। पुलिस ने 5 लोगो को हिरासत में लिया है। एब एनएच-83 पर लगा जाम खुलवा लिया गया है। दूसरी ओर सिपाही भर्ती परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को भी परेशानी हुई। बिहार में बंद को कांग्रेस-राजद समेत राजग गठबंधन के दो दल हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और लोकजन शक्ति पार्टी (रामविलास) का समर्थन मिला है। राजद नेता श्याम रजक ने कहा कि दलितों के आरक्षण मे क्रीमीलेयर एवं वर्गीकरण करने के विरुद्ध एकदिवसीय भारत बंद अखिल भारतीय धोबी महासंघ समर्थन करता है। बंद को देखते हुए वैशाली पुलिस प्रशासन सजग रहा। इसके अलावा हाजीपुर, जदुआ, भगवानपुर, बिदूपुर, महनार, देसरी, राजापाकर, इंडेस्ट्रियल क्षेत्र में भी बंद समर्थकों ने जाम किया।


### आरक्षण से कोई खिलवाड़ न करें : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने नेशनल कन्फेडरेशन आफ दलित एंड आदिवासी आर्गनाइजेशन के बुधवार को भारत बंद का समर्थन किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एससी-एसटी और ओबीसी को आरक्षण का मिला संवैधानिक हक डा. भीमराव अम्बेडकर के अनवरत संघर्ष का परिणाम है। भाजपा, कांग्रेस व अन्य पार्टियां इसकी अनिवार्यता एवं संवेदनशीलता के साथ कोई खिलवाड़ न करें। मायावती ने एक्स पोस्ट में कहा कि बसपा का भारत बंद को समर्थन, क्योंकि भाजपा व कांग्रेस आदि दलों के आरक्षण विरोधी षड्यंत्र एवं इसे निष्प्रभावी बनाकर अन्ततः खत्म करने की मिलीभगत के कारण एक अगस्त 2024 को एससी-एसटी के उपवर्गीकरण एवं इनमें क्रीमीलेयर संबंधी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विरुद्ध इनमें रोष एवं आक्रोश है।



# भारत का उदय वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए शुभ संकेत है : उपराष्ट्रपति

एजेंसी। नई दिल्ली



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को ग्लोबल साउथ की प्रगति में भारत के समावेशी, बहुपक्षीय दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत का उदय वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए शुभ संकेत है। उपराष्ट्रपति ने "एक भविष्य का निर्माण" विषय पर 19वें सीआईआई भारत-अफ्रीका व्यापार सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सभी की भलाई के लिए एक साझा भविष्य बनाने की दिशा में प्रयासों को समन्वित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, एक भविष्य का निर्माण मानवता की स्थिरता के लिए आवश्यक है और इस चुनौती को अब और टाला नहीं जा सकता। जलवायु परिवर्तन को मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बताते हुए उपराष्ट्रपति ने सभी देशों से सामूहिक रूप से इस चुनौती से निपटने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। जन भागीदारी और प्राकृतिक संसाधनों के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने आगाह किया कि हमारे पास रहने के लिए कोई दूसरा ग्रह नहीं है। भारत और अफ्रीका के बीच गहरे संबंधों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने कहा कि एक उभरता हुआ अफ्रीका और उभरता हुआ भारत स्वच्छ प्रौद्योगिकी, जलवायु, कृषि, समुद्री सुरक्षा, संपर्क और नीली अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में दक्षिण सहयोग को मजबूत गति दे सकता है। 2023 में भारत की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किए जाने को गर्व की बात बताते हुए उपराष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन और आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन में अफ्रीकी देशों की भागीदारी की सराहना की। चीता देकर देश की जैव-विविधता को पुनर्जीवित करने में मदद करने के लिए अफ्रीका के प्रति भारत की कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस विकास ने राष्ट्र को उत्साहित किया और भारत व अफ्रीका के बीच एक भावनात्मक जुड़ाव स्थापित किया।

## तकनीक का उचित इस्तेमाल हो : द्रौपदी मुर्मू

**फरीदाबाद/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि तकनीक का इस्तेमाल उचित और सतत विकास तथा जनहित के लिए किया जाना चाहिए। इसका गलत इस्तेमाल विनाशकारी हो सकता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने हरियाणा के फरीदाबाद में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि आज तकनीक के विकास के कारण प्रगति के कई रास्ते खुल गए हैं। उदाहरण के लिए दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट की पहुंच ने ऑनलाइन रोजगार के कई अवसर पैदा किए हैं। लेकिन हमें यह याद रखना चाहिए कि तकनीक का इस्तेमाल उचित और सतत विकास तथा जनहित के लिए किया जाना चाहिए। इसका गलत इस्तेमाल विनाशकारी हो सकता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि आज पूरी दुनिया चौथी औद्योगिक क्रांति के दौर में है। भारत भी इस क्रांति की चुनौतियों का सामना करने और इसके अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार है। इस राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि इस विश्वविद्यालय ने पिछले कुछ वर्षों में कई औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौते किए हैं।



### आंध्र प्रदेश की फार्मा कंपनी में रिएक्टर फटा

# 14 की मौत, 50 से अधिक घायल

एजेंसी। विशाखापट्टनम

अनाकापल्ली जिले के रामबिली मंडल में अच्युतपुरम फार्मा में बुधवार दोपहर बाद रिएक्टर में विस्फोट के बाद 14 कर्मचारियों की मौत हो गई है और 50 से अधिक अन्य घायल हो गए हैं। हादसे की गंभीरता को देखते हुए मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। अच्युतपुरम फार्मा एसईजेड में एसेंशिया एडवांस्ड साइंस प्राइवेट लिमिटेड में सैकड़ों कर्मचारी काम करते हैं। दोपहर भोजनावकाश के दौरान जोरदार विस्फोट होने के बाद आग लग गयी। घना धुआं उठने के बाद समझना मुश्किल हो रहा था कि क्या हो रहा है। फिर भी जान बचाने के डर से मजदूर बाहर भागे। तेज आवाज से आसपास के गांव के लोग सतर्क हो गए। फार्मा की दमकल समेत आसपास के इलाके से 11 अन्य गाड़ियां आईं और आग पर काबू पाया। घायलों को अनाकापल्ली के विभिन्न अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया। घायलों में से पांच 60 फीसदी से ज्यादा जले हुए हैं। हादसे के वक्त इंडस्ट्री में करीब 300 कर्मचारी मौजूद थे। मजदूरों का कहना है कि रिएक्टर के धमाके से इंडस्ट्री की पहली मंजिल का स्लैब ढह गया और कई लोग मलबे में फंस गए। तीसरी मंजिल पर फंसे मजदूरों को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। एनडीआरएफ की टीमें और दमकल की गाड़ियां मौके पर बचाव कार्य जारी रखे हुए हैं। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने अच्युतापुरम एसईजेड में रिएक्टर विस्फोट हादसे को लेकर कलेक्टर से बात की। मुख्यमंत्री ने घायलों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा के संबंध में कलेक्टर से जानकारी ली। सीएम ने तत्काल राहत कदम उठाने के आदेश जारी किये। इस विस्फोट की घटना पर राज्य श्रम मंत्री वासमशेट्टी सुभाष ने कहा कि अनकापल्ली जिले के अच्युतापुरम के पास फार्मा कंपनी में भीषण आग लगने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और कलेक्टर और एसपी स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान करने में और थोड़ा और वक्त लगेगा। मृतकों की पहचान में काफी दिक्कत आ रही है, क्योंकि विस्फोट के बाद मानव शरीर के अंग बिखरे हुए हैं ।




### बिहार के बाढ़ में शौचालय की शटरिंग खोलने के दौरान चार की मौत

**पटना।** पटना जिले में बाढ़ अनुमंडल अन्तर्गत बाढ़ थाना क्षेत्र के पुराई बाग में शौचालय की टंकी की शटरिंग खोलने के दौरान चार लोगों की मौत हो गई। यह हादसा शटरिंग खोलने के दौरान हुआ। पुलिस के मुताबिक नवनिर्मित शौचालय टंकी की शटरिंग खोलने के लिए अंदर गए मजदूर फंस गये। उन्हें सांस लेने में काफी परेशानियां होने लगी। इस दौरान एक के बाद एक सभी अंदर फंसते चले गए। इसके बाद एक-एक कर सभी लोग वहीं बेहोश होने लगे। मामले की सूचना मिलते ही एसडीएम शुभम कुमार ने ऑक्सीजन युक्त एंबुलेंस मौके पर भेजा। फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। चारों मजदूरों को बाहर निकालकर अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना को लेकर बाढ़ एसडीएम शुभम कुमार ने चारों मजदूरों के टंकी में फंसने और उनके शव बरामद कर लेने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शौचालय की टंकी की सफाई करने के दौरान यह हादसा हुआ है।

### फर्जी एनसीसी शिविर में 13 लड़कियों के यौन शोषण पर तीन दिन में रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने तमिलनाडु के कृष्णागिरी से फर्जी एनसीसी शिविर में 13 लड़कियों का यौन शोषण" शीर्षक वाली एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने बुधवार को डीजीपी चेन्नई को निष्पक्ष, समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने और आरोपियों के खिलाफ प्रासंगिक कानूनों के तहत मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। एनसीडब्ल्यू ने एक्स पर जानकारी दी कि इस मामले में पुलिस और राज्य सरकार से 3 दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई है। तमिलनाडु पुलिस के मुताबिक 19 अगस्त को एक फर्जी एनसीसी कैंप में 13 लड़कियों के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया। यौन शोषण के इस मामले में तमिलनाडु पुलिस ने कृष्णागिरी जिले के एक प्राइवेट स्कूल के प्रिंसिपल और दो टीचरों सहित 11 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। यह एनसीसी कैंप स्कूल के ही कैंपस में लगाया गया था।

## संशोधन वक्त और वक्फ दोनों की जरूरत : मुख्तार अब्बास नकवी

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में समाप्त हुए संसद सत्र के दौरान पेश किए गए वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 को लेकर राजनीतिक हलचल एक बार फिर बढ़ने जा रही है। वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर विस्तार से विचार विमर्श करने के लिए बनाई गई जेपीसी की पहली बैठक गुरुवार 22 अगस्त को होने जा रही है। भाजपा के लिए यह संशोधन विधेयक बहुत ही महत्वपूर्ण है और पार्टी के रणनीतिकार चाहते हैं कि इस विधेयक को संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पारित करवा लिया जाए। हालांकि अब बहुत कुछ जेपीसी की रिपोर्ट पर भी निर्भर हो गया है। भाजपा को वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर विरोधी दलों को ही नहीं साधना है बल्कि चंद्रबाबू नायडू और चिराग पासवान जैसे सहयोगियों को भी बिल के समर्थन में वोट करने के लिए मनाना है। मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि वह तो पहले ही कह चुके हैं कि इस पूरी व्यवस्था (वक्फ बोर्ड की) को 'टच मी नॉट' की सनक, सियासत और सोच से बाहर निकलना होगा। वक्फ व्यवस्था को ज्यादा बेहतर बनाने के लिए ही सरकार यह विधेयक लेकर आई है। इस विधेयक को लेकर तस्वीर जितनी साफ होगी, उतना ही यह मजहब और मुल्क दोनों के लिए अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि यह संशोधन वक्त और वक्फ दोनों की जरूरत है और यह मानकर नहीं चलना चाहिए कि किसी पर कोई अटैक हो रहा है या यह बिल किसी के खिलाफ है।



## आज का राशिफल

**मेष :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**कर्क :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। पारिवारिक विवाद टालें। अच्छे समय का इन्तजार करें।

**सिंह :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा।

**तुला :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**वृश्चिक :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। कर्ज लेने से बचें।

**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कुंभ :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मीन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

## बिहार से रिक्त दो रास सीटों के लिए उपेंद्र और मनन ने भरे पर्चे

एजेंसी। पटना

राज्यसभा उप चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन बुधवार को बिहार की दो सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों ने नामांकन किया। एनडीए की ओर आरएलएम प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा और भाजपा की ओर से मनन मिश्रा ने नामांकन किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित कई अन्य नेताओं की मौजूदगी में दोनों ने विधानसभा परिसर में सक्षम अधिकारी के समक्ष नामांकन किया। लोकसभा चुनाव में भाजपा के विवेक ठाकुर और राजद की मीसा भारती को मिली जीत के कारण दोनों ने राज्यसभा सदस्यता छोड़ी और अब दोनों सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। नामांकन के साथ ही उपेन्द्र कुशवाहा और मनन मिश्रा का निर्विरोध जीतना तय है।



### अगले सप्ताह आ सकती है भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची

**नई दिल्ली।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा अपने उम्मीदवारों की पहली सूची अगले सप्ताह जारी कर सकती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, उम्मीदवारों के नाम पर विचार-विमर्श करने के लिए रविवार को पार्टी के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हो सकती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता और पीएम मोदी की मौजूदगी में होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई जाएगी।

## केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मप्र से रास के लिए दाखिल किया नामांकन



एजेंसी। भोपाल

केंद्रीय राज्य मंत्री और केरल के वरिष्ठ भाजपा नेता जॉर्ज कुरियन ने मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए बुधवार को नामांकन दाखिल कर दिया है। उन्होंने मप्र विधानसभा पहुंचकर रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, मंत्री तुलसी सिलावट व राव उदय प्रताप सिंह मौजूद रहे।

### कुमारस्वामी ने कहा कर्नाटक सरकार मुझे खत्म करना चाहती है

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बुधवार को कांग्रेस सरकार पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि मैं कर्नाटक सरकार को शर्मिंदा करने वाला एकमात्र व्यक्ति हूं। इसलिए वह मुझे खत्म करना चाहते हैं। इसलिए वह अनावश्यक रूप से ऐसा कर रहे हैं। लेकिन, वह सरकार के खिलाफ लड़ते रहेंगे। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि राज्यपाल को इस्तीफा क्यों देना चाहिए। राज्यपाल ने संविधान की शक्तियों के तहत निर्णय लिए हैं। बता दें कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) जमीन आवंटन मामले में सीएम सिद्दारमैया के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए एक एक्टिविस्ट ने राज्यपाल से आग्रह किया था। आरटीआई कार्यकर्ता की ओर से दायर शिकायत के आधार पर राज्यपाल ने सीएम के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी दी।

# केंद्र सरकार आरक्षण के खिलाफ, नीतीश थके हुए सीएम हैं : तेजस्वी यादव

एजेंसी। पटना

आरक्षण के मुद्दे पर देशभर में आंदोलन चल रहा है। इसे लेकर बुधवार को भारत बंद का भी आह्वान किया गया है। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। तेजस्वी ने कहा कि हम लगातार कहते आ रहे हैं कि केंद्र सरकार आरक्षण के खिलाफ है और अब इसकी तस्वीर भी सामने आ रही है, आज हमने उसी का विरोध किया है। इस दौरान तेजस्वी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के साथ-साथ चिराग पासवान पर भी निशाना साधा और कहा कि क्या ये लोग और इनके परिवार के अन्य सदस्य आरक्षण का लाभ नहीं ले रहे हैं। सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करने से काम नहीं चलेगा, हमें हकीकत की बात करनी होगी। बिहार में बढ़ते अपराध पर उन्होंने कहा कि हर दिन बिहार के अलग-अलग जिलों में अपराधी बिना किसी डर के खुलेआम अपराध कर रहे हैं। उन्होंने नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री थक चुके हैं और अब उनमें सरकार चलाने की क्षमता नहीं रही।



## हिंदू देश की सुरक्षा और एकता की गारंटी है : योगी



एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को दिवंगत कल्याण सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर आयोजित 'हिंदू गौरव दिवस' कार्यक्रम में शाामिल हुए। सीएम योगी ने बाबूजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हिंदू भारत की सुरक्षा की गारंटी है। सीएम योगी ने कहा कि आज जब हम लोग बाबूजी की तीसरी पुण्यतिथि को 'हिंदू गौरव दिवस' के रूप में मना रहे हैं, तो हमें हिंदू एकता के महत्व को समझना पड़ेगा। हिंदू कोई जाति, मत और मजहब नहीं है। यह किसी संकीर्ण दायरे का माध्यम नहीं है। यह भारत की सुरक्षा, एकता और एकाग्रता की गारंटी है। याद रखना जब तक भारत का मूल सनातन हिंदू समाज मजबूत है, भारत की एकता और अखंडता को दुनिया की कोई ताकत चुनौती नहीं दे सकती। जिस दिन यह एकता खंडित होगी, उस दिन भारत को फिरके-फिरके में बांटने की विदेशी साजिशें सफल होती दिखाई देंगी। हमें इन साजिशों को सफल नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि जो लोग आपको बांटने का काम कर रहे हैं, इनके चेहरे, चाल और चरित्र अलग हैं। ये बोलेंगे कुछ, दिखाएंगे कुछ और करेंगे कुछ। जब भी इन्हें अवसर मिला, उत्तर प्रदेश को इन्होंने दंगे की आग में झोंका है। जब भी इन्हें अवसर मिला है, इन्होंने हिंदुओं के नायकों को अपमानित किया है। याद कीजिए 30 अक्टूबर 1990 और 2 नवंबर 1990 में अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलाई गई थी। उस समय की सरकार एक तरफ हिंदू समाज को आपस में बांटने का कार्य कर रही थी, तो दूसरी तरफ रामभक्तों पर गोलियां बरसा रही थी। तब अडिग चट्टान बनकर उनके सामने टकराने वाला व्यक्तित्व श्रद्धेय 'बाबूजी' कल्याण सिंह थे। सीएम योगी ने कहा कि रामजन्मभूमि आंदोलन में उनकी भूमिका का ही परिणाम आज हम सबके सामने है। दुनिया में कौन सी श्रमिक और वंचित जातियां होंगी, जिन्होंने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अपनी आंखों से नहीं देखा। मानवता का जहां दमन हुआ है, श्रीरामजन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण उनके लिए आशा की किरण है। इस आशा की किरण की शुरूआत तब हुई थी, जब 'बाबूजी' ने कहा था कि सरकार जाए तो जाने दिया जाए, लेकिन रामभक्तों पर गोली नहीं चलाएंगे।

## दिल्ली मेट्रो में 'वन इंडिया वन टिकट' से आसान होगा सफर

एजेंसी। गाजियाबाद

नमो भारत ट्रेन और दिल्ली मेट्रो में यात्रा करने वालों के लिए एक अच्छी खबर है। अब, आरआरटीएस कनेक्ट ऐप के माध्यम से नमो भारत ट्रेन टिकट बुक करने वाले यात्री दिल्ली मेट्रो का टिकट भी बुक कर सकते हैं। इसी तरह, डीएमआरसी मोबाइल ऐप के माध्यम से दिल्ली मेट्रो टिकट बुक करने वाले यात्री भी नमो भारत ट्रेन का टिकट बुक कर सकते हैं। डीएमआरसी और एनसीआरटीसी टिकटिंग सिस्टम के एकीकरण से एनसीआरटीसी मोबाइल ऐप पर एक यूनिक दिल्ली मेट्रो क्यूआर कोड और इसी तरह, डीएमआरसी मोबाइल ऐप पर एक नमो भारत क्यूआर कोड तैयार किया जा सकेगा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने अपनी टिकटिंग प्रणालियों को एकीकृत करने के लिए बुधवार को एमओयू साइन किया। इससे दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को बिना किसी परेशानी के दोनों जगहों पर यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह सहयोग 'वन इंडिया, वन टिकट' पहल के अनुरूप है, जिससे यात्रियों को एक ही प्लेटफॉर्म पर नमो भारत और दिल्ली मेट्रो के लिए क्यूआर कोड टिकट बुक करने की सुविधा मिलेगी। एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल और डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के बाद आरआरटीएस कनेक्ट ऐप से नमो भारत ट्रेन टिकट बुक करने वाले यात्री दिल्ली मेट्रो टिकट भी खरीद सकते हैं।

टीपीएल सीजन 6 की मेजबानी करेगा मुंबई

# सुमित नागल, ह्यूगो गैस्टन व मैग्डा लिनेट पर होंगी निगाहें





एजेंसी

**मुंबई।** टेनिस प्रीमियर लीग के एक बड़े और बेहतर संस्करण की तैयारियां जोरों पर हैं। लीग ने अपने छठे सीजन के लिए एक नया मेजबान शहर चुना है। देश की सबसे सफल खेल लीगों में से एक टीपीएल मुंबई में क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में वापस आ रही है, और इसका आयोजन 3 से 8 दिसंबर 2024 के बीच होना है। टेनिस प्रीमियर लीग 2024 में टेनिस की दुनिया के कुछ शीर्ष नाम भारत में अपने खेल का जलवा दिखायेंगे। पुरुषों में फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन (विश्व नंबर 61) और इन-फॉर्म भारतीय ऐस सुमित नागल (विश्व नंबर 74 और भारत नंबर 1) मुख्य आकर्षण होंगे, जबकि महिलाओं के ड्रॉ में पोलैंड की मैग्डा लिनेट (विश्व नंबर 41) और अर्मेनियाई एलिना अवनेस्यान (विश्व नंबर 52) आकर्षण में से एक हैं। 5 सफल सीजन के बाद टीपीएल, धूमधाम और उत्सव के मामले में इण्डियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद सबसे आगे है।

# जहीर खान बन सकते हैं एलएसजी के मेंटॉर



एजेंसी

**मुंबई।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान, मेंटॉरशिप भूमिका के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ बातचीत कर रहे हैं। एलएसजी अपने कोचिंग सेटअप को और भी मजबूत करने के लिए टी 20 क्रिकेट से अच्छी तरह वाकिफ एक बेहतरीन पूर्व भारतीय खिलाड़ी को लाने की इच्छुक है। ऐसा पता चला है कि दो अन्य फ्रेंचाइजी भी विश्व कप विजेता जहीर को अनुबंधित करने की इच्छुक थीं। जहीर खान फिलहाल मुंबई इंडियंस में ग्लोबल डेवलपमेंट के प्रमुख थे। इससे पहले, वह 2018-2022 तक इसी फ्रेंचाइजी के क्रिकेट निदेशक थे। एलएसजी इसलिए भी जहीर को साथ लाने के लिए बेकरार है क्योंकि उनके कोचिंग स्टाफ से पूर्व दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज मोर्ने मॉर्केल अब जा चुके हैं। मेंटॉर होने के अलावा, फ्रेंचाइजी जहीर को एक व्यापक भूमिका देने की इच्छुक है, जिसमें उन्हें ऑफ सीजन के दौरान उनके स्काउटिंग और खिलाड़ी कार्यक्रमों में भी शामिल किया जाएगा, जिसके लिए बातचीत चल रही है। जहीर की आईपीएल में संभावित वापसी ऐसे समय में हो रही है जब टीमें मेगा ऑक्शन की तैयारी कर रही हैं। आईपीएल सितंबर की शुरूआत में रिटेंशन नियमों की घोषणा कर सकता है। जहीर अपने करियर के दौरान तीन फ्रेंचाइजी- मुंबई इंडियंस , रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के लिए खेल चुके हैं। कुल मिलाकर, उन्होंने 100 आईपीएल मैचों में शिरकत की है, जिसमें उन्होंने 7.59 की इकॉनमी से 102 विकेट लिए हैं। एक खिलाड़ी के रूप में उन्होंने आखिरी बार 2017 में टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था।



## तेज गेंदबाजी आसान नहीं, इसमें अनुशासन बेहद जरूरी: नवदीप

**नई दिल्ली।** भारत के लिए 2 टेस्ट, 8 वनडे और 11 टी 20 मैच खेल चुके तेज गेंदबाज नवदीप सैनी फिलहाल दिल्ली प्रीमियर लीग में वेस्ट दिल्ली लायंस की ओर से रफ्तार भर रहे हैं। इस तेज गेंदबाज का मानना है कि तेज गेंदबाजी आसान नहीं है, इसमें महारत हासिल करने के लिए आपको दिन-रात कड़ी मेहनत करनी पड़ती है।



# 'बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी एशेज के बराबर' : स्टार्क

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आगाज में अभी करीब तीन महीने का समय बाकी है लेकिन इस सीरीज को लेकर जुबानी जंग शुरू हो चुकी है। दोनों ही टीमों के पूर्व और मौजूदा दिग्गज खिलाड़ी अपनी-अपनी तैयारियों, रणनीति और अनुभव का शेयर कर रहे हैं। इस कड़ी में अब ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का नाम भी जुड़ चुका है। उन्होंने कुछ ऐसा बयान दिया है, जिससे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का रोमांच और बढ़ जाएगा। स्टार्क ने कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी एशेज के बराबर है, क्योंकि यह हमारे लिए सबसे बड़ी सीरीज है। ऑस्ट्रेलिया ने 2014/15 के बाद से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीती है, क्योंकि भारत ने 2018/19 और 2020/21 सीरीज में उन्हें मात दी थी। इस साल ये सीरीज पांच टेस्ट मैचों की होगी, जो 1991/92 सीजन के बाद पहली बार हो रहा है। सीरीज का पहला मैच 22 नवंबर को पर्थ में खेला जाएगा। स्टार्क ने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स से कहा, "इस सीरीज में भी अब पांच मैच हो चुके हैं, जो शायद एशेज सीरीज के बराबर है। हम हमेशा अपने घर में हर मैच जीतना चाहते हैं। हम जानते हैं कि भारत एक बहुत मजबूत टीम है। अभी हम जिस स्थिति में हैं, हम टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष दो टीमें हैं।

प्रशंसकों और निश्चित रूप से खिलाड़ियों के लिए यह एक बहुत ही रोमांचक श्रृंखला है। उम्मीद है कि जब हम 8 जनवरी को वहां बैठेंगे तो हमारे पास वह ट्रॉफी होगी। स्टार्क ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे खेलने के लिए इंग्लैंड जाएंगे, लेकिन उन्हें मेजबान और स्कॉटलैंड के खिलाफ टी20 मैचों से आराम दिया गया है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी नजदीक है, ऐसे में स्टार्क ने कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलने का कोई भी मौका नहीं छोड़ना चाहते। स्टार्क ने कहा, टेस्ट मैच हमेशा मेरे लिए प्राथमिकता रहेंगे।

> *स्टार्क ने कहा, टेस्ट मैच हमेशा मेरे लिए प्राथमिकता रहेंगे। हमें लगातार सात टेस्ट खेलने हैं, जिनमें से पांच भारत के खिलाफ और दो श्रीलंका के खिलाफ हैं। इन मैचों में ज्यादा अंतर नहीं है। इसलिए मुझे, जोश और कमिंस को इसे ध्यान में रखना होगा।*

## मेरे लिए समय बिताना और बोरियत से बचना बेहद मुश्किल : स्टोक्स

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पुरुष टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स, जो वर्तमान में बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं, जिसकी वजह से वे श्रीलंका सीरीज से बाहर रहे, ने कहा कि रिकवरी की राह पर उनके लिए सबसे मुश्किल काम समय बिताना और बोरियत से बचना है। 13 अगस्त को स्टोक्स को स्कैन से पता चला कि मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ द हंड्रेड गेम में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए एक तेज सिंगल पूरा करते समय उनकी बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। उन्हें मैदान से बाहर जाने में मदद लेनी पड़ी और टीम डगआउट में बैसाखी के सहारे रहना पड़ा। उन्होंने कहा, ह्यमैं अच्छा महसूस कर रहा हूं।

# टेस्ट सीरीज से पहले एक और अभ्यास मैच खेलना चाहते थे धनंजय डी सिल्वा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** धनंजय डी सिल्वा ने स्वीकार किया है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी में कम से कम एक और अभ्यास मैच खेलना चाहते थे। यह श्रीलंका का आठ वर्षों में ब्रिटेन का पहला टेस्ट दौरा था। श्रीलंका ने पिछले सप्ताह न्यू रोड पर इंग्लैंड लायंस टीम के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेला था और अपनी पहली पारी में केवल 139 रन बनाकर आउट हो गई थी, टीम को मैच में सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि मेहमान टीम ने खेल में बेहतर प्रदर्शन किया और दूसरे टेस्ट में बेहतर बल्लेबाजी की, लेकिन वे मैनचेस्टर में होने वाले टेस्ट में बिना किसी अतिरिक्त अभ्यास के उतरेंगे। धनंजय ने कहा, एशियाई देशों की तुलना में यहां की परिस्थितियां काफी अलग हैं। हम कुछ मैच खेलना चाहते थे, लेकिन हमें वही मिला। उन्होंने एक बयान में कहा, हम पूरी ताकत के साथ वार्म-अप के लिए नहीं गए। हमने कुछ खिलाड़ियों को आजमाया भी है। नतीजा हमारे पक्ष में नहीं गया, लेकिन मुझे लगता है कि हमारे पास तैयारी थी।

यह इस मैच में काम आएगी। धनंजय, जिन्होंने अब तक अपने नेतृत्व में तीन टेस्ट मैचों में से प्रत्येक में श्रीलंका को जीत दिलाई है, ने माना कि 2018 के बाद से यह श्रीलंका की पहली टेस्ट सीरीज है जिसमें दो से अधिक टेस्ट शामिल हैं, जिससे शेड्यूल कड़ा हो सकता है और इसलिए, उनकी टीम संभावित रूप से एक और अभ्यास मैच से वंचित हो सकती है।

# युगांडा ने 2024 विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैम्पियनशिप के लिए टीम घोषित की

एजेंसी

**कंपाला।** युगांडा एथलेटिक्स फेडरेशन (यूएएफ) ने 2024 विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप के लिए टीम की घोषणा की है, जो 27-31 अगस्त को पेरू के लीमा में आयोजित की जाएगी।



चैंपियनशिप में कई ओलंपियन शामिल होंगे जिन्होंने हाल ही में पेरिस 2024 खेलों में भाग लिया था।

इनमें ब्रैडली नकोआना और बयांडा वालाजा शामिल हैं, जिन्होंने पुरुषों की 4गुणा100 मीटर रिले में दक्षिण अफ्रीका को रजत पदक दिलाने में मदद की, और इथियोपिया की सेम्बो अल्मायेव, जो महिलाओं की 3,000 मीटर स्टीपलचेज में पांचवें स्थान पर रहीं।

### युगांडा की टीम

जैकब सैंडे (1,500 मीटर), सैमुअल सिम्बा चेरोप (1,500 मीटर और 5,000 मीटर), टाइटस मुसुआ (3,000 मीटर), हर्बर्ट किबेट (3,000 मीटर), केनेथ किप्रॉप (5,000 मीटर), होसेया चेमुताई, (3,000 स्टीपलचेज), केजिया चेबेट (3,000 मीटर), चैरिटी चेरोप (5,000 मीटर), नैन्सी चेपक्वुरुई, लोइस चेकवेमोई (3,000 मीटर स्टीपलचेज), जोशुआ किबेट (कोच)।

## विलारियल ने लुईज जूनियर पर खर्च किए 12 मिलियन यूरो

**मैड्रिड।** विलारियल ने पुर्तगाली क्लब फैमालिकाओ से ब्राजील में जन्मे गोलकीपर लुईज जूनियर को 12 मिलियन यूरो (13.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में अनुबंधित किया है। 23 वर्षीय जूनियर के आने से विलारियल को फिलिप जोर्गेनसन की जगह लेने का मौका मिलेगा, जिन्हें उन्होंने गर्मियों की शुरूआत में चेल्सी को बेच दिया था। कोच मार्सेलिनो गार्सिया टोरल के लिए पहली पसंद बनने के लिए वह एक और नए आगमन, डिएगो कोंडे के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे।



8 प्रतिशत की विकास दर को प्राप्त किया जा सकता है

# 55 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी का लक्ष्य महत्वाकांक्षी : आईएमएफ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 2047 तक बढ़कर 55 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है, लेकिन इसके लिए भारत को 8 प्रतिशत की वार्षिक विकास दर आने वाले वर्षों में हासिल करनी होगी। यह लक्ष्य काफी महत्वाकांक्षी है लेकिन प्राप्त किया जा सकता है। आईएमएफ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कृष्णमूर्ति वी सुब्रमण्यन ने यह बात कही है। एक मीडिया इवेंट में उन्होंने कहा कि 8 प्रतिशत की विकास दर को प्राप्त किया जा सकता है। देश की डेमोग्राफी और सरकार की ओर से किए जा रहे नीतिगत सुधारों के कारण पिछले 10 वर्षों में विकास दर तेज रही है। उन्होंने आगे कहा कि अगर हम उद्यमिता की बात करें तो वर्ल्ड बैंक का डेटा दिखाता है कि 2014 के बाद से नई फर्म की संख्या में वृद्धि हुई है, जिसके कारण भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उद्यम इकोसिस्टम बन पाया है। इससे औपचारिक क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने में सफलता मिली है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अनौपचारिक से औपचारिक की तरफ जा रही है। भारत की दो-तिहाई अर्थव्यवस्था अनौपचारिक है। अनौपचारिक क्षेत्र की फर्म में औपचारिक की अपेक्षा कम उत्पादकता होती है।

वर्ल्ड बैंक का दावा है कि भारत को अमेरिका की प्रति व्यक्ति आय के एक-चौथाई हिस्से तक पहुंचने में 75 वर्ष का समय लगेगा। इस पर आईएमएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मिडिल इनकम की परिभाषा काफी बड़ी है। अगर भारत अपनी जीडीपी प्रति व्यक्ति आय को दो, तीन या चार गुना तक बढ़ाता है तो भी वह मिडिल-इनकम देश ही रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि मिडिल-इनकम के जाल से बाहर निकलने के लिए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में वृद्धि दर काफी आवश्यक है। पिछले महीने आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर के लक्ष्य को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया था। इसकी वजह देश में निजी खपत (विशेषकर ग्रामीण भारत में) का बढ़ना था।



> ▸ पिछले महीने आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर के लक्ष्य को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया था।

## ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा कीमत निर्धारण में गड़बड़ी चिंताजनक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा वस्तुओं के मूल्य निर्धारण करने के तरीके को लेकर चिंता जताई।



उन्होंने कहा कि इससे लंबी अवधि में छोटे दुकानदारों और बाजार को नुकसान हो सकता है। एक इवेंट में 'नेट इम्पैक्ट ऑफ ई-कॉमर्स ऑन एम्प्लॉयमेंट एंड कंज्यूमर वेलफेयर इन इंडिया' नाम की रिपोर्ट को लॉन्च करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब अमेजन कहता है कि हम भारत में अरबों डॉलर का निवेश करने जा रहे हैं, तो हम सभी इस बात की खुशी मनाते हैं।

# भारत का उदय वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए शुभ संकेत है : उपराष्ट्रपति

एजेंसी




**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को ग्लोबल साउथ की प्रगति में भारत के समावेशी, बहुपक्षीय दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत का उदय वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए शुभ संकेत है। उपराष्ट्रपति ने एक भविष्य का निर्माण" विषय पर 19वें सीआईआई भारत-अफ्रीका व्यापार सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सभी की भलाई के लिए एक साझा भविष्य बनाने की दिशा में प्रयासों को समन्वित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, एक भविष्य का निर्माण मानवता की स्थिरता के लिए आवश्यक है और इस चुनौती को अब और टाला नहीं जा सकता। जलवायु परिवर्तन को मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बताते हुए उपराष्ट्रपति ने सभी देशों से सामूहिक रूप से इस चुनौती से निपटने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। जन भागीदारी और प्राकृतिक संसाधनों के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने आगाह किया कि हमारे पास रहने के लिए कोई दूसरा ग्रह नहीं है। भारत और अफ्रीका के बीच गहरे संबंधों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने कहा कि एक उभरता हुआ अफ्रीका और उभरता हुआ भारत स्वच्छ प्रौद्योगिकी, जलवायु, कृषि, समुद्री सुरक्षा, संपर्क और नीली अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में दक्षिण सहयोग को मजबूत गति दे सकता है। 2023 में भारत की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किए जाने को गर्व की बात बताते हुए उपराष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन और आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन में अफ्रीकी देशों की भागीदारी की सराहना की।

# 2024-25: कॉरपोरेट इंवेस्टमेंट 54% बढ़ने का अनुमान

एजेंसी

**मुंबई।** भारत का प्राइवेट कॉरपोरेट इन्वेस्टमेंट वित्त वर्ष 2024-25 में 54 प्रतिशत बढ़कर 2,45,212 करोड़ रुपए हो सकता है। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 1,59,221 करोड़ रुपए था। आरबीआई की एक स्टडी में यह जानकारी दी गई। आरबीआई की स्टडी में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 में निजी कॉरपोरेट सेक्टर द्वारा किया गया निवेश पिछले वर्ष के मुकाबले 57 प्रतिशत अधिक था। वित्त वर्ष 2023-24 में निजी कॉरपोरेट सेक्टर की ओर से किया गया निवेश उत्साह पैदा करने वाला था। यह अधिक प्रोजेक्ट और निवेश के रूप में दिखा, जिन्हें बैंकों और फाइनेंस संस्थाओं की ओर से फाइनेंस किया गया था। इसमें ग्रीन फील्ड (नए) प्रोजेक्ट्स, कुल फाइनेंस किए गए प्रोजेक्ट्स की लागत के 89 प्रतिशत थे। रिपोर्ट में बताया गया कि इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में सबसे ज्यादा पूंजीगत निवेश आ रहा है, जिसमें रोड, पुल और पावर सेक्टर मुख्य हैं। आरबीआई की ओर से जारी किए जाने वाले मासिक बुलेटिन "स्टेट ऑफ इकोनॉमी" में कहा गया था कि आय बढ़ने के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मांग में इजाफा देखने को मिल रहा है। मांग में कमी होने के कारण अब तक कम हुए निजी निवेश को इससे प्रोत्साहन और विकास दर को सहारा मिलेगा। आरबीआई की रिपोर्ट में आगे कहा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में हल्का धीमापन दिखने के बाद मांग में तेजी देखने को मिल रही है।



# भारत बंद का पलामू में असर, चौक-चौराहे जाम, नेशनल हाइवे पर पसरा रहा सन्नाटा

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** भारत बंद का पलामू जिले में असर देखा जा रहा है। चौक-चौराहे जाम हैं। नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे पर सन्नाटा पसरा हुआ है। आंदोलनकारी मेदिनीनगर, हुसैनाबाद, पांकी, छतरपुर, बिश्रामपुर सहित अन्य इलाकों में सड़क पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं। जिला मुख्यालय डालटनगंज में छहमुहान, कचहरी चौक, सदीक चौक, रेडमा चौक को जाम कर दिया गया है। सड़क पर जाम लगाने के लिए बड़े वाहनों को आड़ा टेढ़ा करके लगाया गया है। पूरा शहर जाम रहने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। छहमुहान पर सारे आंदोलनकारी धरना दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि यह बंदी अनुसूचित जाति व जनजाति आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ की गई है। बंद का आह्वान अनुसूचित जाति आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति, भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और विभिन्न संगठनों की ओर से किया गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद की ओर से बंद का समर्थन किया गया है। झामुमो के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा अपने समर्थकों के साथ बंद कराते नजर आए। बंदी रात आठ बजे तक के लिए आहूत की गई है।

आंदोलन कर रहे लोगों का कहना है कि क्रीमी लेयर के बहाने आरक्षण खत्म करने का रास्ता खोला गया है। उन्होंने कहा कि अभी भी अनुसूचित जाति जनजाति समाज के लोग अपेक्षित हैं और मुख्यधारा से जुड़ नहीं पाए हैं। ऐसे में संविधान प्रदत आरक्षण के साथ छेड़छाड़ नहीं किया जाए। बंद के दौरान अपील की जा रही है कि आम जनता घरों से बाहर न निकले। मॉल, दुकान, कार्यालय, बैंक, एटीएम, मंडी, मार्केट, बाजार, फैक्ट्री, कंपनी, वर्कशॉप, पर्यटन स्थल आदि सब बंद कराने की कोशिश की जा रही है। सुबह 11 बजे तक डालटनगंज शहर की दुकानें बंद थी और सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ था।



## क्या है सुप्रीम कोर्ट का निर्णय

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर को लेकर फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा है कि सभी एससी-एसटी जातियां और जनजातियां एक समान वर्ग नहीं हैं। कुछ जातियां अधिक पिछड़ी हो सकती हैं, जो पिछड़ी हैं उनके लिए राज्य सरकारें एससी-एसटी आरक्षण का वर्गीकरण (सब-क्लासिफ़िकेशन) कर अलग से कोटा निर्धारित कर सकती है। ऐसा करना संविधान के आर्टिकल-341 के खिलाफ नहीं है लेकिन इसमें भी राज्य सरकार को दो शर्तों का ध्यान रखना होगा। पहला एससी के भीतर किसी एक जाति को सौ फीसदी कोटा नहीं दे सकती और दूसरा कोटा तय करने से पहले उनकी हिस्सेदारी का पुख्ता डेटा होना चाहिए।

## हुसैनाबाद में भारत बंद का रहा मिलाजुला असर

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद में भारत बंद का मिला जुला असर देखने को मिला। शहर में ज्याददातार दुकाने बंद और कुछ कुछ दुकानें खुली मिली,जपला से मेदिनीनगर, जपल से नवीनगर, औरंगाबाद, गढ़वा छतरपुर आदि जगहों पर जाने वाली लंबी दूरी का वाहन सड़कों पर नहीं चली।वहीं अंबेडकर चौक पर एक जेनरल दुकान खुले रहने पर बसपा कार्यकर्ताओं व दुकानदार में नोकझोंक हुई।कुछ लोगों ने समझा बुझाकर मामला को शांत कराया। मालूम हो कि एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर के मामले में प्रदर्शन दलित संघठनो का हो रहा है। जिसका समर्थन राजद, जेएमएम व बसपा पार्टी का है, हुसैनाबाद में जेएमएम, राजद कार्यकर्ताओं के द्वारा बंद के समर्थन में मुख्य बाजार में शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। इस कार्यक्रम में जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, डॉ. एजाज आलम, राज अली, राजद नेता रामजनम सिंह, सहित कई लोग शामिल थे।



## केतार में भारत बंद का मिला-जुला असर, बंद समर्थकों को पुलिस ने लिया हिरासत में



**केतार।** अनुसूचित जाति व जनजाति आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में दलित संगठनों के द्वारा भारत बंद का केतार प्रखंड में मिला-जुला असर दिखा। इस भारत बंद का कांग्रेस, झामुमो, बासपा, राजद और लोक अधिकार पार्टी ने समर्थन किया। बुधवार की सुबह से ही बंद समर्थकों और राजनीतिक दलों के नेताओं ने कोल मोड़ स्थित भवनाथपुर मुख्य पथ, खरौंधी मुख्य पथ और कांडी मुख्य पथ को जाम कर दिया। इससे आवागमन करने में लोगों को काफी परेशानी हुई। सड़क पर गाड़ीयों की लंबी कतार लग गई। इस मौके पर समाजसेवी अजय वर्मा और झामुमो नेता कामेश्वर सिंह ने कहा की एक अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने दलित समाज के आरक्षण को लेकर जो फैसला सुनाया है वह सरासर ग़लत है, इसका विरोध में हम सभी लोग दलित समाज के साथ भारत बंद के समर्थन में उतरे हैं। उन्होंने कहा की सुप्रीम कोर्ट इस फैसले को निरस्त करें और संविधान द्वारा जो आरक्षण मिला है उसे नवीं अनुसूची में शामिल कर दलित और पिछड़े , आदिवासी समाज के लोगों को उचित आरक्षण दिया जाये। वहीं करीब दो बजे थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने बंद समर्थकों की गिरफ्तार कर थाना लाया गया। इसके बाद जाम हटा और सड़क पर आवागमन शुरू हुआ। इस मौके पर महेंद्र पाल, बिंदु राम, रमेश राम, मनोरंजन गुप्ता, छोटन सिंह, अवधेश राम, धर्मेन्द्र कुमार राम, समरेश राम, अमलेश भारती, राजू सिंह, गुडन पासवान, सुनील राम, दिनेश वर्मा, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## खरौंधी में रहा बंद का मिलाजुला असर



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में भारत बंद का मिलाजुला असर देखा गया। खरौंधी मुख्य बाजार में अधिकांश दुकानें बंद रहीं, जबकि कुछ स्थानों पर आवश्यक सेवाओं से संबंधित दुकानें खुली रहीं। बंद के दौरान सार्वजनिक परिवहन पर भी असर पड़ा, जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़कों पर झामुमों नेता सह जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान के नेतृत्व में बंद समर्थकों द्वारा जुलूस निकाले गए और खरौंधी कोन मोड़ पर बंद समर्थक सड़क के बीचोबीच टेंट लगाकर प्रदर्शन भी किया। व्यापारिक संघ और संगठनों ने बंद का समर्थन किया, जिससे बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। हालांकि, सरकारी कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में उपस्थिति सामान्य रही। थाना प्रभारी अनिमेष शान्तिकारी के द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से निपटा जा सके।ग्रामीण इलाकों में बंद का असर अपेक्षाकृत कम देखा गया, जहां जनजीवन सामान्य रहा। कुल मिलाकर, खरौंधी में भारत बंद का असर मिश्रित रहा, जिसमें प्रखंड के कुछ हिस्सों में व्यापक समर्थन देखा गया, जबकि कुछ क्षेत्रों में इसका प्रभाव कम ही दिखाई दिया। मौके पर पूर्व जिलापरिषद प्रत्याशी श्यामसुंदर राम, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, हिफाजत अंसारी, विनोद यादव, सिया राम, राकेश उरांव, विजय मेहता, जाकिर हुसैन, अजित यादव, मुहब्बत हुसैन, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## क्रीमीलेयर आरक्षण को लेकर मेराल का मुख्य पथ 5 घंटे तक रहा जाम

**मेराल।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा क्रीमीलेयर आरक्षण पर दिए गए निर्णय के विरोध में बुधवार को मेराल बस स्टैंड में एनएच 75 पर बहुजन समाज पार्टी एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता ने 5 घंटे तक मुख्य सड़क को जाम रखा। इस दौरान छोटी बड़ी वाहनों का परिचालन दोपहर 3:30 तक बंद रहा। जामकर्ताओं ने बस स्टैंड के दवा दुकान छोड़कर सभी दुकानों को बंद कराया। बंदी के दौरान चौराहे को चारों तरफ से रस्सी एवं बैरिकेडिंग से घेराबंदी किया गया। बंदी समर्थकों ने टायर जलाकर डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे बहन संविधान जिंदाबाद का नारा लगा रहे थे। साथ ही सरकार से आरक्षण में किए गए वर्गीकृत को वापस करने की मांग कर रहे थे। धरना के अंत में बसपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम वीडियो के अनुपस्थिति में प्रखंड कर्मी उर्दू टंकन रिजवान अंसारी को ज्ञापन सौंपा जबकि सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी विष्णु कांत पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

### राष्ट्रव्यापी भारत बंद का बालूमाथ में रहा मिलाजुला असर

## न्यायालय के एससी-एसटी आरक्षण पर वर्गीकरण के विरोध में निकाली रैली

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** बीते दिनों सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए एससी-एसटी आरक्षण वर्गीकरण के विरोध में बालूमाथ में राष्ट्रव्यापी भारत बंद का मिला-जुला असर देखा गया ।अंबेडकर चेतना मंच व सामाजिक संगठन के द्वारा सैकड़ो महिला पुरुष एवं विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने एससी एसटी आरक्षण वर्गीकरण के विरोध में लोडस्पीकर के साथ रैली निकाली गई। रैली बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर नगर से चलकर बालूमाथ मुख्य मार्ग होते हुए बस स्टैंड थाना चौक मुर्पा मोड़ होते हुवे प्रखंड सह अंचल कार्यालय गेट तक गई और वहां से वापस मुरपा मोड़ चौक आ पहुंची और रैली सभा में तब्दीन हो गई। रैली के दौरान एससी-एसटी वर्गीकरण नियम वापस लो.. एससी एसटी पर राजनीति करना बंद करो.. एससी एसटी ओबीसी जिंदाबाद सहित कई नारे लगाए गए. सभा के संबोधन में अंबेडकर चेतना मंच के राजद नेता सुरेश राम ने कहा कि यह एससी-एसटी को विभक्त करने का नियम है यह हमें कमजोर करना चाहती है ऐसा कानून व्यवस्था नहीं चलेगी। मौके पर समाजसेवी संजय राम ने कहा कि हमारी एकता अखंडता को तोड़ने की यह साजिश है जो कभी नहीं होगा अगर यह नियम वापस नहीं हुआ तो क्रमबद्ध आंदोलन करेंगे . मौके पर पाढा राजा प्रभु दयाल उरांव ने कहा की यह देश मे राज करने की राजनैतिक नियम है। जो बिल्कुल गलत है एससी एसटी के आरक्षण में छेड़छाड़ हम बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे जरूरत पड़ी तो उग्र आंदोलन करेंगे। मौके पर कांग्रेस नेता मोहम्मद जुबेर चेतना मंच के अध्यक्ष सह राजा नेता मनोज यादव कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव, बिनोद भुइयां सहित कई गण्यमान्य लोगों ने एससी एसटी आरक्षण वर्गीकरण के विरोध में अपनी बातों को रखा। वहीं इस विरोध प्रदर्शन के दौरान बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर एवं बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय दलबल के साथ रैली के साथ भ्रमणशील रहे। विरोध में यातायात व्यवस्था ठप करने का प्रयास किया गया पर अंबेडकर चेतना मंच के द्वारा रोक दी गई।

## ऑनलाइन मोड में होगा बिरसा पीएम फसल बीमा का पंजीकरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** जिला कृषि पदाधिकारी ने प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, जनसेवक व कृषि मित्रों को आदेश जारी किया है। जिसमें बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2024 - 25 का सफल क्रियान्वयन अतिआवश्यक और अतिशीघ्र करने का निर्देश दिया गया है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत कृषकों को अधिक से अधिक आच्छादित करने और योजना का प्रचार प्रसार करने का दिशा निर्देश प्राप्त है। उन्होंने कहा कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को वर्ष 2024 - 25 से पूरे झारखंड राज्य में कार्यान्वित की जा रही है। जिसके अन्तर्गत मौसम खरीफ 2024 - 25 में अगहनी, धान, भदई, मकई फसलों का बीमा किया जाना है। इस योजना का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31अगस्त तक निर्धारित है।

### करीलगडवा गांव में नदी पर पुल न होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

## नक्सलियों के कारण सड़क भी रह गई अधूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा(चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के बौधाडीह पंचायत अंतर्गत करीलगडवा गांव में नदी पर पुल का ना होना ग्रामीणों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। नदी पर पुल न होने से बारिश होने के बाद कई घंटों तक ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय व पंचायत मुख्यालय से संपर्क टूट जाता है जिससे उन्हें अपनी दैनिक आवश्यकताओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है।ग्रामीण ब्लेन्दर कुमार,मोहन गंझू राजेश गंझु,बुधन गंझु, भादे सिंह भोक्ता,समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि नदी पर पुल की अनुपस्थिति के कारण वे अपने आवश्यक कार्यो को नही कर पाते हैं।उन्होंने कहा कि यह समस्या बरसात के मौसम मे बारिस होने के बाद कई घंटों तक गंभीर हो जाती है, जब नदी में पानी बढ़ जाता है तो ग्रामीणों का संपर्क प्रखण्ड व पंचायत मुख्यालय से टूट जाता है। हालांकि हाल ही में प्रखंड मुख्यालय से उक्त गांव को जोड़ने के लिए प्रशासन द्वारा सड़क की स्वीकृति दी गई थी और उसमें संवेदक के द्वारा काम भी चालू किया गया था लेकिन नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे फलौरी मशीन को आग के हवाले कर दिया था तब से सड़क निर्माण का कार्य बाधित है।वही पुनः ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी पर पुल के साथ सड़क निर्माण करने की मांग की है, ताकि वे अपने दैनिक कार्यों को आसानी से कर सकें।

उन्होंने कहा कि पुल व सड़क के निर्माण से न केवल उनका संपर्क प्रखंड व पंचायत मुख्यालय से सुधरेगा, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सकता है।वही इस सम्बंध में मुखिया अनिता देवी ने काहा की उपायुक्त महोदय के समक्ष पूर्व में भी यह समस्या रखी गई है एक बार पुनः उपायुक्त महोदय का ध्यान आकृष्ट करना चाहेंगे कि गाँव मे उक्त स्थान पर पुल का निर्माण हो ताकि ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिल सके।

### हुसैनाबाद में पल्स पोलियो अभियान की तैयारी पर विशेष बैठक

## 59,490 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद ।** आगामी 25 अगस्त से शुरू होने वाले पल्स पोलियो राष्ट्रीय कार्यक्रम की सफलता के लिए हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण अनुमंडल स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई और उनकी जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार ने बताया कि इस पोलियो अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष तक के 59,490 बच्चों को पोलियो की दो बूंदें पिलाई जाएंगी। इसके लिए 213 टीमों के 426 स्वास्थ्य कार्यकर्ता कार्यरत रहेंगे। इसके अलावा, 7 ट्रांजिट टीम और 1 मोबाइल टीम भी तैनात की जाएगी। कार्यक्रम के सही तरीके से संचालन के लिए 37 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे। विशेष ध्यान देने के लिए टीमों को झुग्गी झोपड़ियों, ईंट भट्टों और मलिन बस्तियों पर फोकस करने का निर्देश दिया गया है। जिन स्कूलों में पोलियो बूथ बनाए गए हैं, उन्हें समय से खोलने की जिम्मेदारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को सौंपी गई है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि 10 अगस्त 2024 से चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में अब तक 34.28 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हो चुकी है। अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा ने इस संबंध में निर्देश दिया कि कार्य में और तेजी लाई जाए ताकि बाकी बचे दिनों में शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा किया जा सके। बैठक में प्रमुख रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जेएसपीएलएस हुसैनाबाद और हैदरनगर के प्रतिनिधि, सुमति कुमारी, रोशनी कमल मुचु, दिलीप, कर्ण पटेल, आशीष रंजन, नीलेश कुमार, दुर्वेश कुमार, मुन्ना कुमार मेहता, पुष्पेंद्र (सीएचओ), बिमलेश कुमार, दिलीप, अशोक कुमार( एमपीडब्ल्यू), विमल हेमरोम( पीएमडब्ल्यू) आदि उपस्थित थे।

## खेत में मवेशी घुसने के मामले में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पीपरबार गांव निवासी हरेंद्र कुमार और सूबेदारबिगहा गांव निवासी जाफर अली खान के बीच खेत में मवेशी चले जानें को उत्पन्न विवाद में दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई है। इस संबंध में प्रथम पक्ष के हरेंद्र कुमार ने हुसैनाबाद थाना में जाफर अली खान समेत 12 लोगों के खिलाफ़ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है की मेरा मवेशी जाफर अली खान के धान के खेत में चला गया था। वह खेत से मवेशी लेकर जा रहें थे, जब हमने पूछा की मवेशियों को कहां लेकर जा रहें है, इतना सुनते ही जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुये पीटना शुरू कर दिया। कुछ देरी के बाद जाफर अली खान समेत दस बारह लोग हमारे घर में घुसकर घर की महिलाओं के साथ छेड़ छाड़ करने लगे, गांव के लोगों को आता हुआ देखकर सभी लोग वहां से फरार हो गए। वहीं जाफर अली खान ने दर्ज प्राथमिकी में कहा हैं कि हमारे खेत में जानवर घुसा था, उस जानवर को बाहर कर दिया। उसी रात पीपरबार गांव जाकर लोगों से कहा की अपना अपना जानवर बंधकर रखें, नहीं तो गांव में पंचायत बुलाएंगे, इतना सुनते ही लोगों ने गाली गलौज देते हुए हरेंद पासवान समेत कई लोगों ने लाठी डंडे से पिटाई शूरू कर दी।

## न्यूज बॉक्स

### चलती बाइक में शॉर्टसर्किट से लगी आग

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के पालनगर गांव के समीप शार्ट सर्किट से बाईक में आग लग गई।इस घटना में बाईक सवार महेंन्द्रा फाइनेंस के वसुली ऐजेंट अनपरा उत्तर प्रदेश निवासी प्रतिक कुमार बाल-बाल बच गये। जानकारी के अनुसार प्रतिक कुमार खैरवा गांव में महेंद्रा ट्रैक्टर का बकाया लोन का पैसा लेने के लिए गया था। वहां से लौटने के क्रम में पालनगर गांव के समीप बाईक में आग लग गई। सड़क किनारे खड़े ग्रामीणों ने बाईक सवार का हल्ला कर बताया। हालांकि ग्रामीणों की सूझबूझ से बाईक पर पानी और बालू डालकर आग को बुझा दिया गया।

### रक्षाबंधन उत्सव पर कर्नल संजय की हुंकार बहनों की रक्षा के लिए सदैव रहूंगा तैयार



**हुसैनाबाद।** रक्षाबंधन के मौके पर हुसैनाबाद स्थित किसान ब्रिगेड कार्यालय परिसर में हुसैनाबाद विधानसभा के विभिन्न गांवों से आयी हजारों बहनों ने कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह की कलाई पर राखी बांधी और सुख दुःख में साथ निभाने का वचन लिया।सभी बहनों को कर्नल संजय सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कर्नल संजय सिंह ने सभी बहनों के मान-सम्मान की रक्षा करने का संकल्प लिया और कहा कि वे बहनों को उनका अधिकार दिलाने के लिए हमेशा खड़े रहेंगे। हर बहन को इतना सामर्थ्यवान बनायेंगे कि वह पति या बेटे पर निर्भर न रहे, बल्कि इतनी सक्षम बने कि मायके आयी बेटी-दामाद की विदाई अपने पैसे से कर सके। उन्होंने क्षेत्र के समुचित विकास के लिए माताओं बहनों से कर्मठ और ईमानदार जनप्रतिनिधि चुनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अब आप सभी के दरवाजे पर तरह-तरह के धुरंधर, पुराने पापी लोग ईमानदारी का मुखौटा लगाकर आपके पास आयेंगे, वोट मांगेंगे और जीतने के बाद आपको ही परेशान करेंगे।

## पेज एक का शेष

**सड़क पर उतरे...**
कम रहा पब्लिक ट्रांसपोर्ट का परिचालन : कांटाटोली स्थित खादगढा बस स्टैंड से लंबी दूरी के वाहन दिन में नहीं चले। जिससे विभिन्न जिलों में आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हुई। शाम होते-होते स्थिति सामान्य हुई और सड़क पर वाहन दिखने लगे। वहीं अन्य जिलों व राज्यों के लिए रात में बसें आमदिनों की तरह चलीं।

**राजधानी में भारी...**
सभी थाना प्रभारी को पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया है। सभी डीएसपी के साथ क्यूआरटी को लगाया गया। तैनात पुलिस कर्मियों को उत्पात मचाने और तोड़फोड़ करने वाले बंद समर्थकों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया गया है।

**45 सालों में...**
पोलेंड में भारतीय निवेश लगभग 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। वहीं भारत में पोलेंड का निवेश लगभग 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। पीएम मोदी यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष के रूप में पोलैंड के अपने समकक्ष से चार बार मिल चुके हैं। उन्होंने मार्च 2022 में राष्ट्रपति डूडा से फोन पर बात की थी। यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को निकालने में पोलैंड ने जो सहायता दी, उसके लिए धन्यवाद दिया था। साल 2022 में पोलैंड के रास्ते 4000 से अधिक भारतीय छात्रों को निकाला गया था। पीएम मोदी ने वर्ष 2001 में गुजरात भूकंप के दौरान पोलैंड द्वारा दी गई सहायता को भी याद किया। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पोलैंड के कई परिवारों और युवा अनाथों को बचाने में जामनगर के महाराजा द्वारा निभाई गई भूमिका को भी याद किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, पोलैंड में कई भारतीय कंपनियों की सक्रिय उपस्थिति है और वे आईटी से लेकर फार्मास्यूटिकल्स, विनिर्माण से लेकर कृषि वाहनों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टील, धातु और रसायन तक कई क्षेत्रों में कार्यरत हैं। भारत में पोलैंड की लगभग 30 कंपनियों की उपस्थिति है।

**चंपाई बनायेंगे अपनी...**
चंपाई की इस घोषणा से भाजपा में शामिल होने के कयासों पर अब विराम लग गया है। हालांकि उन्होंने अभी तक नहीं बताया है कि उनकी पार्टी का क्या नाम होगा। इससे पहले कहा जा रहा था कि बीजेपी के कुछ बड़े नेताओं के संपर्क में चंपाई सोरेन थे। मगर ऐन वक्त पर खेल बिगड़ गया और दिल्ली यात्रा उनकी राजनीतिक नहीं बल्कि निजी हो गई। कहा जा रहा है कि प्रदेश स्तर के कुछ बीजेपी नेताओं ने ही खेल बिगाड़ने का काम किया और चंपाई के भाजपा में इंट्री से पहले ही इस पर विराम लग गया। अब सभी को उनका अगला कदम क्या होगा, इसपर निगाहें टिकी है।

**चंपाई का एस्कॉर्ट...**
दुर्घटना में घायल सभी लोगों को सदर अस्पताल ले जाया गया। शव को भी सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों को प्राथमिक चिकित्सा दी गई। दुर्घटना में मृत चालक का नाम विनय बानसिंह (45) है। वह पश्चिमी सिंहभूम जिला के खूंटपानी प्रखंड के भोया गांव का रहने वाला था। जबकि वाहन सवार पांच जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल सभी जवानों को इलाज के लिए सरायकेला सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए सभी को जमशेदपुर रेफर कर दिया गया। घायल पुलिसकर्मियों की पहचान दयाल महतो (47), मनोज भगत (40), हरीश लागुरी (25), सिलास विल्सन और सावन हेंब्रम (38) के रूप में हुई है।

**पूर्व डीसी छवि...**
चिह्नित प्रेम प्रकाश सहित जमीन के दस्तावेज में जालसाजी करने वालों के साथ छवि रंजन के मधुर संबंधों और उन्हें मदद पहुंचाने से संबंधित तथ्य मिले है। चार मई को पूछताछ के दौरान छवि रंजन ने खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश की थी। इस दौरान उन्होंने सभी आरोप अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर मढ़ते रहे। वहीं, छवि रंजन ने प्रेम प्रकाश से मिलने की बात से भी इनकार किया। हालांकि, जमीन घोटाले से जुड़े दस्तावेज को दिखा कर पूछे गये सवालों में छवि रंजन उलझ गये। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

**शक्तिकांत लगातार दूसरी...**
स्थिरता और ब्याज दरों के मैनेजमेंट के आधार पर दी जाती है। ग्लोबल फाइनेंस के संस्थापक और एडिटोरियल डायरेक्टर जोसेफ जियारापुटो ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में केंद्रीय बैंकों ने महंगाई को कम करने के लिए अपने प्राथमिक विकल्प अधिक ब्याज दरों को उपयोग किया है, अब पूरी दुनिया में महंगाई में कमी देखने को मिल रही है।

**जमशेदपुर पूर्वी से...**
मंत्री अशोक चौधरी से सवाल जब पूछा गया कि झारखंड विधानसभा चुनाव में जदयू कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी तो उन्होंने कहा कि चुनाव एनडीए के बैनर तले लड़ा जाएगा। समय आने पर तय होगा कि चुनाव कितने सीटों पर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विशेष आग्रह कर सरयू राय को जदयू में शामिल कराया गया है।। अशोक चौधरी ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में पूरे झारखंड में एनडीए का परचम लहराएगा। झामुमो और कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जो कमजोर होते हैं वही लोग भीतरी-बाहरी का राग अलापते हैं। लेकिन इस बार चुनाव में साफ हो जाएगा कौन भीतरी है कौन बाहरी है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# काम पर वापस लौटें डॉक्टर : एम्स निदेशक

## नई दिल्ली के जंतर मंतर पर हजारों डाक्टरों ने किया प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक ने कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर हड़ताल कर रहे डॉक्टरों से काम पर वापस लौटने की अपील की है। इसके साथ चिकित्सकों की चिंताओं के निवारण के लिए विशेष समिति का गठन किया है। निदेशक ने मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी डॉक्टरों से काम पर वापस आने की अपील की है। वहीं, रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने अपनी मांगों की पूर्ति तक हड़ताल जारी रखने का फैसला किया है। एम्स, नई दिल्ली के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने इस मामले में कहा कि वो मरीजों की देखभाल के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए बुधवार को जंतर-मंतर से ओपीडी सेवाएं देते रहे और प्रदर्शन करते रहे। एम्स के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने जारी विज्ञप्ति में कहा, आरजी कर एमसीएंडएच और उससे जुड़े मुद्दों पर संज्ञान और हाल के फैसले के लिए सुप्रीम कोर्ट के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। हम अपने स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रभावित करने वाले ज्वलंत मुद्दों पर कोर्ट के ध्यान की सराहना करते हैं। जंतर मंतर पर बुधवार को आरएमएल, सफदरजंग अस्पताल, एम्स और लेडी हार्डिंग, जीबी पंत अस्पताल के डॉक्टर्स धरना प्रदर्शन करने पहुंचे। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने जोर देकर कहा कि जब तक सीबीआई की रिपोर्ट सामने नहीं आती, तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने तत्काल न्याय और केंद्रीय सुरक्षा कानून की मांग की, जिसे लागू किया जाना चाहिए।



### आरजी कर अस्पताल में तोड़फोड़ मामले में दो एसीपी, एक इंस्पेक्टर निलंबित

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 14 अगस्त की रात हुई तोड़फोड़ के मामले में ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में तीन पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इस महीने की शुरूआत में अस्पताल में एक महिला ट्रेनी डॉक्टर की बलात्कार और हत्या के बाद 14 अगस्त की रात बाहर से आए असामाजिक तत्वों ने कोलकाता में सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आपातकालीन विभाग में तोड़फोड़ की थी। आरोप है कि उन्होंने हत्या के साक्ष्य मिटाने के भी प्रयास किये।

### दोषियों को बचाने के लिए ममता बनर्जी सरकार ने सबूत मिटाए : तरुण चुघ

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर की बलात्कार और हत्या मामले में भाजपा प्रवक्ता तरुण चुघ ने कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी पार्टियों पर जानबूझकर चुप्पी साधने का आरोप लगाया है। तरुण चुघ ने बुधवार को आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने जानबूझकर इस गंभीर मुद्दे पर मौन साध लिया है, जबकि भारतीय जनता पार्टी पीड़ित परिवार के साथ पूरी तरह से खड़ी है और देश की भावनाओं का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह का उद्घाटन करेंगी राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह का उद्घाटन गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। भारत मंडपम में आयोजित होने वाले इस आयोजन में चंद्रयान तीन द्वारा जमा किए गए डेटा को सार्वजनिक किया जाएगा। बुधवार को नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेसवार्ता में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, पिछले साल 23 अगस्त के दिन, भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी हिस्से पर चंद्रयान-3 उतारकर इतिहास रचा था। यह पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस है। यह न केवल उत्सव का दिन है, बल्कि चिंतन और आत्मनिरीक्षण और भविष्य के लिए रूपरेखा तैयार करने का भी दिन है। एक तरह से यह हर नागरिक के दिल को छूने वाला अवसर है, नई नीति आने और अंतरिक्ष क्षेत्र के उदारीकरण के साथ, हमने इस क्षेत्र में पिछले 3-4 वर्षों में एक लंबी छलांग लगाई है। उन्होंने कहाकि हम अगले 10 वर्षों में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में 5 गुना वृद्धि करेंगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान-3 मिशन के दौरान चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। इस वर्ष के उत्सव का विषय चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना : भारत की अंतरिक्ष गाथा है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारत मंडपम में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी।



## कमला हैरिस के साथ एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा अमेरिका : ओबामा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की तारीफ की और कहा, कमला हैरिस के साथ अमेरिका एक नए अध्याय की शुरूआत करने के लिए तैयार है। उन्होंने शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन को संबोधित करते हुए यह बात कही। दरअसल, मंगलवार से यहां चार दिवसीय कार्यक्रम शुरू हुआ है। इस कार्यक्रम के दौरान ओबामा ने कहा, कमला हैरिस अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए पूरी तरह से तैयार है और अमेरिका एक नए अध्याय का इंतजार कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, अमेरिका एक नई और बेहतर कहानी का इंतजार कर रहा है। हमारे पास ऐसे व्यक्ति को चुनने का मौका है, जिसने अपना पूरा जीवन लोगों को समान अवसर देने की कोशिश में बिताया है। मुझे 16 साल पहले राष्ट्रपति पद के लिए इस पार्टी के नामांकन को स्वीकार करने का सम्मान मिला था। ओबामा ने कहा, मैं बिना किसी सवाल के कह सकता हूं कि आपके उम्मीदवार के रूप में मेरा पहला बड़ा फैसला आपके सबसे अच्छे मित्रों में से एक के रूप में सामने आया।



## 28 अगस्त को देशव्यापी बैंक हड़ताल




**रांची/नई दिल्ली।** बैंक यूनियनों के पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के विरोध में 28 अगस्त को देशव्यापी बैंक हड़ताल का आह्वान किया गया है। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ के संयोजक डी एन त्रिवेदी ने बताया कि प्रस्तावित हड़ताल राजनीतिक दबाव में बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियन के पदाधिकारियों को आरोप पत्र दिए जाने पर तमाम बैंक यूनियनों ने विरोध जताया है। उन्होंने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ के तेरह पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की गई है इनमें से चार पूर्व सैनिक हैं और उन्होंने कारगिल युद्ध में भाग लिया था। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के मल सिंह ने बताया कि 13 पदाधिकारी केरल के हैं। यूनियन पदाधिकारियों को सामूहिक रूप से आरोप पत्र दिए जाने के विरोध में बैंक ऑफ इंडिया स्टॉफ यूनियन ने प्रबंधन के खिलाफ सभी बैंक यूनियनों के साथ हड़ताल करने का फैसला किया है।

## ईरान में पाकिस्तानी तीर्थयात्रियों से भरी बस का एक्सीडेंट, 28 की मौत

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान के यज्द शहर में मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। ईरान से इराक जा रहे तीर्थयात्रियों की बस सड़क हादसे का शिकार हो गई। इसमें 28 पाकिस्तानी नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 23 अन्य घायल हो गए। तेहरान में पाकिस्तान के राजदूत ने बुधवार को इस घटना की पुष्टि की। ईरान में पाकिस्तान के राजदूत मुदस्सिर टीपू ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया, धार्मिक यात्रा के दौरान 28 पाकिस्तानी



जायरीन की मंगलवार देर रात यज्द शहर में एक सड़क हादसे में मौत हो गई।

## जेपी नड्डा ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर बिन इब्राहिम से की मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम से मुलाकात की। 'भाजपा को जानो' कार्यक्रम के तहत मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति पर विचार किया। भाजपा की ओर से जारी



विज्ञप्ति के अनुसार भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और मलेशिया प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम के बीच पिछले दशक में दोनों देशों के बीच संबंधों में वृद्धि पर चर्चा की गई है। दोनों देशों के बीच सहयोग, विशेष रूप से शिक्षा, रोजगार और आयुर्वेद के क्षेत्रों में भविष्य में संभावनाओं पर चर्चा की गई। नेताओं ने विचारों के आदान-प्रदान के साथ पार्टी-से-पार्टी संबंधों को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** पशु चिकित्सा विज्ञान की एक विशेष शाखा है जिसमें जानवरों और पक्षियों में विभिन्न प्रकार के रोगों का उपचार होता है। यह मानव चिकित्सा विज्ञान के समान है क्योंकि उनका प्राथमिक उद्देश्य भी बीमारियों की रोकथाम, उन्मूलन और जैविक जीवों को स्वस्थ जीवन देना है। पशु चिकित्सक कैसे बने, इसके लिए आपको पशु चिकित्सा विज्ञान में बैचलर डिग्री के बाद पशु चिकित्सा विज्ञान में डीएम या कोई विशेष पशु चिकित्सक बनने के लिए स्पेशलाइजेशन भी हासिल करनी होगी। पशु चिकित्सकों या पशु चिकित्सा डॉक्टरों को आमतौर पर 'पशु चिकित्सक' कहा जाता है क्योंकि वे उन पालतू जानवरों, पशुओं और अन्य जानवरों का निदान और इलाज करने में माहिर होते हैं, जो बीमारियों का सामना कर रहे हैं। पशु चिकित्सक कैसे बने के तरीके को समझने के लिए जरूरी है वक्सीनेशन और चेक अप कर के इम्युनिटी के लिए देखभाल प्रदान करना।

# पशु चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर करियर के कई विकल्प

### क्यों करे **पशु चिकित्सा** की पढ़ाई



- जानवरों की जांच करना, घावो का इलाज करना और सर्जरी करना।
- जानवरों की आपातकालीन देखभाल और इच्छा मृत्यु प्रदान करना।
- जानवरों के मालिकों को देखभाल और दवाएँ देने के बारे में सलाह देना।

*पशु चिकित्सक शहरी क्षेत्रों में काम करना चुन सकते हैं जहां वे घरेलू पालतू जानवरों या सरकारी सहायता प्राप्त पशु देखभाल केंद्रों और पशु पालन विभागों को संभालने की ज़िम्मेदारी उठा सकें। इसके अलावा, वे खेतो में काम करने वाले पशुओं के रोगों के उपचार और निदान की सुविधा के लिए भी जाते हैं।*

### दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटीज

- रॉयल वेटरनरी कॉलेज, लंदन विश्वविद्यालय
- **कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, डेविस**
- यूट्रेक्ट विश्वविद्यालय
- कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय
- **कर्नेल विश्वविद्यालय**
- एडिनबर्ग विश्वविद्यालय
- **गुएल्फ़ी विश्वविद्यालय**
- ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी
- **सिडनी विश्वविद्यालय**
- लिवरपूल विश्वविद्यालय
- **मिशिगन स्टेट विश्वविद्यालय**
- कोपेनहेगन विश्वविद्यालय



### पशु चिकित्सकों के प्रकार

1. पालतू जानवरों के पशु चिकित्सक आमतौर पर निजी अस्पतालों में पाए जाते हैं और बिल्लियों, कुत्तों, पक्षियों आदि को उपचार प्रदान करते हैं।
2. कैटल एनिमल के पशु चिकित्सक भेड़, बकरी जैसे जानवरो की बीमारी और चोटों से निपटने के लिए पशुपालकों को पशुओं के भोजन और अन्य स्वास्थ्य पद्धतियों के बारे में जागरुक करते है।
3. फ़ूड सिक्योरिटी और इंस्पेक्शन पशु चिकित्सक आम तौर पर जानवरों और मनुष्यों के बीच संचारित होने वाले पशु रोगों की रोकथाम खोजने के लिए शोध करते हैं।
4. घोड़े के पशुचिकित्सक घोड़ों के उपचार की सुविधा प्रदान करते है।
5. अनुसंधान पशु चिकित्सक नए निदान और शल्य चिकित्सा तकनीक के अनुसंधान में शामिल होते हैं।

### अतिरिक्त योग्यता भी **हासिल करें**

एक पशु चिकित्सक के रूप में, आप सर्जरी, आंतरिक चिकित्सा, दंत चिकित्सा, रेडियोलॉजी, व्यवहार, प्रयोगशाला पशु चिकित्सा, पोषण, आपातकालीन और महत्वपूर्ण देखभाल जैसी अतिरिक्त योग्यता प्राप्त करने पर विचार कर सकते हैं। आपके पास अतिरिक्त योग्यता के प्रमाण पत्र के लिए पात्र होने के लिए 3-4 साल का अनुभव या अतिरिक्त प्रशिक्षण होना चाहिए।

### **भारत** के टॉप कॉलेज

- इंडियन वेटरनरी रिसर्च इंस्टिट्यूट (आईवीआरआई), बरेली
- नैशनल डेरी रिसर्च इंस्टिट्यूट (एनडीआरआई), कर्नल।
- गोविंद बल्लभपंत यूनिवर्सिटी ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, पंत नगर
- वेटरनरी कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट (वीसीआरआई), चेन्नई
- कॉलेज ऑफ़ वेटरनरी मेडिसिन एंड एनिमल साइंसेज(सीवीएएस), बीकानेर
- मुंबई यूनिवर्सिटी (एमयू)
- अन्नामलाई यूनिवर्सिटी (एयू), चिदंबरम
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू)
- जूनागढ़ एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, जूनागढ़ी
- सरदार वल्लभभाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी
- चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी